
Chapterwise 7000+ TCS MCQs

# सामान्य ज्ञान ड्रिल


Also Available on amazon Flipkart




WhatsApp No.: 888-27-555-63

अब Live Classes आपके Mobile पर

*TotalExam Plus App*



*TotalExam Publication*
*Bhagalpur*

9788199069442

Code : G13 MRP: ₹699.00


सामान्य ज्ञान ड्रिल

TotalExam
जुनून वर्दी का


Chapterwise 7000+ TCS MCQs

# सामान्य ज्ञान ड्रिल

## *Warrior of facts*

***Special for:***
CAPF, NDA, CDS, FCAT, CPO, SSC GD, ARMY, NAVY, AIR FORCE, STATE POLICE

- *Chapterwise Quick Revision points*
- *Examwise/Yearwise PYQs Coverage*
- *100% Detailed solutions*




Books खरीदने के लिए Visit करें
www.forcekit.in



www.totalexam.in
help@totalexam.in
888-27-555-63



Follow Us @ TotalExam

TotalExam
जुनून वर्दी का

# Chapterwise 7000+ TCS MCQs

# सामान्य ज्ञान ड्रिल

## *Warrior of facts*

***Special for:***

**CAPF, NDA, CDS, FCAT, CPO, SSC GD, ARMY, NAVY, AIR FORCE, STATE POLICE**

- ***Chapterwise Quick Revision points***
- ***Examwise/Yearwise PYQs Coverage***
- ***100% Detailed solutions***

Books खरीदने के लिए Visit करें
www.forcekit.in

www.totalexam.in
help@totalexam.in
888-27-555-63

Follow Us @ TotalExam

# 01

# स्टेटिक जी. के.

## नृत्य, संगीत, वाद्ययन्त्र, लोकगीत और चित्रकला

### भारतीय शास्त्रीय नृत्य

| नृत्य | सम्बन्धित तथ्य |
|---|---|
| भरतनाट्यम (दक्षिण भारत) | • भरतनाट्यम मंदिरों को समर्पित नर्तकों की कला से उपजा **तमिलनाडु राज्य** का शास्त्रीय नृत्य है। |
| कथकली (दक्षिण भारत) | • कथकली **केरल राज्य** का शास्त्रीय नृत्य है।<br>• कर्नाटक के राजकुमार के संरक्षण में 17वीं शताब्दी में कथकली अथवा 'लघु-नाटिका' ने केरल में अपना निश्चित स्वरूप प्राप्त किया। |
| मोहिनीअट्टम (दक्षिण भारत) | • मोहिनीअट्टम का नाम 'मोहिनी' शब्द से लिया गया है, जो भगवान विष्णु का स्त्री रूप है, जिसका अर्थ है– मोहिनी नृत्य।<br>• यह स्त्रियोचित शोभा से जुड़ा नृत्य है, जो **केरल के मंदिरों** से सम्बन्धित प्रस्तुतियों से उपजा है। |
| मणिपुरी (पूर्वोत्तर भारत) | • **मणिपुरी** नृत्य भारत के प्राचीन शास्त्रीय नृत्यों में से एक है।<br>• मणिपुर शास्त्रीय नृत्य चोलोम में नृत्य के प्रदर्शन में पुंग और करताल बजाया जाता है। |
| कुचिपुड़ी (दक्षिण भारत) | • कुचिपुड़ी **आन्ध्र प्रदेश** राज्य का नृत्य है, जहाँ यह 7वीं शताब्दी के आरम्भ में भक्ति आंदोलन के परिणामस्वरूप फला-फूला।<br>• कुचिपुड़ी को यह नाम **कुचेलापुरम गाँव** से मिला है। |
| सत्तरिया (सत्रीया) | • सत्तरिया **असम राज्य** का नृत्य है, जो उन भाव-भंगिमाओं को प्रदर्शित करता है, जिनका विकास असम के सत्तराओं अथवा मठों में सोलहवीं सदी के पश्चात् हुआ।<br>• इसकी शुरुआत का श्रेय वैष्णव संत व समाज सुधारक **शंकरदेव** को जाता हैं। |
| ओडिशी (पूर्वी भारत) | • यह **ओडिशा राज्य** का **मन्दिर नृत्य** है। अपने शुरुआती रूप में इसे महरिस अथवा मंदिरों की महिला सेविकाओं द्वारा मंदिर के सेवा कार्यों के रूप में प्रस्तुत किया जाता था। |
| छऊ (पूर्वी भारत) | • छऊ नृत्य मुख्यतः पूर्वी भारत के **ओडिशा, झारखण्ड** व **पश्चिम बंगाल** राज्यों का नृत्य है।<br>• छऊ नृत्य की तीन शैलिया हैं– सेराइकेला छऊ, मयूरभंज छऊ और पुरूलिया छऊ। |
| कथक (उत्तर भारत) | • इसका मुख्य क्षेत्र उत्तर प्रदेश है तथा अन्य क्षेत्र राजस्थान, मध्य प्रदेश और भारत के कुछ पश्चिमी और पूर्वी भाग हैं।<br>• यह कला संभवतः मध्यकाल में दरबारी परिवेश के रूप में रूपान्तरित हो गई और मुगल शासनकाल के दौरान यह अपने चरम पर पहुँची। |

### अर्द्धशास्त्रीय नृत्य

| नृत्य | सम्बन्धित तथ्य |
|---|---|
| कोथू नृत्य | इसका मंचन केरल की चकयार जाति के पेशेवर कलाकारों द्वारा कोथाभवम मंदिर में किया जाता है। |
| पटाकोम नृत्य | यह नृत्य भी केरल से सम्बन्धित है। तकनीक में यह कोथू के ही समान है, किन्तु इसमें नृत्य तत्त्व का अभाव होता है। इसमें कथन को गद्य एवं गीत के माध्यम से व्यक्त किया जाता है। |
| अष्टपदी अट्टम नृत्य | यह भी केरल का अर्द्धशास्त्रीय नृत्य है, जो जयदेव के 'गीतगोविंद' पर आधारित है। |
| यक्षगान नृत्य | यह कर्नाटक का प्रसिद्ध ग्रामीण पृष्ठ भूमि वाला अर्द्धशास्त्रीय नृत्य है, इसकी भाषा कन्नड़ तथा विषय पौराणिक कथाएँ होती हैं। |
| चाक्यारकुंतू नृत्य | केरल राज्य में आर्यों के आगमन के समय से इसका आयोजन मंदिरों में किया जा रहा है। |
| औट्टनतुल्लू नृत्य | यह केरल राज्य का एकाकी नृत्य है, जिसमें सामाजिक विषयों की कथावस्तु होती है। |
| थुलाल नृत्य | यह भी केरल का अर्द्धशास्त्रीय नृत्य है। इसके प्रणेता कुंचन नाम्बियार थे। |
| मीनाक्षीनाटकम नृत्य | यह केरल के पलक्कड़ जिले में प्रचलित नृत्य नाटक है। इसमें मीनाक्षी का पात्र पुरुष द्वारा निभाया जाता है। |
| गौड़िया नृत्य | यह बंगाल का शास्त्रीय नृत्य है, जो संरक्षण के अभाव में विलुप्त होने की कगार पर पहुँच चुका था, किन्तु अब सरकार इसे संरक्षण दे रही है। |

### भारत के प्रसिद्ध नर्तक

| नृत्य | नर्तक |
|---|---|
| ओडिसी | केलुचरण महापात्रा, प्रियंवदा मोहन्ती, इन्द्राणी रहमान, काली चन्द्र, कालीचरण पटनायक, संयुक्ता पाणिग्रही, शेरोन लोवेन (यूएसए), माधवी मुद्‌गल, किरण सहगल, रानी कर्ण, सोनल मानसिंह, भिती बारवी (अर्जेण्टीना), पंकज चरणदास |
| भरतनाट्यम | हेमामालिनी, अरुण्डेल, यामिनी कृष्णमूर्ति, रुक्मिणी देवी, एस. के. सरोज, टी. बाला सरस्वती, सोनल मानसिंह, ई. कृष्ण अय्यर, लीला सैमसन, रामगोपाल, पदमा सुब्रमण्यम्, स्वप्न सुन्दरी, मृणालिनी साराभाई, वैजयन्ती माला, कोमल वरदन, मालविका सरकार, प्रियदर्शिनी गोविन्द |
| कथक | लच्छू महाराज, अच्छन महाराज, सुखदेव महाराज, शम्भू महाराज, नारायण प्रसाद, जयलाल, दमयन्ती जोशी, सितारा देवी, चन्द्रलेखा, भारती गुप्ता, शोवना नारायण, मालविका सरकार, गोपीकृष्ण, बिरजू महाराज, बिन्दादीन महाराज, काजल शर्मा, केशव कोठारी, उमा शर्मा, वंदना सेन, रोशन कुमारी |

| नृत्य | नर्तक |
|---|---|
| कथकली | वल्लतोल नारायण मेनन, कृष्णन कुट्टी, आनन्द शिवरामन, रामगोपाल, शांताराव, उदयशंकर, कृष्ण नायर, टी.टी. राम कुट्टी नैयर, के.सी. पणिक्कर, शंकर कुरूप, थोट्टम शंकरन, गुरु शंकरन नम्बूदरीपाद |
| मणिपुरी | बिम्बावती देवी, गोपाल सिंह, सोनारिक सिंह, चारु माथुर, कलावती देवी, सविता मेहता, झावेरी बहनें, नलकुमार सिंह, आतम्ब सिंह, गुरु अमली सिंह, रीता देवी, थाम्बलयामा, सिंहजीत सिंह, निर्मल मेहता, शांति वर्धन, गुरु विपिन सिंह |
| कुचिपुड़ी | यामिनी कृष्णमूर्ति, राधा रेड्डी, लक्ष्मीनारायण शास्त्री, स्वप्न सुन्दरी, राजा रेड्डी, वेम्पत्ति चेन्नासत्यम, वेदान्तम सत्यनारायण |
| मोहिनीअट्टम | कल्याणी अम्मा, भारती शिवाजी, रागिनी देवी, हेमामालिनी, श्रीदेवी, शांताराव, तारानिदी गादी, गीता गायक, तंकमणी, सेशन मजूमदार |

## भारतीय शास्त्रीय संगीत

| | |
|---|---|
| भारतीय शास्त्रीय संगीत के अन्य नाम | मार्ग संगीत या शास्त्रीय संगीत |
| मूलभूत तत्त्व | राग और ताल |
| उत्पत्ति | सामवेद (पंचम वेद या गंधर्व वेद) |
| भरत का 'नाट्यशास्त्र' | यह दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व और दूसरी शताब्दी ईसवी के बीच किसी समय लिखा गया होगा। नाट्यशास्त्र एक व्यापक रचना या ग्रंथ है, जो प्रमुख रूप से नाट्यकला के बारे में है, लेकिन इसके कुछ अध्याय संगीत के बारे में हैं। इसमें हमें सरगम, रागात्मकता, रूपों और वाद्यों के बारे में जानकारी मिलती है। |
| हिंदुस्तानी एवं कर्नाटक संगीत | वर्तमान शास्त्रीय संगीत की दो पद्धतियाँ प्रचलित हैं: हिंदुस्तानी एवं कर्नाटक।<br>**कर्नाटक** संगीत कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल तक सीमित है।<br>शेष देश के शास्त्रीय संगीत का नाम हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत है। यह माना जाता है कि तेरहवीं शताब्दी से पूर्व भारत का संगीत कुल मिलाकर एक समान था, जो बाद में दो पद्धतियों में विभाजित हो गया। |
| ध्रुपद | यह हिंदुस्तानी संगीत के सबसे पुराने और भव्य रूपों में से एक है। यह नाम 'ध्रुव' और 'पद' शब्दों से मिलकर बना है, जो कविता के छन्द रूप और उसे गाने की शैली दोनों को प्रदर्शित करते हैं।<br>अकबर के शासनकाल में तानसेन और बैजूबावरा से लेकर ग्वालियर के राजा मान सिंह तोमर के दरबार तक ध्रुपद गाने वाले प्रवीण गायकों के साक्ष्य मिलते हैं।<br>यह मध्यकाल में गायन की प्रमुख विधा बन गई, परन्तु 18वीं शताब्दी में यह ह्रास की स्थिति में पहुँच गई। |

## क्षेत्रीय संगीत/लोकगीत

| संगीत का नाम | उत्पत्ति राज्य | प्रमुख विशेषता |
|---|---|---|
| ठुमरी | उत्तर प्रदेश | ठुमरी एक प्रेम गीत है। इन गायन प्रकारों को अर्द्ध या सुगम शास्त्रीय माना जाता है। |
| रसिया गीत | उत्तर प्रदेश | रसिया गीत भगवान कृष्ण की मनोहारी लीलाओ से सम्बन्धित था। |
| पंखिडा | राजस्थान | यह गीत खेतो में काम कर रहे किसानों द्वारा गाया जाता है। |
| लोटिया | राजस्थान | यह चैत्र माह में गाया जाने वाला गीत है, जब महिलाएँ तालाबों से कलश मं पानी भरकर लाती है। |
| शकुनाखर | उत्तराखण्ड | शकुनाखार शिशु स्नान, बाल जन्म, छठी, गणेश पूजा आदि के धार्मिक समाराहो के दौरान गाया जाता है। |
| बारहमासा | कुमाऊँ | कुमाऊँ के इस आँचलिक संगीत में वर्ष के बारह महीनों का वर्णन प्रत्येक माह की विशेषताओं के साथ किया जाता है। इसके एक गीत में धुधती चिड़िया चैत्र मास की शुरुआत का संकेत देती है। |
| कजरी | उत्तर प्रदेश | कजरी वर्षा ऋतु के दौरान उत्तर प्रदेश और निकटवर्ती क्षेत्र में महिलाओं द्वारा गाया जाने वाला एक लोकगीत है। |
| तीज गीत | राजस्थान | इसमें गाया जाने वाला गीतों का विषय शुभकामनाओं का प्रतीक है। |
| बिहू गीत | असम | बिहू गीत एक खुशहाल नव वर्ष के लिए शुभकामनाओं का प्रतीक है। |
| होरी | उत्तर प्रदेश | यह राधा-कृष्ण की प्रेमभरी कहानियों पर आधारित है और यह मुख्य रूप से होली त्योहार से जुड़ा हुआ है। |
| सोहर | बिहार (उत्तर प्रदेश) | यह गीत बच्चों के जन्म के दौरान गाया जाता है। |

## भारत की प्रमुख लोक चित्रकलाएँ

| लोक चित्रकला | तथ्य |
|---|---|
| मधुबनी/मिथिला चित्रकला (मिथिला क्षेत्र, बिहार) | • इसे जीआई (भौगोलिक संकेत) का दर्जा वर्ष 2007 में दिया गया है।<br>• इसकी थीम हिन्दू देवताओं और पौराणिक कथाओं के साथ-साथ शाही दरबार और शादियों जैसे सामाजिक कार्यक्रमों के दृश्यों के इर्द-गिर्द घूमती है। |
| कालीघाट चित्रकारी (कालीघाट, कोलकाता) | • इसकी शुरुआत 19वीं सदी में हुई थी।<br>• इसमें हिन्दू देवी-देवताओं और अन्य पौराणिक पात्रों के चित्रण से विभिन्न विषयों को प्रतिबिम्बित किया जाता है।<br>• इसकी एक विशेषता जल रंग का प्रयोग है। |
| पिठोरा चित्रकला (पंचमहल क्षेत्र, गुजरात और झाबुआ, मध्य प्रदेश) | • गुजरात के रथवा भीलों द्वारा इसमें चित्रित चित्रों को घरों की दीवारों पर विशेष अवसर या धन्यवाद उत्सवों पर बनाया जाता है।<br>• ये बड़े भित्ति चित्र हैं, जहाँ पंक्तियों में कई भव्य रंगीन देवताओं को घोड़े पर सवार दर्शाया जाता है। |
| कलमकारी चित्रकला (आन्ध्र प्रदेश) | • कलमकारी कलाम (कलम) द्वारा बनाई गई एक चित्रकला है।<br>• एक छोटा-सा स्थान **श्री-कालाहस्ती कलमकारी कला** का सबसे प्रसिद्ध केन्द्र है।<br>• भारत में कलमकारी कला की दो विशिष्ट शैलियाँ हैं– श्री कालाहस्ती शैली और मछलीपट्टनम शैली। |
| पट्टचित्र चित्रकला (ओडिशा) | • पट्टचित्र पारम्परिक कपड़ा आधारित स्क्रॉल चित्रकला के लिए एक सामान्य शब्द है।<br>• पट्टचित्र भारत के ओडिशा की एक पारम्परिक पेण्टिंग है। |
| मंजूषा चित्रकारी (भागलपुर, बिहार) | • मंजूषा स्क्रॉल कला अंग क्षेत्र की लोककला है, जो कलाबिहुला-विषहरीकी की **लोककथाओं** पर आधारित है।<br>• यह चित्रकला जूट और कागज के बक्सों पर बनाई जाती है। |
| कालमेजुथु (कालमेझुथु, केरल) | • कलाम (कालमेझुथु, केरल) केरल में पाई जाने वाली कला का एक अनुठा रूप है। यह कला एक रंगोली के समान है। |
| फड चित्रकला (भीलवाड़ा, राजस्थान) | • इस कला की प्रकृति धार्मिक है और इसमें स्थानीय देवताओं, पाबूजी और देवनारायण के चित्र शामिल हैं।<br>• इसमें फड नामक कपड़े के लम्बे टुकड़े पर वनस्पति रंगों से बने चित्र होते हैं। |
| भील चित्रकला (मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र) | • यह भीलों द्वारा प्रचलित एक जनजातीय कला है।<br>• भील चित्रकला पारम्परिक रूप से उनके घरों की मिट्टी की दीवारों पर की जाती है और ऐसा करने के लिए नीम की छड़ें, टहनियाँ और प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाता है। |
| पटना कलम चित्रकला (बिहार) | • भारतीय चित्रकला की पटना शैली (पटना कलाम) 18वीं और 19वीं शताब्दी में विकसित हुई।<br>• पटना कलम दुनिया की पहली स्वतन्त्र चित्रकला शैली थी, जो विशेष रूप से आम लोगों और उनकी जीवनशैली से सम्बन्धित थी।<br>• पटना कलम मुगल चित्रकला की एक शाखा के रूप में अस्तित्व में आई।<br>• इसके प्रमुख केन्द्र पटना, दानापुर और आरा थे। |
| वरली चित्रकारी | • इस चित्रकला का नाम मुख्य रूप से गुजरात-महाराष्ट्र सीमा पर रहने वाले वरली (वार्ली) लोगों के नाम पर पड़ा है।<br>• यह चित्रकला मध्य प्रदेश के भीमबेटका के भित्तिचित्रों से काफी मिलती-जुलती है। |

# SSC एग्जाम स्कैनर

## SSC CGL 2024 (Tier 1 & 2)

**1.** यक्षगान निम्नलिखित में से किस राज्य का लोकनृत्य है? **SSC CGL Tier-1 26.09.2024 (Shift-III)**

(a) मध्य प्रदेश (b) कर्नाटक
(c) ओडिशा (d) पश्चिम बंगाल

**उत्तर (b)**

- यक्षगान एक पारम्परिक नृत्य शैली है, जिसकी उत्पत्ति **कर्नाटक** के तटीय जिलों में हुई है।
- यक्षगान के कलाकार पौराणिक कहानियों को बताने के लिए तथा कहानियों के विभिन्न पात्रों को चित्रित करने के लिए रंग-बिरंगें परिधान और विस्तृत शृंगार धारण करते हैं।

**2.** पण्डित राम नारायण निम्नलिखित में से किस संगीत वाद्ययन्त्र से सम्बन्धित थे?

**SSC CGL Tier-1 26.09.2024 (Shift-III)**

(a) मोहन वीणा (b) रुद्र वीणा
(c) सरोद (d) सारंगी

**उत्तर (d)**

- पण्डित राम नारायण हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीतकार हैं, जिन्हें **सारंगी** को एकल शास्त्रीय वाद्ययन्त्र के रूप में लोकप्रिय बनाने का श्रेय दिया जाता है।
- वर्ष 2005 में पण्डित राम नारायण को भारत के द्वितीय सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार **पद्म विभूषण** से सम्मानित किया गया।

**3.** उमयालपुरम के. शिवरामन निम्नलिखित में से किस वाद्ययन्त्र से जुड़े एक प्रसिद्ध संगीतकार हैं? **SSC CGL Tier-1 26.09.2024 (Shift-II)**

(a) ढोल (b) गिटार
(c) मृदंगम (d) सितार

**उत्तर (c)**

- उमयालपुरम के. शिवरामन कर्नाटक संगीत में **मृदंगम** से जुड़े एक प्रसिद्ध संगीतकार हैं। वे इस वाद्ययन्त्र के प्रतिपादक भी हैं।
- **उमयालपुरम के.** शिवरामन को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2010 **में पद्म विभूषण** और **संगीत नाटक अकदमी पुरस्कार वर्ष** 1992 में प्रदान किए गए थे तथा वर्ष 1988 में **पद्मश्री पुरस्कार** प्रदान किया गया था।

**4.** फुगड़ी (Fugdi) नृत्य निम्नलिखित में से किस राज्य से सम्बन्धित है?

**SSC CGL Tier-1 26.09.2024 (Shift-II)**

(a) गोवा (b) उत्तराखण्ड
(c) उत्तर प्रदेश (d) केरल

**उत्तर (a)**

- फुगड़ी नृत्य **गोवा** और **महाराष्ट्र** के कोंकण तटीय क्षेत्र से सम्बन्धित है।
- यह **कोंकणी समुदाय** की महिलाओं द्वारा किया जाने वाला लोक नृत्य है।
- गणेश चतुर्थी जैसे हिन्दू त्योहारों के दौरान या ढालों जैसे अन्य नृत्यों के अन्त में फुगड़ी नृत्य किया जाता है।

**5.** 'कुकी नृत्य' भारत का एक लोकनृत्य है, जो मुख्य रूप से ……… में किया जाता है।

**SSC CGL Tier-1 26.09.2024 (Shift-I)**

(a) राजस्थान (b) नागालैण्ड
(c) कर्नाटक (d) उत्तर प्रदेश

**उत्तर (b)**

- कुकी नृत्य भारत का एक लोकनृत्य है, जो मुख्य रूप से **नागालैण्ड** राज्य में किया जाता है।
- इस नृत्य का आयोजन त्योहारों, शादियों और अन्य महत्त्वपूर्ण आयोजनों पर किया जाता है।

**6.** पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित अरविन्द पारिख निम्नलिखित में से कौन-सा संगीत वाद्ययन्त्र बजाते हैं? **SSC CGL Tier-1 25.09.2024 (Shift-II)**

(a) तबला (b) सितार
(c) सारंगी (d) बाँसुरी

**उत्तर (b)**

- पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित अरविन्द पारिख **सितार** संगीत वाद्ययन्त्र बजाते हैं।
- इन्हें वर्ष **1997-98** में गुजरात संगीत नाटक अकादमी द्वारा **गौरव पुरस्कार** से सम्मानित किया गया।
- इन्हें वर्ष 2003 में संगीत नाटक अकादमी द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

**7.** संगीत नाटक अकादमी का पंजीकृत कार्यालय कहाँ है? **SSC CGL Tier-1 25.09.2024 (Shift-III)**

(a) कोलकाता (b) मुम्बई
(c) नई दिल्ली (d) चेन्नई

**उत्तर (c)**

- संगीत नाटक अकादमी की स्थापना 31 **मई, 1952** को **नई दिल्ली** में की गई।
- इस अकादमी ने वर्ष **2006** में युवा कलाकारों के लिए **उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार** प्रारम्भ किया।

**8.** अर्जुन सिंह धुर्वे को निम्नलिखित में से किस आदिवासी संगीत और नृत्य विधा के लिए तुलसी सम्मान से सम्मानित किया गया था?

**SSC CGL Tier-1 25.09.2024 (Shift-III)**

(a) मर्दाना (b) बैगा
(c) झुमटा (d) पवारा

**उत्तर (b)**

- अर्जुन सिंह धुर्वे **बैगा** जनजाति से सम्बन्धित हैं। ये मध्य प्रदेश के डिण्डोरी जिले के एक लोकनर्तक और सेवानिवृत्त शिक्षक हैं।
- इन्हें मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष **1993-94** में **तुलसी सम्मान** से सम्मानित किया गया।
- ये बैगा लोक गीतों और नृत्य को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रसिद्ध है।

**9.** ईश्वरी प्रसाद को कथक के ……… घराने की शुरुआत करने का श्रेय दिया जाता है।

**SSC CGL Tier-1 25.09.2024 (Shift-I)**

(a) रायगढ़ (b) लखनऊ
(c) बनारस (d) जयपुर

**उत्तर (b)**

- ईश्वरी प्रसाद को कथक के **लखनऊ** घराने की शुरुआत करने का श्रेय दिया जाता है।
- ईश्वरी प्रसाद ने लखनऊ घराना बनाने के लिए पारम्परिक कथक शैली को फारसी और उर्दू संस्कृति के तत्त्वों के साथ मिश्रित किया।

**10.** अल्ला रक्खा निम्नलिखित में से किस संगीत वाद्ययन्त्र को बजाने के लिए प्रसिद्ध हैं?

**SSC CGL Tier-1 25.09.2024 (Shift-I)**

(a) तबला (b) शहनाई
(c) बाँसुरी (d) डमरू

**उत्तर (a)**

- अल्ला रक्खा **तबला** संगीत वाद्ययन्त्र को बजाने के लिए प्रसिद्ध हैं, इन्होंने तबला वादन की कला को पूरी दुनिया में लोकप्रिय बनाया।
- उन्होंने वर्ष 1985 में बॉम्बे में अल्ला रक्खा संगीत संस्थान की स्थापना की थी।
- अल्ला रक्खा को वर्ष 1977 में **पद्मश्री** और वर्ष 1982 में **संगीत नाटक अकादमी** पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**11.** कुचिपुड़ी नृत्य निम्नलिखित में से किस राज्य से सम्बन्धित है?

**SSC CGL Tier-1 24.09.2024 (Shift-III)**

(a) तमिलनाडु (b) मणिपुर
(c) आन्ध्र प्रदेश (d) मध्य प्रदेश

**उत्तर (c)**

- कुचिपुड़ी **आन्ध्र प्रदेश** राज्य की एक शास्त्रीय नृत्य शैली है।
- कुचिपुड़ी नृत्य की उत्पत्ति आन्ध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में स्थित एक गाँव कुचिपुड़ी के नाम से हुई है।
- इस नृत्य की उत्पत्ति 1502 ई. में हुई।

**12.** गंगूबाई हंगल ……… से सम्बन्धित थीं।

**SSC CGL Tier-1 24.09.2024 (Shift-III)**

(a) बनारस घराने (b) किराना घराने
(c) ग्वालियर घराने (d) आगरा घराने

**उत्तर (b)**

- गंगूबाई हंगल **किराना घराने** से सम्बन्धित थीं।
- इन्होंने भारत में ख्याल गायिकी को पहचान दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- इन्हें वर्ष 1962 में **कर्नाटक संगीत नृत्य अकादमी** पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।
- इन्हें वर्ष 1971 **में पद्म भूषण** तथा 2002 में पद्म विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।

**13.** ……… द्वारा आविष्कार की गई कुछ तालों में त्रिमुखी, पंचमुखी, सप्तमुखी और नवमुखी शामिल हैं। **SSC CGL Tier-1 24.09.2024 (Shift-II)**

(a) हरिप्रसाद चौरसिया
(b) यशराज
(c) भीमसेन जोशी
(d) एम. बालमुरलीकृष्ण

उत्तर (d)

- **एम. बालमुरलीकृष्ण** एक कर्नाटक गायक, बहुवाद्ययन्त्र वादक और एक पार्श्वगायक हैं।
- उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि सभी मूलभूत 72 रागों में की गई रचनाएँ हैं।
- इन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण जैसे राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

**14.** पापनासम रामय्या सिवन किस संगीत शैली के भारतीय संगीतकार थे?
**SSC CGL Tier-1 23.09.2024 (Shift-III)**
(a) कर्नाटक संगीत (b) भजन
(c) कव्वाली (d) लोक संगीत

उत्तर (a)

- पापनासम रामय्या सिवन **कर्नाटक संगीत** शैली के भारतीय संगीतकार थे।
- पापनासम रामय्या सिवन को तमिल त्यागराज के नाम से भी जाना जाता था।
- पापनासम रामय्या सिवन की रचनाएँ नान ओरू विलायस्टु बोम्मैया, परतपरा परमेश्वर, काना कन्न कोडी आदि हैं।

**15.** निम्नलिखित में से किस राज्य में चू-फाट (Chu-Faat) नृत्य किया जाता है?
**SSC CGL Tier-1 23.09.2024 (Shift-III)**
(a) उत्तराखण्ड (b) हरियाणा
(c) पश्चिम बंगाल (d) सिक्किम

उत्तर (d)

- भारत के सिक्किम राज्य में **चू-फाट** नृत्य किया जाता है।
- चू-फाट, लेपचा समुदाय का लोकनृत्य है।
- इस नृत्य में, पुरुष और महिला दोनों शामिल होते हैं।

**16.** निम्नलिखित भारतीय शास्त्रीय नर्तकियों में से कौन कुचिपुड़ी से सम्बन्धित हैं?
**SSC CGL Tier-1 23.09.2024 (Shift-II)**
(a) वेम्पति चिन्ना सत्यम (b) मालविका सरकार
(c) मीनाक्षी मेधी (d) संजुक्ता पाणिग्रही

उत्तर (a)

- **वेम्पति चिन्ना सत्यम** ने वर्ष 1963 में मद्रास में कुचिपुड़ी कला अकादमी की शुरुआत की थी।
- इन्हें तमिलनाडु सरकार द्वारा **कलैमामणि** पुरस्कार तथा मध्य प्रदेश सरकार द्वारा **कालिदास पुरस्कार** से भी सम्मानित किया गया था।

**17.** ········ को प्राय: 20वीं शताब्दी के तानसेन के रूप में जाना जाता है, संगीत के इस प्रतिभाशाली व्यक्ति ने सर्वश्रेष्ठ शास्त्रीय संगीत का मिश्रण किया और अपनी खुद की एक अनूठी शैली बनाई। **SSC CGL Tier-1 23.09.2024 (Shift-II)**
(a) मुबारक अली खान
(b) बड़े गुलाम अली खान
(c) बरकत अली खान
(d) उस्ताद अली बख्श खान

उत्तर (b)

- बड़े गुलाम अली खान को प्राय: 20वीं शताब्दी के तानसेन तथा **जगत उस्ताद** के नाम से भी जाना जाता है।
- उस्ताद बड़े गुलाम अली खान को संगीत के क्षेत्र में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार **(1962)**, पद्म भूषण पुरस्कार **(1962)**, संगीत नाटक अकादमी फेलो पुरस्कार **(1967)** से सम्मानित किया गया था।

**18.** भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में मुख्य रूप से होजागिरी नृत्य (Hojagiri dance) किया जाता है? **SSC CGL Tier-1 23.09.2024 (Shift-I)**
(a) महाराष्ट्र (b) त्रिपुरा
(c) केरल (d) हिमाचल प्रदेश

उत्तर (b)

- होजागिरी नृत्य भारत के **त्रिपुरा** राज्य में किया जाने वाला त्रिपुरी रियांग जनजाति का लोकनृत्य है।
- इस दिन देवी मेलुमा (लक्ष्मी) की पूजा की जाती है तथा पुरुष सदस्य खाम और सुमुई (झुमु) के गीतात्मक गायन एवं वादन में भाग लेते हैं।

**19.** अली अकबर खाँ ········ वादन के लिए जाने जाते हैं। **SSC CGL Tier-1 23.09.2024 (Shift-I)**
(a) एकतारा (b) सरोद (c) सारंगी (d) तानपूरा

उत्तर (b)

- अली अकबर खाँ मैहर घराने के भारतीय हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीतकार थे, यह **सरोद** वादन में अपनी योग्यता के लिए जाने जाते हैं।
- इन्हें संगीत क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु वर्ष **1967 में पद्म भूषण** तथा वर्ष **1989** में **पद्म विभूषण** से सम्मानित किया गया था।

**20.** केरल का एलेलाक्कराडी नृत्य (Elelakkaradi dance) निम्नलिखित में से किस जनजाति द्वारा किया जाता हैं?
**SSC CGL Tier-1 19.09.2024 (Shift-III)**
(a) माविलन जनजाति (b) कुरुम्बा जनजाति
(c) इरुलर जनजाति (d) आदियान जनजाति

उत्तर (c)

- एलेलाक्कराडी नृत्य एक जनजातीय नृत्य है, जो भारत के केरल राज्य की इरुलर जनजाति द्वारा किया जाता है।
- यह नृत्य पारम्परिक रूप से ओणम त्योहार के दौरान किया जाता है, जिसमें महिलाएँ, पुरुष तथा बच्चे शामिल होते हैं।

**21.** कौन-से भारतीय संगीतकार और सितार वादक नेशनल ऑर्केस्ट्रा ऑफ इण्डिया के संस्थापक है? **SSC CGL Tier-1 19.09.2024 (Shift-II)**
(a) किशन, महाराज
(b) अय्यागारि श्यामसुन्दरम
(c) शाहिद परवेज खान
(d) रविशंकर

उत्तर (d)

- भारतीय संगीतकार और सितार वादक रविशंकर नेशनल ऑर्केस्ट्रा ऑफ इण्डिया (मुम्बई) के संस्थापक हैं।
- पण्डित रविशंकर को संगीत में योगदान हेतु वर्ष 1962 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, वर्ष **1999** में भारत रत्न और वर्ष 1975 में यूनेस्को अन्तर्राष्ट्रीय संगीत परिषद् पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**22.** निम्नलिखित शास्त्रीय नर्तकियों में से कौन ओडिसी से सम्बन्धित नहीं है?
**SSC CGL Tier-1 19.09.2024 (Shift-I)**
(a) मायाधर राउत (b) गीतांजलि लाल
(c) कुमकुम मोहन्ती (d) किरण सहगल

उत्तर (b)

- **गीतांजलि लाल** ओडिसी से सम्बन्धित नहीं हैं।
- ये कथक नृत्य से सम्बन्धित हैं।
- मायाधर राउत, कुमकुम मोहन्ती और किरण सहगल ओडिसी नृत्य से सम्बन्धित हैं।

**23.** यामिनी कृष्णमूर्ति निम्नलिखित में से किस नृत्य से सम्बन्धित हैं?
**SSC CGL Tier-1 18.09.2024 (Shift-III)**
(a) भरतनाट्यम (b) सत्रीया
(c) मोहिनीअट्टम (d) ओडिसी

उत्तर (a)

- **यामिनी कृष्णमूर्ति** भरतनाट्यम् नृत्य से सम्बन्धित हैं। इन्होंने पाँच वर्ष की आयु से चेन्नई के कलाक्षेत्र स्कूल ऑफ डांस में प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना रुक्मिणी देवी अरुण्डेल के मार्गदर्शन से नृत्य सीखना शुरू किया।
- इन्हें वर्ष **1968 में पद्मश्री, 2001** में **पद्म भूषण** व **2016 में पद्म विभूषण** से सम्मानित किया गया।

**24.** देवी भद्रकाली को प्रसन्न करने के लिए एक स्थानीय नृत्य 'पदायनी' मुख्य रूप से ········ में प्रदर्शित किया जाता है।
**SSC CGL Tier-1 18.09.2024 (Shift-II)**
(a) असम (b) पश्चिम बंगाल
(c) ओडिशा (d) केरल

उत्तर (d)

- देवी भद्रकाली को प्रसन्न करने के लिए एक स्थानीय नृत्य 'पदायनी' मुख्य रूप से केरल राज्य में प्रदर्शित किया जाता है, जिसका अर्थ है-योद्धाओं की पंक्ति।
- 'पदायनी' नृत्य एक कला रूप है, जिसमें संगीत, नृत्य, रंगमंच, व्यंग्य, मुखौटे और चित्रकला का मिश्रण होता है।

**25.** निम्नलिखित में से कौन एक प्रसिद्ध सितारवादक थे? **SSC CGL Tier-1 18.09.2024 (Shift-I)**
(a) पण्डित भीमसेन जोशी
(b) उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ
(c) जाकिर हुसैन (d) रविशंकर

उत्तर (d)

- **पण्डित रविशंकर** एक भारतीय संगीतकार और सितार वादक थे।
- इन्हें वर्ष **1999** में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से तथा वर्ष 1967 में ग्रैमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- पण्डित रविशंकर को वर्ष 1967, 1971, 2000, 2013 में ग्रैमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**26.** मटकी नृत्य निम्नलिखित में से किस राज्य का प्रसिद्ध लोकनृत्य है?
**SSC CGL Tier-1 17.09.2024 (Shift-III)**
(a) महाराष्ट्र (b) पंजाब
(c) मध्य प्रदेश (d) गुजरात

**उत्तर (c)**
• मटकी नृत्य, **मध्य प्रदेश** का एक प्रसिद्ध लोकनृत्य है।
• यह नृत्य, मालवा क्षेत्र में किया जाता है, इसे **घर नृत्य** के नाम से भी जाना जाता है।
• इस नृत्य में महिलाएँ अपने सिर पर मटकी रखकर सन्तुलन बनाकर नृत्य करती हैं।

**27.** अन्नपूर्णा देवी निम्नलिखित में से किस संगीत वाद्ययन्त्र से सम्बन्धित हैं?
**SSC CGL Tier-1 17.09.2024 (Shift-III)**
(a) सुरबहार (b) रुद्र वीणा
(c) इकतारा (d) ताल

**उत्तर (a)**
• अन्नपूर्णा देवी सुरबहार संगीत वाद्ययन्त्र से सम्बन्धित हैं।
• सुरबहार एक तार वाला वाद्ययन्त्र है, जिसे **बास सितार** के नाम से भी जाना जाता है।
• सुरबहार का आविष्कार गुलाम मुहम्मद खान ने 1825 ई. में लखनऊ में किया था।

**28.** निम्नलिखित में से कौन ऐसा सरोद वादक है, जिसे 'सरोद सम्राट' के नाम से जाना जाता है?
**SSC CGL Tier-1 17.09.2024 (Shift-II)**
(a) पण्डित रवि शंकर
(b) उस्ताद अमजद अली खान बंगश
(c) पण्डित किशन महाराज
(d) पण्डित शिवकुमार शर्मा

**उत्तर (b)**
• **उस्ताद अमजद अली खान बंगश** एक प्रसिद्ध सरोद वादक हैं, जिन्हें सरोद सम्राट के नाम से जाना जाता है।
• भारत सरकार ने वर्ष **1991** में कला के क्षेत्र में **पद्म भूषण** से सम्मानित किया गया था तथा **1975** में **पद्मश्री** प्रदान किया गया।
• इन्हें वर्ष **2001** में **पद्म विभूषण** भी प्रदान किया गया।

**29.** कथक से सम्बन्धित भारतीय शास्त्रीय नर्तक/नर्तकी की पहचान कीजिए।
**SSC CGL Tier-1 17.09.2024 (Shift-I)**
(a) शारोदी सैकिया (b) रोहिणी भाटे
(c) केलुचरण महापात्र
(d) वेदान्तम सत्यनारायण सरमा

**उत्तर (b)**
• **रोहिणी भाटे** एक प्रसिद्ध कथक नर्तकी हैं।
• इन्होंने वर्ष **1947** में पुणे में **भारती कथक नृत्य अकादमी** की स्थापना की।
• इन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (वर्ष 1979) से सम्मानित किया गया।

**30.** तेरहताली लोकनृत्य मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस राज्य से सम्बन्धित है?
**SSC CGL Tier-1 13.09.2024 (Shift-III)**
(a) हरियाणा (b) राजस्थान
(c) असम (d) मध्य प्रदेश

**उत्तर (b)**
• तेरहताली, लोकनृत्य मुख्य रूप से **राजस्थान की कामड** जनजाति का लोकनृत्य है।
• इस जनजाति के लोग पारम्परिक रूप से सपेरे होते हैं।
• इस नृत्य में महिलाएँ जमीन पर बैठकर तेरहताली बजाती हैं।
• इस नृत्य में पुरुष सिर्फ गीत गाते हैं।

**31.** पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित उस्ताद साबरी खान निम्नलिखित में से कौन-सा संगीत वाद्ययन्त्र बजाते थे?
**SSC CGL Tier-1 13.09.2024 (Shift-II)**
(a) सन्तूर (b) सरोद (c) सारंगी (d) तबला

**उत्तर (c)**
• पद्म भूषण पुरस्कार (2006) से सम्मानित उस्ताद साबरी खान **सारंगी** वाद्ययन्त्र बजाते थे।
• उस्ताद साबरी खान को वर्ष 1990 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार तथा वर्ष 1992 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।
• ये सैनिया घराने के सदस्य थे।

**32.** खुल्लम (Khuallam) किस राज्य का प्रसिद्ध नृत्य है? **SSC CGL Tier-1 12.09.2024 (Shift-III)**
(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार
(c) मिजोरम (d) आन्ध्र प्रदेश

**उत्तर (c)**
• खुल्लम, मिजोरम राज्य का प्रसिद्ध नृत्य है।
• खुल्लम शब्द का अर्थ है "अतिथियों का नृत्य"।
• यह नृत्य खुआंगचवी उत्सव के विशेष अवसर पर किया जाता है।

**33.** उस्ताद जिया मोहिउद्दीन डागर गहन गूढ़ ········ वादक थे, जो रागों की विरल और मंथर अनुभूति के पक्षधर थे।
**SSC CGL Tier-1 12.09.2024 (Shift-III)**
(a) बाँसुरी (b) रुद्र वीणा
(c) वायलिन (d) सितार

**उत्तर (b)**
• उस्ताद जिया मोहिउद्दीन डागर **रुद्रवीणा** वादक थे, जो रागों की विरल और मंथर अनुभूति के पक्षधर थे।
• इन्हें मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भारत के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक **कालिदास सम्मान** पुरस्कार (1986) से सम्मानित किया गया।
• इन्हें वर्ष **1981** में **संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार**, राजस्थान संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार भी प्राप्त हुए।

**34.** बुद्धदेवरास गुप्ता निम्नलिखित में से किस संगीत वाद्ययन्त्र को बजाने के लिए प्रसिद्ध हैं?
**SSC CGL Tier-1 12.09.2024 (Shift-II)**
(a) सरोद (b) सारंगी (c) मृदंगम (d) बाँसुरी

**उत्तर (a)**
• बुद्धदेवदास गुप्ता प्रसिद्ध **सरोद** वादक हैं, इन्हें वर्ष **2012** में **पद्म भूषण** से सम्मानित किया गया।

**कुछ अन्य सरोद वादक**
• **अमजद अली खान** सेनिया बंगश घराने से सम्बन्धित थे। इन्होंने 'राग बापू कौस' की रचना की। इन्हें वर्ष 1975 में पद्मश्री, 1991 में पद्म भूषण और वर्ष 2001 में पद्म विभूषण प्राप्त हुआ।
• **मोहम्मद आमिर खान** दरभंगा और राजशाही के दरबारी संगीतकार थे।
• **अलाउद्दीन खान** सरोद के अतिरिक्त शहनाई, सितार व बाँसुरी में भी निपुण थे।

**35.** निम्नलिखित में से किस संस्थान की स्थापना मृणालिनी साराभाई ने की थी, जो एक भरतनाट्यम और कथकली नृत्यांगना थीं?
**SSC CGL Tier-1 12.09.2024 (Shift-III)**
(a) नालन्दा नृत्य कला महाविद्यालय
(b) दर्पण एकेडमी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स
(c) श्री त्यागराज कॉलेज ऑफ म्यूजिक एण्ड डान्स
(d) नृत्यांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स

**उत्तर (b)**
• **दर्पण एकेडमी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स** की स्थापना मृणालिनी साराभाई द्वारा वर्ष 1949 में गुजरात में की गई।
• मृणालिनी साराभाई को वर्ष 1992 में भारत सरकार द्वारा कला क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।
• **वी.पी. रामकृष्णन** और **कलामण्डल मुरली** इस अकेडमी से सम्बद्ध प्रसिद्ध व्यक्ति हैं।

**36.** कथकली जो भारत के शास्त्रीय नृत्यों में से एक नृत्य है, मुख्य रूप से भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में किया जाता है?
**SSC CGL Tier-1 12.09.2024 (Shift-I)**
(a) असम (b) मणिपुर
(c) केरल (d) उत्तर प्रदेश

**उत्तर (c)**
• **कथकली** जो भारत के शास्त्रीय नृत्यों में से एक नृत्य है, मुख्य रूप से यह भारत के **केरल** राज्य में किया जाता है।
• इस नृत्य की उत्पत्ति 17वीं शताब्दी में त्रावणकोर प्रान्त में हुई।

**37.** जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादमी की स्थापना कब की गई थी?
**SSC CGL Tier-1 11.09.2024 (Shift-I)**
(a) वर्ष 1954 में (b) वर्ष 1952 में
(c) वर्ष 1951 में (d) वर्ष 1953 में

**उत्तर (a)**
• जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादमी की स्थापना वर्ष 1954 में मणिपुर की राजधानी इम्फाल में की गई थी।
• यह मणिपुरी संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने के लिए एक प्रमुख संस्थान है।
• यह भारत सरकार के संस्कृति मन्त्रालय के अन्तर्गत आता है।

**38.** गंगूबाई हंगल और प्रभा आत्रे ········ घराने की प्रतिपादक थीं।
**SSC CGL Tier-1 11.09.2024 (Shift-II)**
(a) रामपुर (b) मेवाती (c) जयपुर (d) किराना

**उत्तर (d)**
• गंगूबाई हंगल को वर्ष 1962 में कर्नाटक संगीत नृत्य अकादमी पुरस्कार व वर्ष 1973 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया।
• प्रभा अत्रे को वर्ष 1990 में पद्मश्री, वर्ष 2002 में पद्म भूषण और वर्ष 2022 में पद्म विभूषण पुरस्कार दिया गया था।

39. चित्तानी रामचन्द्र हेगड़े निम्नलिखित में से किस नृत्य से सम्बन्धित थे?
SSC CGL Tier-1 11.09.2024 (Shift-II)
(a) छऊ (b) यक्षगान
(c) छपेली (d) हुत्तारी

उत्तर (b)

• **चित्तानी रामचन्द्र हेगड़े** यक्षगान नृत्य से सम्बन्धित हैं।
• यक्षगान नृत्य की उत्पत्ति कर्नाटक और केरल के तटीय क्षेत्रों में हुई थी।
• यक्षगान में प्रयुक्त संगीत में चण्डे (ढोल), हारमोनियम, मडाले, ताल और बाँसुरी शामिल हैं।

40. भरतनाट्यम नृत्य शैली निम्नलिखित में से किस राज्य से सम्बन्धित है?
SSC CGL Tier-1 11.09.2024 (Shift-I)
(a) मणिपुर (b) बिहार
(c) कर्नाटक (d) तमिलनाडु

उत्तर (d)

• भरतनाट्यम की उत्पत्ति **तमिलनाडु के तंजौर** जिले से हुई थी।
• यह नृत्य नाट्यशास्त्र नामक संस्कृत ग्रन्थ पर आधारित है।
• पौराणिक कथानसार भरतनाट्यम की शिक्षा भगवान ब्रह्मा के द्वारा ऋषि भरत को दी गई थी।
• इस नृत्य में नर्तकियों की वेशभूषा अत्यन्त भव्य होती है।
• इस नृत्य का समापन 'तिल्लाना' के साथ होता है।

41. राष्ट्रीय कथक नृत्य संस्थान की स्थापना किस वर्ष हुई थी? SSC CGL Tier-1 10.09.2024 (Shift-III)
(a) 1964 (b) 1961 (c) 1954 (d) 1969

उत्तर (a)

• राष्ट्रीय कथक नृत्य संस्थान की स्थापना वर्ष 1964 में हुई थी।
• यह संस्थान नई दिल्ली में स्थित संगीत नाटक अकादमी (भारत की राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और नाटक अकादमी) की एक इकाई है।
• कथक नृत्य से सम्बन्धित प्रमुख कलाकार पण्डित बिरजू महाराज, कालका प्रसाद, पण्डित कार्तिक राम आदि हैं।

42. उस्ताद विलायत अली खान ...... के उस्ताद हैं। SSC CGL Tier-1 10.09.2024 (Shift-II)
(a) बाँसुरी (b) सितार
(c) तबले (d) मृदंगम

उत्तर (b)

• उस्ताद विलायत अली खाँ ने बाएँ हाथ से सितार बजाने की एक नई तकनीक का आविष्कार किया है।
• इन्हें 'आफताब-ए-सितार' के नाम से भी जाना जाता है।
• उस्ताद विलायत खाँ को सितार पर गायकी अंग के निर्माण और विकास में इमदाद खाँ, इनायत खाँ और इमरत खाँ के साथ श्रेय दिया जाता है।
• इन्होंने वर्ष 1964 में पद्मश्री और वर्ष 1968 में पद्म विभूषण नामक प्रतिष्ठित पुरस्कारों को लेने से अस्वीकार कर दिया।

43. मोहिनीअट्टम निम्नलिखित में से किस पारम्परिक नृत्य शैली से सम्बन्धित है?
SSC CGL Tier-1 10.09.2024 (Shift-II)
(a) चौक (b) समपदम
(c) त्रिभंग (d) लास्य शैली

उत्तर (d)

• केरल की एक शास्त्रीय नृत्य परम्परा मोहिनीअट्टम **लास्य शैली** से सम्बन्धित है।
• इस नृत्य की उत्पत्ति 16वीं शताब्दी में मानी जाती है।
• मोहिनीअट्टम नृत्य के कुछ प्रसिद्ध कलाकार हैं- जयप्रभा, मेनन, सुनन्दा नायर, कलामण्डलम कल्याणकुट्टी आम्मा, पल्लवी कृष्णन और गोपिका वर्मा।

44. निम्नलिखित में से किस राज्य सरकार द्वारा तानसेन संगीत समारोह आयोजित किया जाता है? SSC CGL Tier-1 10.09.2024 (Shift-I)
(a) महाराष्ट्र सरकार (b) उत्तर प्रदेश सरकार
(c) मध्य प्रदेश सरकार (d) राजस्थान सरकार

उत्तर (c)

• मध्य प्रदेश सरकार द्वारा तानसेन समारोह आयोजित किया जाता है।
• तानसेन सम्मान हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कलाकारों को प्रदान किया जाता है।
• तानसेन सम्मान की स्थापना वर्ष 1980 में की गई थी।

45. निम्नलिखित में से किस राज्य में ओडिसी नृत्य संस्थान नृत्यग्राम स्थित है?
SSC CGL Tier-1 09.09.2024 (Shift-III)
(a) तमिलनाडु (b) कर्नाटक
(c) महाराष्ट्र (d) केरल

उत्तर (b)

• ओडिसी नृत्य संस्थान नृत्यग्राम **कर्नाटक** में स्थित है।
• ओडिसी नृत्य की प्रसिद्ध नृत्यांगना प्रोतिमा गोरी ने इस स्कूल की स्थापना की थी।
• ओडिशी नृत्य, ओडिशा का शास्त्रीय नृत्य है।
• यह नृत्य मुद्रा और अभिव्यक्ति के सन्दर्भ में भरतनाट्यम के समान है।

46. वर्ष 1952 में, निम्नलिखित में से किसने फिल्म अमर भूपाली, जो एकसाथ दो भाषाओं में निर्मित की जा रही थी, के लिए अपनी आवाज दी और उन्होंने बंगाली और मराठी दोनों में गीत गाए? SSC CGL Tier-1 09.09.2024 (Shift-II)
(a) मन्ना डे (b) देवव्रत बिस्वास
(c) हेमन्त मुखर्जी (d) किशोर कुमार

उत्तर (a)

• मन्ना डे ने दो भाषाओं में निर्मित फिल्म अमर भूपाली में अपनी आवाज दी और बंगाली तथा मराठी दोनों भाषाओं में गीत गाए।
• मन्ना डे एक प्रसिद्ध भारतीय गायक, संगीत निर्देशक और संगीतकार थे।
• इन्हें वर्ष **1966** में रैमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
• वर्ष 2007 में भारत सरकार द्वारा इन्हें **दादा साहब फाल्के पुरस्कार** से सम्मानित किया गया था।

47. गोविन्दजी नर्तनालय निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?
SSC CGL Tier-1 09.09.2024 (Shift-II)
(a) असम (b) मणिपुर
(c) नागालैण्ड (d) त्रिपुरा

उत्तर (b)

• 'गोविन्दजी नर्तनालय नृत्य विद्यालय की स्थापना बिपिन सिंह ने मणिपुर राज्य में की है।
• इन्होंने वर्ष **1972** में **कलकत्ता में मणिपुरी नर्तनालय नृत्य विद्यालय** बनाया था।
• इन्हें **मणिपुरी नृत्य का जनक** माना जाता है।

## SSC CGL 2023 (Tier 1 & 2)

48. निम्नलिखित में से कौन-सा संगीतकार संगीत वाद्ययन्त्र सितार पर अपने महारत के लिए लोकप्रिय हैं? SSC CGL Tier-1 14.07.2023 (Shift-I)
(a) विलायत खाँ (b) अमजद अली खान
(c) बहादुर खान (d) अली अकबर खाँ

उत्तर (a)

• भारत की आजादी के बाद विलायत खाँ पहले संगीतकार थे, जिन्होंने इंग्लैण्ड जाकर संगीत की प्रस्तुति दी थी।
• उनकी कला के सम्मान में राष्ट्रपति **फखरूद्दीन अली अहमद** ने उन्हें **आफताब-ए-सितार** का सम्मान दिया था और ये सम्मान पाने वाले वे एकमात्र सितारवादक थे।
• अमजद अली खान, बहादुर खान व उस्ताद अली अकबर खाँ एक प्रसिद्ध **सरोद वादक** हैं।

49. वर्ष 2018 में गूगल डूडल ने मृणालिनी साराभाई का 100वाँ जन्मदिन मनाया। वह निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली की प्रतिपादक हैं? SSC CGL Tier-1 14.07.2023 (Shift-I)
SSC CGL Tier-1 26.07.2023 (Shift-IV)
(a) कुचिपुड़ी और भरतनाट्यम
(b) भरतनाट्यम और कथकली
(c) यक्षगान
(d) ओडिसी और कथक

उत्तर (b)

• मृणालिनी साराभाई ने वर्ष 1948 में **दर्पण अकादमी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स** नामक अकादमी की स्थापना की, जहाँ **भरतनाट्यम** और **कथकली** जैसे नृत्यों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।
• इनको **अम्मा** के नाम से भी जाना जाता था। वर्ष 1992 में भारत सरकार द्वारा इन्हें **पद्म भूषण** व वर्ष 1965 में **पद्मश्री** से सम्मानित किया गया।

50. भरतनाट्यम दक्षिण भारत के धार्मिक विषयों और ....... के आध्यात्मिक विचारों को व्यक्त करता है। SSC CGL Tier-1 14.07.2023 (Shift-III)
(a) जैन धर्म (b) शैव धर्म
(c) सूफीवाद (d) बुद्ध धर्म

उत्तर (b)

• भरतनाट्यशास्त्र की नृत्य शैली का विकास **तमिलनाडु** में शैव धर्म में हुआ।

• यह **एकल स्त्री नृत्य** है। भरतनाट्यम नृत्य में कविता पाठ करने वाले व्यक्ति को **नडन्नवार** कहते हैं।

**51.** नृत्याचार्य पुरस्कार, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और कालिदास सम्मान से सम्मानित गुरु बिपिन सिंह किस शास्त्रीय नृत्य को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध थे?

**SSC CGL Tier-1 14.07.2023 (Shift-III)**
**SSC CGL Tier-1 25.07.2023 (Shift-I)**

(a) ओडिसी (b) कुचिपुड़ी
(c) कथक (d) मणिपुरी

**उत्तर (d)**

• गुरु बिपिन सिंह को **मणिपुरी नृत्य का जनक** माना जाता है।

• इन्हें वर्ष 1966 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

• इन्हें मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 'कालिदास सम्मान' से सम्मानित किया गया।

**52.** शकूर खान और पण्डित राम नारायण जैसे संगीतकारों ने निम्नलिखित में से कौन-सा वाद्ययन्त्र बजाया?

**SSC CGL Tier-1 14.07.2023 (Shift-II)**
**SSC CHSL (10+2) 31.05.2023 (Shift-II)**

(a) शहनाई (b) वीणा (c) गिटार (d) सारंगी

**उत्तर (d)**

• **सारंगी** एक अवनद्ध वाद्ययन्त्र है, जिसे भारतीय कलाकार **पण्डित राम नारायण** ने हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में एक प्रदर्शन वाद्य के रूप में लोकप्रिय बनाया था।

• सारंगी को वायलिन की तरह धनुष के साथ तालमेल से बनाया जाता है, लेकिन वायलिन के विपरीत, इसे नीचे ध्वनि कक्ष के साथ लम्बवत् रखा जाता है।

**53.** ……… का दासकथिया नृत्य ऐतिहासिक और पौराणिक कथाओं (घटनाओं) को चित्रित करते हुए दो पुरुषों द्वारा किया जाने वाला आदिवासी नृत्य है। **SSC CGL Tier-1 14.07.2023 (Shift-II)**

(a) गुजरात (b) गोवा
(c) ओडिशा (d) उत्तर प्रदेश

**उत्तर (c)**

• दास कथिया, ओडिशा की एक पारम्परिक लोककला है।

• इसमें दो कथाकार होते हैं-**गायक** जो मुख्य गायक है और **पालिया** जो सह-कथाकार है।

• इसमें **कथिया** नामक लकड़ी के संगीत वाद्ययन्त्र का उपयोग करते हुए नाटकीय संगीत के साथ कथा का वर्णन किया जाता है।

**54.** उर्मिला सत्यनारायणन किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली की प्रतिपादक हैं?

**SSC CGL Tier-1 14.07.2023 (Shift-III)**

(a) सत्रीया (b) भरतनाट्यम
(c) कथक (d) मणिपुर

**उत्तर (b)**

• उर्मिला सत्यनारायण भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली भरतनाट्यम की प्रतिपादक हैं।

• भरतनाट्यम एक भावपूर्ण नृत्य शैली है, जिसमें सुन्दर चाल, जटिल पद्चाप और भावपूर्ण हाव-भाव का संयोजन होता है, जिसमें कहानियाँ कही जाती हैं और भावनाएँ व्यक्त होती हैं।

**55.** निम्नलिखित में से किस सितारवादक को वर्ष 1999 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था? **SSC CGL Tier-1 14.07.2023 (Shift-III)**

(a) हरिप्रसाद चौरसिया (b) पण्डित रविशंकर
(c) भूपेन हजारिका (d) पण्डित भीमसेन जोशी

**उत्तर (b)**

• वर्ष 1999 में सितारवादक पण्डित रविशंकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। **पण्डित रविशंकर** भारत के महान संगीतकार (सितार वादक) थे और भारतीय संगीत को पश्चिम में लोकप्रिय बनाने में उन्होंने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

• पण्डित रविशंकर को **तीन ग्रैमी पुरस्कार** से सम्मानित किया जा चुका है।

• पण्डित रविशंकर की जीवनी **माई लाइफ, माई म्यूजिक** है।

**56.** निम्नलिखित में से झारखण्ड की सन्थाल जनजाति द्वारा कौन-सा नृत्य किया जाता है?

**SSC CGL Tier-1 14.07.2023 (Shift-IV)**

(a) कोलकला (b) झिका दसाई
(c) कोली (d) घूमर

**उत्तर (b)**

• **झिका दसाई** नृत्य धार्मिक उत्सव में आध्यात्मिक शक्तियों को प्राप्त करने और बुरी आत्माओं के प्रभाव को दूर करने के लिए सन्थाल जनजाति द्वारा किया जाता है।

• इस नृत्य का आयोजन दशहरे के पहले किया जाता है।

• **कोली नृत्य** महाराष्ट्र और गोवा में **घूमर नृत्य** राजस्थान (महिलाओं द्वारा) में तथा **कोलकली नृत्य** केरल में किया जाता है।

**57.** निम्नलिखित में से कौन-सी शख्सियत कर्नाटक संगीत से सम्बन्धित नहीं है?

**SSC CGL Tier-1 14.07.2023 (Shift-IV)**

(a) विष्णु नारायण भातखण्डे
(b) कल्याणी वरदराजन
(c) एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी
(d) सुब्रह्मण्यम भरतियार

**उत्तर (a)**

• **विष्णु नारायण भातखण्डे** हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के विद्वान थे।

• उन्होंने संगीतशास्त्र पर **हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति** नामक ग्रन्थ चार भागों में प्रकाशित किया और ध्रुपद, धमार तथा ख्याल को संग्रह करके **क्रमिक पुस्तक मालिका** नामक ग्रन्थ छ: भागों में प्रकाशित किया।

**58.** 'दलखाई' भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य का लोकनृत्य है?

**SSC CGL Tier-1 12.07.2023 (Shift-I)**

(a) कर्नाटक (b) पंजाब
(c) केरल (d) ओडिशा

**उत्तर (d)**

• दलखाई नृत्य, ओडिशा के **सम्बलपुर** के आदिवासियों के सबसे लोकप्रिय पारम्परिक लोकनृत्यों में से एक है।

• यह नृत्य आमतौर पर **देवी दुर्गा** को आकर्षित करने के लिए किया जाता है।

**59.** चांगाई 'नृत्य भारत के किस राज्य से सम्बन्धित है? **SSC CGL Tier-1 17.07.2023 (Shift-II)**

(a) महाराष्ट्र (b) मध्य प्रदेश
(c) नागालैण्ड (d) झारखण्ड

**उत्तर (c)**

• चांगाई नृत्य, नागालैण्ड की चांग नागा जनजाति का एक पारम्परिक लोकनृत्य है।

• इस नृत्य में पारम्परिक संगीत वाद्ययन्त्र जैसे ड्रम, घंटियाँ और बाँस के वाद्ययन्त्रों का प्रयोग किया जाता है।

• यह नृत्य शत्रु पर जीत की खुशी में किया जाता है।

• इस नृत्य को **सुआ-लुआ** के नाम से भी जाना जाता है।

**60.** शास्त्रीय नृत्य रूपों को प्रोत्साहन देने में अपने अद्वितीय योगदान के लिए तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के निवासी नर्तक के रूप में किसे सम्मानित किया गया था?

**SSC CGL Tier-1 17.07.2023 (Shift-II)**
**SSC CGL Tier-1 07.12.2022 (Shift-I)**

(a) यामिनी कृष्णमूर्ति (b) उमा शर्मा
(c) रागिनी देवी (d) रुक्मिणी देवी

**उत्तर (a)**

• यामिनी कृष्णमूर्ति **भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी** नृत्य शैली की भारतीय नृत्यांगना हैं।

• उनका जन्म 20 दिसम्बर, 1940 को आन्ध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में हुआ था।

• वर्ष 1990 में उन्होंनें दिल्ली में यामिनी स्कूल ऑफ डॉन्स की स्थापना की।

• इन्हें वर्ष 1968 में पद्मश्री, 2001 में पद्म भूषण तथा 2016 में पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**61.** संगीतकारों और उनके वाद्ययन्त्रों का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत है?

**SSC CGL Tier-1 17.07.2023 (Shift-II)**

(a) एन राजम - वायलिन
(b) बिस्मिल्लाह खान - शहनाई
(c) पं. रवि शंकर - सितार
(d) पं. राम नारायण - सरोद

**उत्तर (d)**

• पण्डित राम नारायण एक हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीतकार हैं, जो **वीणा** नामक वाद्ययन्त्र से सम्बन्धित हैं।

• वीणा सुर ध्वनियों के लिए भारतीय संगीत में प्रयुक्त **सबसे प्राचीन वाद्ययन्त्र** है।

**62.** कुम्भी लोकनृत्य भारत के किस राज्य की महिलाओं द्वारा किया जाता है?

**SSC CGL Tier-1 17.07.2023 (Shift-III)**

(a) तमिलनाडु (b) मध्य प्रदेश
(c) झारखण्ड (d) राजस्थान

**उत्तर (a)**
• कुम्भी नृत्य केरल और तमिलनाडु राज्य का लोकप्रिय नृत्य है जो महिलाओं द्वारा किया जाता है।
• कुम्भी नृत्य की विशेषता है कि इसका प्रदर्शन बिना संगीत के केवल लयबद्ध ताली बजाकर किया जाता है।
• **पोंगल उत्सव** के दौरान इस नृत्य का प्रदर्शन किया जाता है।

**63.** शाहिद परवेज खान, बुधादित्य मुखर्जी और अनुष्का शंकर निम्नलिखित में से किस वाद्ययन्त्र से जुड़े हैं?
**SSC CGL Tier-1 17.07.2023 (Shift-III)**
(a) सितार (b) सरोद (c) बीन (d) सन्तूर

**उत्तर (a)**
• उस्ताद शाहिद परवेज खान तथा बुधादित्य मुखर्जी इमदादखानी घराने से सम्बन्धित हैं।
• सितार पूर्णत: भारतीय वाद्ययन्त्र है, क्योंकि इसमें भारतीय वाद्यों की तीन विशेषताएँ हैं। तन्त्री या तारों के अतिरिक्त इसमें **घुडंच, तरब के तार** तथा **सारिकाएँ** होती हैं।

**64.** बोरगीत किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली से सम्बन्धित है?
**SSC CGL Tier-1 17.07.2023 (Shift-IV)**
(a) मणिपुरी (b) ओडिशा
(c) सत्रीया (d) कुचिपुड़ी

**उत्तर (c)**
• बोरगीत **सत्रीया** भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली से सम्बन्धित है।
• बोरगीत, ब्रजावली बोली में लिखे गए हैं, जो ओडिशा और **बंगाल** में प्रयोग होने वाली ब्रजबोली से अलग है।
• प्रथम बोरगीत की रचना **श्रीमंत शंकरदेव** ने वर्ष 1988 में बद्रिकाश्रम में अपनी पहली तीर्थयात्रा के दौरान की थी।

**65.** संगीतकार शिवमणि किस वाद्ययन्त्र से सम्बन्धित हैं?
**SSC CGL Tier-1 17.07.2023 (Shift-IV)**
(a) शहनाई (b) ड्रम
(c) वायलिन (d) सरोद

**उत्तर (b)**
• संगीतकार शिवमणि ड्रम, वाद्ययन्त्र से सम्बन्धित हैं। इसके अतिरिक्त दरबुका, घाटम व कंजीरा जैसे वाद्ययन्त्र बजाते हैं।
• इन्होंने वर्ष 2008 से 2010 में आईपीएल चैम्पियनशिप के दौरान अपनी कला का प्रदर्शन ड्रम मेन से बजाकर किया था।
• शिवमणि जी के म्युजिक बैण्ड का नाम 'एशिया इलेक्ट्रिक' है।
• वर्ष 2019 में इन्हें पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**66.** 2022 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित, अर्जुन सिंह धुर्वे, निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली के आदिवासी नर्तक हैं?
**SSC CGL Tier-1 17.07.2023 (Shift-IV)**
(a) सन्थाल (b) बैगा
(c) छऊ (d) तेरहताली

**उत्तर (b)**
• वर्ष 2022 में पद्मश्री से सम्मानित अर्जुन सिंह धुर्वे भारतीय राज्य मध्य प्रदेश के डिंडोरी जिले के बैगा नृत्य शैली के एक **लोक नर्तक** व **सेवानिवृत्त शिक्षक** हैं।
• **वर्ष 2005** में नई दिल्ली के **इण्डिया गेट** की परेड में **अर्जुन सिंह** और उनकी टीम ने बैगा प्रधानी नृत्य प्रस्तुत किया था।
• बैगा नृत्य शैली में नर्तक बैल, मोर, हाथी, घोड़ा इत्यादि के **मुखौटे लगाकर** नृत्य का प्रदर्शन करते हैं।

**67.** निम्नलिखित में से कौन सुरबहार वाद्ययन्त्र से सम्बन्धित है? **SSC CGL Tier-1 18.07.2023 (Shift-I)**
(a) शिव कुमार शर्मा (b) अन्नपूर्णा देवी
(c) शरण रानी (d) भजन सोपारी

**उत्तर (b)**
• अन्नपूर्णा देवी सुरबहार वाद्ययन्त्र से सम्बन्धित हैं और वे **मैहर घराने** के संस्थापक उस्ताद अलाउद्दीन खान की बेटी थीं।
• वर्ष 1977 में इन्हें पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
• प्रसिद्ध बाँसुरी वादक पण्डित हरिप्रसाद चौरसिया अन्नपूर्णा देवी के प्रमुख शिष्यों में से एक हैं।

**68.** 'अलारिप्पु' नृत्य भारत के निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य का रूप है?
**SSC CGL Tier-1 18.07.2023 (Shift-II)**
(a) कथकली (b) भरतनाट्यम
(c) ओडिसी (d) कथक

**उत्तर (b)**
• **अलारिप्पु** नृत्य **लय** पर आधारित है तथा भरतनाट्यम का रूप है।
• यह नृत्य शैली दक्षिण भारत के धार्मिक विषयों और आध्यात्मिक विचारों को व्यक्त करती है।
• **प्राचीन तमिल** पुस्तक **शिल्पादिकारम्** में भरतनाट्यम का वर्णन मिलता है।

**69.** संगीत वाद्ययन्त्रों के, उनकी सम्बन्धित शख्सियतों के दिए गए अनुक्रम के अनुसार सही क्रम का चयन करें।
'उस्ताद अल्ला रक्खा, तोताराम शर्मा, टी.एच.विनायकम'
**SSC CGL Tier-1 18.07.2023 (Shift-III)**
(a) घटम, पखावज, तबला
(b) तबला, घटम, पखावज
(c) पखावज, तबला, घटम
(d) तबला, पखावज, घटम

**उत्तर (d)**
• भारतीय तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा कुरैशी, जिन्हें **अल्ला रक्खा** के नाम से जाना जाता है, हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के विशेषज्ञ थे।
• इन्हें वर्ष 1982 में **संगीत नाटक अकादमी** पुरस्कार और वर्ष 1977 में **पद्मश्री** प्राप्त हुआ।
• पखावज वादक तोताराम शर्मा को वर्ष 2012 में राष्ट्रीय संगीत नाटक अकादमी सम्मान से सम्मानित किया गया।
• घटम वादक **टी. एच. विनायकम** को वर्ष 2002 में **पद्मश्री** तथा वर्ष 2014 में **पद्म भूषण** सम्मान से सम्मानित किया गया।

**70.** थबल चोंगबा भारत के किस राज्य का लोकनृत्य है? **SSC CGL Tier-1 18.07.2023 (Shift-III)**
(a) मिजोरम (b) पश्चिम बंगाल
(c) मणिपुर (d) गोवा

**उत्तर (c)**
• थबल चोंगबा, मणिपुर राज्य का एक लोकप्रिय नृत्य है।
• थबल का शाब्दिक अर्थ है, 'चन्द्रमा की रोशनी' और चोंगबा का अर्थ है 'नृत्य'। अत: इसका अर्थ हैं 'चन्द्रमा की रोशनी में नृत्य।
• यह नृत्य याओशांग त्योहार के दौरान किया जाता है।
• इस नृत्य की विशेषता है, सुन्दर चाल, जटिल पदचाप और रंगीन वेशभूषा।

**71.** कलबेलिया नृत्य सामान्यत: भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में किया जाता है? **SSC CGL Tier-1 18.07.2023 (Shift-IV)**
**SSC CPO 10.11.2022**
(a) असम (b) पंजाब
(c) तमिलनाडु (d) राजस्थान

**उत्तर (d)**
• राजस्थान में कलबेलिया नामक जनजाति, जिसे सपेरा जाति भी कहते हैं, द्वारा कलबेलिया नृत्य किया जाता हैं। इस कारण इस नृत्य को प्राय: **सपेरा डांस** भी कहा जाता है।
• वर्ष 2010 में इस नृत्य को UNESCO के मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची के अन्तर्गत शामिल किया गया था।

**72.** निम्नलिखित भारतीय शास्त्रीय तबला वादकों में से किसे 'अब्बाजी' कहा जाता था? उन्होंने वर्ष 1968 में अमेरिकी जैज़ ड्रमर बड़ी रिच के साथ मिलकर एक संगीत एल्बम बनाया था।
**SSC CGL Tier-1 19.07.2023 (Shift-I)**
(a) जाकिर हुसैन
(b) अल्ला रक्खा
(c) फजल कुरैशी
(d) तौफीक कुरैशी

**उत्तर (b)**
• भारतीय तबला वादक अल्ला रक्खा ने 1968 में अमेरिकी जैज ड्रमर बड़ी रिच के साथ मिलकर संगीत एल्बम बनाया, जिन्हें अब्बाजी के नाम से जाना जाता है।
• अल्ला रक्खा का जन्म 29 अप्रैल, 1919 को हुआ था। वे भारत के सर्वश्रेष्ठ **एकल और संगीत वादकों** में से एक थे।
• अल्ला रक्खा **पंजाब घराने** से सम्बन्धित थे।
• वर्ष 1977 में इन्हें पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**73.** निम्नलिखित में से कौन-सा नृत्य भारतीय राज्य ओडिशा में मुख्य रूप से नहीं किया जाता है?
**SSC CGL Tier-1 19.07.2023 (Shift-I)**
(a) भवाई (b) ढप
(c) घुमरा (d) पाइका

**उत्तर (a)**
• भवाई नृत्य भारतीय राज्य ओडिशा में नहीं किया जाता।

• भवाई नृत्य का कथानक व प्रस्तुति इसके आकर्षण का मुख्य कारण है। इसमें विभिन्न **शारीरिक करतब** दिखाने पर अधिक बल दिया जाता है।
• ढप नृत्य ओडिशा की **कोंध जनजाति** द्वारा किया जाता है। यह एक **आदिवासी नृत्य** है।
• **घुमरा नृत्य** ओडिशा के काला हाण्डी जिले में प्रचलित है।
• **पाइका नृत्य** का नाम **पाइका** शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ है—लड़ाकू या योद्धा जो क्षेत्रीय शासकों के लिए कार्य करते थे।

**74.** पण्डित जसराज, भीमसेन जोशी और जाकिर हुसैन किस संगीत रूप से जुड़े हैं?
**SSC CGL Tier-1 19.07.2023 (Shift-II)**
(a) जैज संगीत
(b) पॉप संगीत
(c) कर्नाटक संगीत
(d) हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत

**उत्तर (d)**
• पण्डित जसराज, भीमसेन जोशी और जाकिर हुसैन **हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत** से जुड़े हैं।
• पण्डित जसराज भारत के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायकों में से एक थे तथा इनका सम्बन्ध **मेवाती** घराने से था।
• उस्ताद जाकिर हुसैन भारत के प्रसिद्ध **तबला वादक** हैं। भारत सरकार द्वारा उन्हें कला के क्षेत्र में वर्ष 1988 में **पद्मश्री** तथा वर्ष 2002 में **पद्म भूषण पुरस्कार** से सम्मानित किया गया।
• वर्ष 2008 में पण्डित भीमसेन जोशी को **भारत रत्न** पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**75.** प्रसिद्ध संगीतकार फैयाज खान किस वाद्ययन्त्र से सम्बन्धित हैं?
**SSC CGL Tier-1 19.07.2023 (Shift-III)**
(a) सितार (b) तबला
(c) वीणा (d) शहनाई

**उत्तर (b)**
• **तबला वादक** भारतीय शास्त्रीय गायक उस्ताद फैयाज खान हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के **आगरा** घराने से सम्बन्धित थे।
• फैयाज खान ने बड़ौदा के महाराज **सयाजीराव गायकवाड़** III के दरबारी संगीतकार के रूप में कार्य किया। यहाँ उनकी सेवाओं के लिए उन्हें **ज्ञान रत्न** पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**76.** रायगढ़ घराना निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली से सम्बन्धित है?
**SSC CGL Tier-1 19.07.2023 (Shift-III)**
(a) कथकली (b) ओडिसी
(c) कथक (d) मणिपुरी

**उत्तर (c)**
• शास्त्रीय नृत्य कथक की **रायगढ़ शैली** के विकास में **राजा चक्रधर सिंह** का सबसे बड़ा योगदान माना जाता है।
• रायगढ़ घराने के कथक नृत्य के विकास में वर्ष 1993 में एक घण्टे की डॉक्यूमेंट्री का निर्माण कोलकाता की **सुश्री वलाका घोष** द्वारा **श्री नीलोत्पल मजूमदार** के निर्देशन में किया गया था।

**कथक नृत्य**
कथक भारतीय शास्त्रीय नृत्य के नौ प्रमुख रूपों में से एक है।
कथक उत्तर प्रदेश का शास्त्रीय नृत्य है।
यह भक्ति आन्दोलन के दौरान विकसित हुआ, जिसमें भगवान कृष्ण की कहानियाँ शामिल थीं।
फारसी तत्त्वों को प्रदर्शित करने वाला यह एकमात्र भारतीय शास्त्रीय नृत्य है।

**77.** जामदा लोकनृत्य भारत के किस राज्य से सम्बन्धित है?
**SSC CGL Tier-1 19.07.2023 (Shift-IV)**
(a) असम (b) मणिपुर
(c) झारखण्ड (d) महाराष्ट्र

**उत्तर (c)**
• जामदा लोकनृत्य झारखण्ड की जीवन्त संस्कृति और परम्परा का प्रतिनिधित्व करता है।
• झारखण्ड राज्य में विभिन्न लोकनृत्य प्रचलित हैं, जो फसल के मौसम, त्योहार और सामाजिक समारोह के दौरान किए जाते हैं।
• झारखण्ड में कुछ अन्य लोक और जनजातीय नृत्यों में छऊ, पाइका, डोमकच, फगुआ इत्यादि हैं।

**78.** निम्नलिखित में से कौन-सी शख्सियत संगीत वाद्य मैंडोलिन से जुड़ी है?
**SSC CGL Tier-1 19.07.2023 (Shift-IV)**
(a) एम. एस. गोपालकृष्णन
(b) बृजभूषण काबरा
(c) यू श्रीनिवास
(d) विश्वमोहन भट्ट

**उत्तर (c)**
• **यू श्रीनिवास** ने **मैंडोलिन** नामक पश्चिमी संगीत वाद्ययन्त्र को पारम्परिक कर्नाटक संगीत में शामिल किया।
• इन्हें वर्ष 1998 में भारत सरकार द्वारा **पद्मश्री** से सम्मानित किया गया।
• वर्ष 2009 में इन्हें **संगीत नाटक अकादमी** पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।
• यू श्रीनिवास को **भारतीय शास्त्रीय संगीत का मोजार्ट** कहा जाता है।

**79.** भारत की सुप्रसिद्ध शख्सियत एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित हैं?
**SSC CGL Tier-1 20.07.2023 (Shift-I)**
(a) हिन्दुस्तानी संगीत (b) सूफी भक्ति संगीत
(c) गजल संगीत (d) कर्नाटक संगीत

**उत्तर (d)**
• कर्नाटक संगीत में एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान **भारत रत्न** (1998) से सम्मानित होने वाली पहली गायिका थीं।
• वे वर्ष 1974 में भी **रेमन मैग्सेसे** पुरस्कार से सम्मानित होने वाली **पहली संगीतकार** बनीं।

**80.** निम्नलिखित में से कौन पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित, प्रसिद्ध भरतनाट्यम प्रवर्तक, ब्रह्म विद्यावादी और कलाक्षेत्र नृत्य स्कूल की संस्थापक थी? **SSC CGL Tier-1 20.07.2023 (Shift-I)**
(a) सरोजा वैद्यनाथन
(b) सोनल मानसिंह
(c) मल्लिका साराभाई
(d) रुक्मिणी देवी अरुण्डेल

**उत्तर (d)**
• रुक्मिणी देवी अरुण्डेल पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित, प्रसिद्ध भरतनाट्यम् प्रवर्तक ब्रह्म विद्यावादी और कलाक्षेत्र नृत्य स्कूल की संस्थापक थी।
• वह भारतीय संसद की ऊपरी सदन, राज्यसभा के चुनाव के लिए नामांकित होने वाली **पहली महिला** थीं।

**81.** भारत की निम्नलिखित कथक नर्तकियों में से किसने वर्ष 1964 में कदम्ब नृत्य केन्द्र की स्थापना की थी?
**SSC CGL Tier-1 20.07.2023 (Shift-I)**
(a) कुमुदिनी लखिया (b) रोहिणी भाटे
(c) सितारा देवी (d) शोवना नारायण

**उत्तर (a)**
• कुमुदिनी लखिया ने वर्ष 1964 में कदम्ब नृत्य केन्द्र की स्थापना की।
• इन्हें **पद्मश्री** और **पद्म भूषण** से सम्मानित किया गया है।
• उन्होंने पारम्परिक भारतीय नृत्यों को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए यह केन्द्र खोला था।
• कथक उत्तर प्रदेश का **शास्त्रीय नृत्य** है।

**82.** इन्हें मणिपुर के महाराज ने मणिपुरी नृत्य को पुनर्जीवित करने के लिए 'हंजाबा' की उपाधि दी थी? **SSC CGL Tier-1 20.07.2023 (Shift-II)**
(a) बिपिन सिंह (b) चारु मल्हार
(c) कलावती देवी (d) दर्शन झावेरी

**उत्तर (a)**
• बिपिन सिंह को मणिपुर के महाराज ने मणिपुरी नृत्य को पुनर्जीवित करने के लिए 'हंजाबा' की उपाधि दी थी।
• गुरु विपिन सिंह, जिन्हें **आधुनिक मणिपुरी नृत्य और शैली का जनक** माना जाता है, **विष्णुप्रिया मणिपुरी** समुदाय से सम्बद्ध थे।

**83.** गिद्दा और भाँगड़ा भारत के किस राज्य के लोकनृत्य हैं? **SSC CGL Tier-1 20.07.2023 (Shift-II)**
(a) पंजाब (b) बिहार
(c) झारखण्ड (d) गुजरात

**उत्तर (a)**
• भाँगड़ा पंजाब का एक लोकनृत्य है, जो पुरुषों द्वारा किया जाता है, जबकि नृत्य में इसके **महिला संस्करण** को गिद्दा के रूप में जाना जाता है।
• भाँगड़ा मुख्य रूप से फसल कटाई के मौसम में पंजाबी किसानों द्वारा किया जाता है।

**84.** निम्नलिखित भारतीय संगीतकारों में कौन 'पंचम दा' के नाम से जाने जाते हैं?
**SSC CGL Tier-1 20.07.2023 (Shift-II)**
(a) नितिन मुकेश (b) किशोर कुमार
(c) सचिन देव बर्मन (d) राहुल देव बर्मन

**उत्तर (d)**
• **राहुल देव बर्मन** ने 1960 से 1990 के दशक तक बॉलीवुड फिल्मों में काम किया। ये 'पंचम दा' के नाम से भी विख्यात थे।
• भारतीय फिल्मी क्षेत्र में पाश्चात्य संगीत लाने का श्रेय **पंचम दा** को ही दिया जाता है।
• इनके पिता, सचिन देव बर्मन भी **दिग्गज संगीतकार** थे।

**85.** 'कलासम' भारत के निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य का एक नृत्य अनुक्रम है?
**SSC CGL Tier-1 20.07.2023 (Shift-III)**
(a) मणिपुरी (b) भरतनाट्यम
(c) कथक (d) कथकली

**उत्तर (d)**
• 'कलासम' भारत के कथकली शास्त्रीय नृत्य का एक नृत्य अनुक्रम है।
• कथकली, भरतनाट्यम के समान **केरल** राज्य का धार्मिक एवं शास्त्रीय नृत्य है।
• **केरल कलामण्डलम्** कथकली अध्ययन का प्रमुख केन्द्र है।
• कथकली में विराम-चिह्न के तौर पर कलासम का उपयोग होता है।

**86.** पद्मश्री और पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित, यामिनी कृष्णमूर्ति भरतनाट्यम और निम्नलिखित में से किस नृत्य के लिए प्रसिद्ध हैं? **SSC CGL Tier-1 20.07.2023 (Shift-IV)**
(a) कुचिपुड़ी (b) कथकली
(c) कथक (d) मणिपुरी

**उत्तर (a)**
• पद्मश्री और पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित यामिनी कृष्णमूर्ति भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी नृत्य के लिए प्रसिद्ध हैं।
• यामिनी कृष्णमूर्ति को कुचिपुड़ी नृत्य के लिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 1968 में **पद्म भूषण** तथा 2016 में **पद्मश्री** से सम्मानित किया गया।

**87.** विकल्पों में से उस संगीतकार की पहचान कीजिए जो वाद्ययन्त्र सरोद से जुड़ा है।
**SSC CGL Tier-1 20.07.2023 (Shift-IV)**
(a) अलाउद्दीन खान (b) हरिप्रसाद चौरसिया
(c) अन्नपूर्णा देवी (d) विलायत खान

**उत्तर (a)**
• अलाउद्दीन खान का सम्बन्ध सरोद वाद्ययन्त्र से है।
• अलाउद्दीन खान को कला के क्षेत्र में वर्ष **1958** में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।
• वर्ष 1954 में **संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप** से नवाजा गया।
• हरिप्रसाद चौरसिया का सम्बन्ध बाँसुरी, विलायत खान का सम्बन्ध **सितार** एवं अन्नपूर्णा देवी का सम्बन्ध **सुरबहार वाद्ययन्त्र** से है।

**88.** निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्तित्व एक प्रसिद्ध भरतनाट्यम नर्तक/नृत्यांगना है?
(a) बिरजू महाराज (b) शाश्वती सेन
(c) पद्मा सुब्रह्मण्यम (d) नाइक सिद्दीकी

**उत्तर (c)**
• **पद्मा सुब्रह्मण्यम्** प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना हैं।
• इनका का जन्म 4 फरवरी, 1943 को मद्रास (चेन्नई) में हुआ था। वह एक **रिसर्च स्कॉलर, कोरियोग्राफर, म्यूजिक कम्पोजर** व **गायिका** भी हैं तथा भारत के साथ विदेशों में भी प्रसिद्ध हैं।
• भारत सरकार द्वारा वर्ष 1981 में उन्हें **पद्मश्री** व वर्ष 2003 में **पद्म भूषण** से सम्मानित किया गया।
• वर्ष 1983 में उन्हें **संगीत नाटक अकादमी** पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

**89.** शिवपुत्र सिद्धरामय्या कोमकलीमठ किस भारतीय शास्त्रीय गायक का मूल नाम है?
**SSC CGL Tier-1 21.07.2023 (Shift-I)**
(a) पण्डित दिनकर कैकिनी
(b) पण्डित कुमार गन्धर्व
(c) पण्डित ओंकारनाथ ठाकुर
(d) पण्डित जसराज

**उत्तर (b)**
• शिवपुत्र सिद्धरामय्या कोमकलीमठ भारतीय शास्त्रीय गायक पण्डित कुमार गन्धर्व का मूल नाम है।
• पण्डित कुमार गन्धर्व जी **हिन्दुस्तानी एवं कर्नाटक** दोनों संगीत के लिए प्रसिद्ध हैं।
• वर्ष 1977 में भारत सरकार द्वारा कला के क्षेत्र में उन्हें **पद्म भूषण** से सम्मानित किया गया था।

**90.** छऊ लोकनृत्य की कितनी प्रमुख शैलियाँ हैं?
**SSC CGL Tier-1 21.07.2023 (Shift-I)**
(a) 5 (b) 3 (c) 9 (d) 7

**उत्तर (b)**
• **सरायकेला छऊ**, **मयूरभंज छऊ** और **पुरुलिया छऊ**, छऊ लोकनृत्य की प्रमुख तीन शैलियाँ हैं।
• छऊ एक लोकनृत्य है, जो **पश्चिम बंगाल, ओडिशा** एवं **झारखण्ड** आदि राज्यों में प्रचलित है।
• इसका आयोजन ज्यादातर वसन्त त्योहार के चैत्र पर्व पर होता है, जोकि **13 दिन** तक चलता है।

**91.** बनारस घराने के पण्डित किशन महाराज एक .............. वादक थे।
**SSC CGL Tier-1 20.07.2023 (Shift-II)**
(a) बाँसुरी (b) सारंगी (c) संतूर (d) तबला

**उत्तर (d)**
• बनारस घराने के पण्डित किशन महाराज एक तबला वादक थे।
• भारत सरकार ने पण्डित किशन महाराज को कला के क्षेत्र में योगदान देने के कारण वर्ष **1973** में पद्मश्री और वर्ष **2002** में पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया था।
• पण्ड्ति किशन महाराज भी **चित्रकार, वीर रस के कवि** और **ज्योतिषी** के जानकार थे।

**92.** पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित वी सत्यनारायण शर्मा को निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली के लिए जाना जाता था?
**SSC CGL Tier-1 21.07.2023 (Shift-II)**
(a) ओडिसी (b) भरतनाट्यम
(c) कथक (d) कुचिपुड़ी

**उत्तर (d)**
• पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित सत्यनारायण शर्मा कुचिपुड़ी नृत्य से सम्बन्धित हैं। इन्हें कई पुरस्कार जैसे संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप आदि से सम्मानित किया गया था।
• वर्ष 1970 में इन्हें भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान **पद्मश्री** से सम्मानित किया गया था।
• वेदांतम सत्यनारायण शर्मा को **सत्यम** उपनाम से भी जाना जाता है। यह एक भारतीय शास्त्रीय नर्तक और कोरियोग्राफर थे।

**93.** कलाक्षेत्र शैली किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली से सम्बन्धित है?
**SSC CGL Tier-1 21.07.2023 (Shift-II)**
(a) ओडिसी (b) भरतनाट्यम
(c) कथक (d) कुचिपुड़ी

**उत्तर (b)**
• कलाक्षेत्र शैली, **भरतनाट्यम** से सम्बन्धित है, जिसकी उत्पत्ति तमिलनाडु में हुई।
• इस नृत्य कला में तीन कलाओं- **भावम्**, **रागम्** और **तालम्** का समावेश है।
• कलाक्षेत्र शैली में भरतनाट्यम ने कई अन्य शैलियों को भी प्रभावित किया है।

**94.** राधे श्याम बारले को गुरु घासीदास की जयन्ती पर सन्तनामी समुदाय के आदिवासियों के पन्थी नृत्य को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2020-21 में पद्मश्री मिला था। यह नृत्य शैली किस राज्य से सम्बन्धित है?
**SSC CGL Tier-1 21.07.2023 (Shift-III)**
(a) ओडिशा (b) बिहार
(c) मध्य प्रदेश (d) छत्तीसगढ़

**उत्तर (d)**
• **राधेश्याम बारले,** को गुिरु घासीदास की जयन्ती पर सतनामी समुदाय के आदिवासियों के पन्थी नृत्य को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2020-21 में पद्मश्री पुरस्कार मिला। ये छत्तीसगढ़ नृत्य शैली से सम्बन्धित हैं।
• **छत्तीसगढ़** की पन्थी नृत्य शैली की विशेषता इसकी लयबद्ध चाल और पैर की थिरकती ताल है, जिसके साथ **मंजीरों** और **ढोलक** की मधुर ध्वनि भी होती है।

**95.** पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित दर्शन झावेरी भारत की एक ...... नृत्यांगना हैं।
**SSC CGL Tier-1 21.07.2023 (Shift-III)**
(a) कथकली (b) कथक
(c) मणिपुरी (d) भरतनाट्यम

**उत्तर (c)**
• वर्ष 2007 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित दर्शन झावेरी भारत की एक मणिपुरी नृत्यांगना हैं।
• झावेरी बहनों ने वर्ष 1972 में मणिपुरी नृत्यालय की स्थापना की थी, जिसके माध्यम से मणिपुरी नृत्य लोकप्रिय बना।
• उन्होंने गुरु बिपिन सिंह के कुशल मार्गदर्शन में मणिपुरी नृत्य की शास्त्रीयता को संरक्षित करने और प्रसारित करने में अपना जीवन समर्पित कर दिया।

**96.** यू श्रीनिवास निम्नलिखित में से किस वाद्ययन्त्र के प्रसिद्ध वादक हैं?
**SSC CGL Tier-1 21.07.2023 (Shift-II)**
(a) सितार (b) वायलिन (c) गिटार (d) मैंडोलिन

**उत्तर (d)**
• यू श्रीनिवास **कर्नाटक शास्त्रीय संगीत** के एक भारतीय वाद्ययन्त्र मैंडोलिन के प्रसिद्ध वादक और संगीतकार हैं।
• वर्ष 1998 में उन्हें भारत सरकार द्वारा **पद्मश्री** से सम्मानित किया गया था।
• वर्ष 2009 में उन्हें **संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार** से सम्मानित किया गया था।

**97.** 'नटी' निम्नलिखित में से भारत के किस राज्य का लोकनृत्य है? **SSC CGL Tier-1 21.07.2023 (Shift-IV)**

(a) हिमाचल प्रदेश (b) आन्ध्र प्रदेश
(c) केरल (d) नागालैण्ड

**उत्तर (a)**

• **हिमाचल प्रदेश** राज्य का नटी नृत्य ऐतिहासिक रूप से कुल्लू, शिमला, सिरमौर, चम्बा, किन्नौर, उत्तरकाशी, देहरादून और गढ़वाल आदि क्षेत्रों में प्रचलित है। यह नृत्य यहाँ की स्थानीय संस्कृति को दर्शाता है।

• इस नृत्य को वर्ष 2016 में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में आधिकारिक तौर पर **दुनिया के सबसे बड़े लोकनृत्य** के रूप में सूचीबद्ध किया गया था।

**98.** खेमराज को लोक संगीत और 'कुद' नृत्य में उनके योगदान के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला। यह लोकनृत्य किस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का है? **SSC CGL Tier-1 24.07.2023 (Shift-I)**

(a) पंजाब (b) जम्मू और कश्मीर
(c) हरियाणा (d) हिमाचल प्रदेश

**उत्तर (b)**

• खेमराज को लोक संगीत और 'कुद' नृत्य में उनके योगदान के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला। यह जम्मू और कश्मीर केन्द्रशासित प्रदेश का लोकनृत्य है।

• **जम्मू और कश्मीर** के कुद नृत्य को मुख्य रूप से **लोक देवता** का अभिवादन करने के लिए किया जाता है।

• जम्मू और कश्मीर के अन्य नृत्य **रऊफ**, **हिकात**, **मंदजस** तथा **दमालि** आदि हैं।

**99.** 'भारत में आधुनिक नृत्य का जनक' किसे माना जाता है? **SSC CGL Tier-1 21.07.2023 (Shift-I)**

(a) गुरु बिपिन सिंह (b) उदय शंकर
(c) बिरजू महाराज (d) गोपीकृष्ण

**उत्तर (b)**

• उदय शंकर को भारत में **आधुनिक नृत्य का जनक** माना जाता है।

• इन्हें पारम्परिक भारतीय शास्त्रीय नृत्य में पश्चिमी रंगमंचीय तकनीकों को अपनाने के लिए जाना जाता है।

• इन्होंने उत्तराखण्ड के अल्मोड़ा में पहला भारतीय नृत्य विद्यालय, **उदय शंकर भारत संस्कृति केन्द्र** भी स्थापित किया।

**100.** ईश्वरी प्रसाद निम्नलिखित में से किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य से सम्बन्धित हैं? **SSC CGL Tier-1 21.07.2023 (Shift-II)**

(a) भरतनाट्यम (b) कथकली
(c) मणिपुरी (d) कथक

**उत्तर (d)**

• ईश्वरी प्रसाद भारतीय शास्त्रीय कथक नृत्य से सम्बन्धित हैं।

• कथक नृत्य की उत्पत्ति **भारत** में हुई थी।

• इस नृत्य का आधार संस्कृत पाठ **नाट्यशास्त्र** में निहित है।

• पण्डित बिरजू महाराज **ईश्वरी प्रसाद** के **प्रत्यक्ष वंशज** हैं।

**101.** उस्ताद हस्सू खान संगीत के निम्नलिखित में से किस घराने के संस्थापकों में से एक थे? **SSC CGL Tier-1 21.07.2023 (Shift-II)**

(a) आगरा (b) पटियाला
(c) ग्वालियर (d) रामपुर

**उत्तर (c)**

• **उस्ताद** हस्सू खान ग्वालियर घराने के संस्थापकों में से एक थे।

• ग्वालियर घराने का उद्‌भव **मुगल साम्राज्य** के समय हुआ था।

• यह घराना **भारतीय शास्त्रीय संगीत** के सबसे पुराने घराने में से एक है।

• **ग्वालियर घराना** स्वर संस्कृति सुरों की स्पष्टता और जटिल लयबद्ध पैटर्न पर बल देने के लिए जाना जाता है।

**102.** कथक के लखनऊ घराने की स्थापना किसने की थी? **SSC CGL Tier-1 21.07.2023 (Shift-II)**

(a) ईश्वरी प्रसाद (b) बिरजू महाराज
(c) सितारा देवी (d) रुक्मिणी देवी

**उत्तर (a) ईश्वरी प्रसाद** ने कथक के लखनऊ घराने की स्थापना की थी।

• कथक तीन अलग-अलग रूपों में स्थापित है, जिसे **घराना** के रूप में जाना जाता है।

• इसका नाम उन शहरों के नाम पर रखा गया है, जहाँ **कथक नृत्य परम्परा विकसित** हुई। ये नाम हैं– **जयपुर**, **बनारस** व **लखनऊ**।

• लखनऊ घराने में चेहरे के भावों व हाथों की सुन्दर मुद्राओं पर अधिक ध्यान दिया जाता है।

**103.** निम्नलिखित में से उस भारतीय संगीतकार का चयन करें, जो ताल वाद्ययन्त्रों (प्रहार द्वारा बजाया जाने वाला) से जुड़ा है। **SSC CGL Tier-1 21.07.2023 (Shift-III)**

(a) पण्डित अयोध्या प्रसाद
(b) बिस्मिल्लाह खान
(c) विश्वमोहन भट्ट
(d) पण्डित रविशंकर

**उत्तर (a)**

• **पण्डित अयोध्या प्रसाद** ताल वाद्ययन्त्र से सम्बन्धित हैं। आघात वाद्ययन्त्र **ताल वाद्ययन्त्र** कहलाते हैं।

• उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ, एक **शहनाई वादक** थे।

• विश्वमोहन भट्ट, भारतीय संगीत के प्रमुख कलाकारों में से एक हैं।

• पण्डित रविशंकर **सितार वादक** और **संगीतज्ञ** थे। उन्हें वर्ष 1999 में **भारत रत्न** से सम्मानित किया गया।

**104.** निम्नलिखित में से किस शास्त्र में भरतनाट्यम की सैद्धान्तिक नींव पाई गई है? **SSC CGL Tier-1 24.07.2023 (Shift-III)**

(a) वैमानिकशास्त्र (b) नाट्यशास्त्र
(c) धर्मशास्त्र (d) अर्थशास्त्र

**उत्तर (b)**

• नाट्यशास्त्र में भरतनाट्यम की सैद्धान्तिक नींव पाई गई है। नाट्यशास्त्र, भरतमुनि की रचना है।

• भरतमुनि एक प्राचीन **भारतीय ज्योतिषी** और संगीतज्ञ थे।

• भरतनाट्यम एक भारतीय शास्त्रीय नृत्य है, जिसकी उत्पत्ति दक्षिण भारत के **हिन्दू मन्दिरों** में हुई थी।

• नाट्यशास्त्र के **36 अध्याय** हैं। इसमें कुल 4426 श्लोक गद्य भाग में हैं।

**105.** रामकृष्ण तालुकदार को सत्रीया नृत्य शैली में उनके योगदान के लिए वर्ष 2018 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला। यह नृत्य शैली किस राज्य से सम्बन्धित है? **SSC CGL Tier-1 24.07.2023 (Shift-III)**

(a) मेघालय (b) पश्चिम बंगाल
(c) असम (d) झारखण्ड

**उत्तर (c)**

• रामकृष्ण तालुकदार को सत्रीया नृत्य शैली में उनके योगदान के लिए वर्ष 2018 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला। यह नृत्य शैली असम राज्य से सम्बन्धित है।

• सत्रीया नृत्य नौ भारतीय शास्त्रीय नृत्य परम्पराओं में से एक है।

• इस नृत्य शैली को अपने-अपने विचार और सत्रों के साथ जुड़ाव के कारण **सत्रीया** नाम दिया गया।

**106.** 'वाझुवूर' किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य की शैलियों में से एक है? **SSC CGL Tier-1 25.07.2023 (Shift-I)**

(a) कथक (b) मोहिनीअट्टम
(c) कथकली (d) भरतनाट्यम

**उत्तर (d)**

• 'वाझुवूर' भारतीय शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम नृत्य की शैलियों में से एक है।

• **भरतनाट्यम** वाझुवूर की मुख्य विशिष्ट विशेषता है– समृद्ध शृंगार, नृत्य गति की विस्तृत शृंखला, नरम चेहरे का अभिनय, अत्यन्त विस्तृत गतिविधियाँ, गहरे बैठने की स्थिति।

• भरतनाट्यम की अन्य शैलियों में **पाण्डानल्लूर**, **तंजावुर** और **कलाक्षेत्र** शामिल हैं।

**107.** 'लुड्डी' भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य का लोकनृत्य है? **SSC CGL Tier-1 25.07.2023 (Shift-I)**

(a) केरल (b) मध्य प्रदेश
(c) पंजाब (d) मणिपुर

**उत्तर (c)**

• **पंजाब** के लुड्डी नृत्य में पुरुष और महिला दोनों अपनी अँगुलियों को चटकाते हुए तथा हाथों से ताली बजाते हुए गोलाकार नृत्य करते हैं।

• लुड्डी पूर्वी (भारत) और पश्चिमी (पाकिस्तान) पंजाब दोनों में लोकप्रिय है।

• यह नृत्य महिलाओं द्वारा विवाह के अवसर और अन्य समारोहों में किया जाता है।

**108.** भारत के शास्त्रीय नृत्य रूपों में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त 'रासलीला' निम्नलिखित में से किस राज्य से सम्बन्धित है? **SSC CGL Tier-1 25.07.2023 (Shift-II)**

(a) मेघालय (b) मणिपुर
(c) असम (d) त्रिपुरा

**उत्तर (b)**

• 'रासलीला' को **मणिपुरी नृत्य** के रूप में भी जाना जाता है।

• यह नृत्य **भगवान कृष्ण** और **राधा** के बीच प्रेमपूर्ण सम्बन्धों को दर्शाता है।
• इस नृत्य में पारम्परिक मणिपुरी संगीत और पुंग, पेना और हारमोनियम जैसे वाद्ययन्त्रों का प्रयोग किया जाता है।

**109.** राउत नाच निम्न में से किस राज्य में प्रसिद्ध है?
**SSC CGL Tier-1 25.07.2023 (Shift-III)**
(a) पंजाब (b) असम (c) गुजरात (d) छत्तीसगढ़

**उत्तर (d)**
• राउत नृत्य मुख्य रूप से **छत्तीसगढ़** राज्य का नृत्य है, जो दीपावली के बाद 'देव उदयनी एकादशी' तथा अन्य त्योहारों के अवसर पर **यादव समुदाय** द्वारा किया जाता है।
• यादव समुदाय इसे **कृष्ण के प्रति अपनी भक्ति** का प्रतीक मानते हैं।

**110.** निम्नलिखित में से कौन-सा संगीतकार वाद्ययन्त्र सन्तूर से जुड़ा है?
**SSC CGL Tier-1 25.07.2023 (Shift-III)**
**SSC CGL Tier-1 03.12.2022 (Shift-I)**
(a) अलाउद्दीन खान
(b) अन्नपूर्णा देवी
(c) पण्डित शिवकुमार शर्मा
(d) विलायत खान

**उत्तर (c)**
• संगीतकार पण्डित शिवकुमार शर्मा सन्तूर वाद्ययन्त्र से सम्बन्धित है।
• भारतीय संगीत में इनके योगदानों के लिए इन्हें वर्ष 1986 में **संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार** तथा वर्ष 1991 में पद्मश्री एवं वर्ष 2001 में **पद्म भूषण** पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**111.** संगीत नाटक अकादमी का उद्घाटन भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति ……….. ने 28 जनवरी, 1953 को किया था।
**SSC CGL Tier-1 25.07.2023 (Shift-III)**
**SSC CHSL (10+2) 30.05.2022 (Shift-I)**
(a) राजेन्द्र प्रसाद (b) जाकिर हुसैन
(c) सर्वपल्ली राधाकृष्णन
(d) मोहम्मद हिदायतुल्लाह

**उत्तर (a)**
• **संगीत**, **नृत्य** और **नाटक** के लिए भारत की राष्ट्रीय अकादमी का उद्घाटन तत्कालीन राष्ट्रपति **राजेन्द्र प्रसाद** ने 28 जनवरी, 1953 को किया था।
• यह अकादमी वर्तमान में संस्कृति मन्त्रालय, भारत सरकार का एक **स्वायत्त निकाय** है और अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए सरकार द्वारा पूरी तरह से वित्तपोषित है।

**112.** पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित, गुरु वेम्पति चिन्ना सत्यम, किस शास्त्रीय नृत्य रूप के प्रसिद्ध गुरु थे?
**SSC CGL Tier-1 25.07.2023 (Shift-III)**
**SSC CGL Tier-1 06.12.2022 (Shift-IV)**
(a) कुचिपुड़ी (b) कथकली
(c) ओडिसी (d) कथक

**उत्तर (a)**
• पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित गुरु वेम्पति चिन्ना सत्यम शास्त्रीय नृत्य कुचिपुड़ी नृत्य के लिए प्रसिद्ध हैं।
• इन्होंने वर्ष 1963 में मद्रास में **कुचिपुड़ी कला अकादमी** की शुरुआत की।
• इन्होंने भारतीय कुचिपुड़ी नृत्य को उन्नत व व्यवस्थित किया, जिससे इसे शास्त्रीय आधार मिला।
• कुचिपुड़ी नृत्य की उत्पत्ति तमिलनाडु राज्य से हुई थी। यह भारत के 9 भारतीय शास्त्रीय नृत्यों में से एक है।

**113.** केलुचरण महापात्रा निम्न में से किस नृत्य शैली से सम्बन्धित है?
**SSC CGL Tier-1 25.07.2023 (Shift-III)**
**SSC CGL Tier-1 27.07.2023 (Shift-I)**
(a) कथन (b) ओडिसी
(c) कथकली (d) भरतनाट्यम

**उत्तर (b)**
• केलुचरण महापात्रा ओडिसी नृत्य शैली से सम्बन्धित हैं। केलुचरण महापात्रा ताल **वाद्य मृदंगा** और **तबला** में निपुण हैं।
• ओडिसी नृत्य ओडिशा में प्रचलित नृत्य कला की प्राचीन शैली है।
• यह पूर्णत: **अराधना नृत्य** है।

**114.** संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित अखम लक्ष्मी देवी निम्नलिखित में से किस नृत्य के लिए प्रसिद्ध हैं?
**SSC CGL Tier-1 25.07.2023 (Shift-IV)**
(a) मणिपुरी (b) सत्रीया (c) कथक (d) ओडिसी

**उत्तर (a)**
• **मणिपुरी** नृत्य में निपुण अखम लक्ष्मी देवी ने खजुराहो, कोणार्क उत्सव और संगीत नाटक अकादमी के तहत नृत्य उत्सव सहित देश और विदेश के अधिकांश नृत्य समारोहों में प्रदर्शन किया है।
• उन्हें वर्ष 2010 में मणिपुर राज्य कला अकादमी पुरस्कार व वर्ष 2014 में नृत्य भूषण सम्मान प्राप्त हुए हैं।

**115.** अरुणा साईराम, टी. एम. कृष्णा और गायत्री गिरीश किस संगीत रूप से जुड़े हैं?
**SSC CGL Tier-1 26.07.2023 (Shift-I)**
(a) जाज संगीत (b) हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत
(c) पॉप संगीत (d) कर्नाटक संगीत

**उत्तर (d)**
• अरुणा साईराम, टी. एम. कृष्णा और गायत्री गिरीश कर्नाटक संगीत से जुड़े हैं।
• **कर्नाटक संगीत** दक्षिण भारत की एक शैली है।
• कर्नाटक संगीत हिन्दू देवी-देवताओं को सम्बोधित करता है। इसके दो मुख्य भाग **राग** और **ताल** होते हैं।
• **पुरन्दर दास** को **कर्नाटक संगीत के जनक** के रूप में जाना जाता है।

**116.** कथक तीन अलग-अलग रूपों में पाया जाता है, जिन्हें 'घराना' कहा जाता है, जिनका नाम उन शहरों के नाम पर रखा गया है, जहाँ कथक नृत्य की परम्परा विकसित हुई थी। उन तीन शहरों के नाम बताइए।
**SSC CGL Tier-1 26.07.2023 (Shift-I)**
(a) जयपुर, बनारस, लखनऊ
(b) प्रयागराज, तिरुवनन्तपुरम, सूरत
(c) अयोध्या, प्रयागराज, जयपुर
(d) बनारस, अयोध्या, लखनऊ

**उत्तर (a)**
• कथक नृत्य की परम्परा जयपुर, बनारस व लखनऊ शहरों में शुरू हुई।
• कथक नृत्य जयपुर घराने में पैरों की ताल पर केन्द्रित होता है, जबकि बनारस और लखनऊ घराने में चेहरे के भाव और हाथों की क्रियाकलापों पर केन्द्रित होता है।
• कथक का अर्थ-**कहानी कहना** है। इस नृत्य को **नटवरी नृत्य** के नाम से भी जाना जाता है।
• पुरुष और महिलाएँ दोनों इस नृत्य को करते हैं। मुगलों के समय में इस नृत्य को विशेष ख्याति मिली थी।

**117.** पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित, अलार्मेल वल्ली जो भरतनाट्यम के लिए प्रसिद्ध हैं, निम्नलिखित में से किस अन्य नृत्य शैली की भी प्रतिपादक हैं? **SSC CGL Tier-1 26.07.2023 (Shift-I)**
(a) ओडिसी (b) कथकली
(c) कुचिपुड़ी (d) कथक

**उत्तर (a)**
• पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित अलार्मेल वल्ली ओडिसी नृत्य शैली की भी प्रतिपादक हैं।
• ओडिसी नृत्य का जन्म मन्दिर में नृत्य करने वाली देव-दासियों के नृत्य से हुआ था।
• यह नृत्य भगवान कृष्ण को समर्पित है। इस नृत्य को **शास्त्रीय नृत्य का दर्जा** वर्ष 1956 में मिला था।
• भारत में कुल **9 शास्त्रीय नृत्य** हैं।

**118.** भोरताल नृत्य ……… में प्रसिद्ध है।
**SSC CGL Tier-1 26.07.2023 (Shift-II)**
(a) असम (b) ओडिशा (c) पंजाब (d) मध्य प्रदेश

**उत्तर (a)**
• **असम** का भोरताल नृत्य नरहरि **बुरहा भक्तों द्वारा विकसित** किया गया था।
• इस नृत्य को राज्य के बरपेटा और गुवाहाटी में त्योहारों के अवसर पर किया जाता है।
• इस नृत्य को करते समय नर्तक धोती, गमोसी व पगड़ी जैसी पारम्परिक पोशाक पहनते हैं।

**119.** निम्नलिखित में से शास्त्रीय नर्तकों का कौन-सा समूह कथक से सम्बन्धित है?
**SSC CGL Tier-1 26.07.2023 (Shift-II)**
(a) सितारा देवी, शाश्वती सेन और उर्मिला नागर
(b) यामिनी कृष्णमूर्ति, शोभा नायडू और स्वप्नसुन्दरी
(c) कुमकुम मोहन्ती, सोनल मानसिंह और किरण सहगल
(d) अलरमेल वल्ली, मालविका सरूक्कई और सुचेता चापेकर

**उत्तर (a)**
• शास्त्रीय नर्तकी सितारा देवी, शाश्वती सेन और उर्मिला नागर कथक से सम्बन्धित हैं।
• यह नृत्य 9 भारतीय शास्त्रीय नृत्यों में से एक है।
• अवध के **अन्तिम नवाब वाजिद अली शाह** के संरक्षण में यह नृत्य एक प्रमुख कला के रूप में विकसित हुआ।
• कथक शास्त्रीय नृत्य का एकमात्र सम्बन्ध **हिन्दुस्तानी** या **उत्तर भारतीय संगीत** से है।

**120.** लाई हारोबा भारत के निम्नलिखित शास्त्रीय नृत्यों में से किसका प्रारम्भिक रूप है?
**SSC CGL Tier-1 26.07.2023 (Shift-III)**
(a) मोहिनीअट्टम (b) मणिपुरी
(c) सत्रीया (d) कथकली

**उत्तर (b)**
- लाई हारोबा शास्त्रीय नृत्य मणिपुरी नृत्य का प्रारम्भिक रूप है।
- इसे **मीताई जनजाति** के लोग मनाते हैं।
- लाई हारोबा का शाब्दिक अर्थ है–**देवताओं का आनन्द**।

**121.** ढालो, भारत के किस राज्य का लोकनृत्य है?
**SSC CGL Tier-1 26.07.2023 (Shift-IV)**
(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) गोवा (d) तमिलनाडु

**उत्तर (c)**
- ढालो, गोवा राज्य का लोकनृत्य है।
- यह नृत्य महिलाओं द्वारा किया जाता है, जिसमें महिलाएँ अपने परिवारों की सुरक्षा की प्रार्थना करतीहैं।
- इस नृत्य में भण्डारी, नाइक, गौड़ी समुदाय की महिलाएँ शामिल होती हैं।

**122.** ........ का एक स्वागत नृत्य है।
**SSC CGL Tier-1 26.07.2023 (Shift-IV)**
(a) बांग्लादेश (b) भूटान
(c) अफगानिस्तान (d) श्रीलंका

**उत्तर (b)**
- **भूटान** का जोनपा लेगसो नृत्य किसी विशेष कार्यक्रम या विशेष अवसर पर **अतिथियों के स्वागत** में प्रस्तुत किया जाने वाला नृत्य है।
- भूटान के अन्य नृत्यों में ड्रामेत्से नगाचम (धार्मिक मुखौटा नृत्य), लयब नृत्य (खानाबदोश नृत्य), थाक छाम नृत्य, दोयब नृत्य आदि हैं।

**123.** पुरी के जगन्नाथ मन्दिर में किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली को चित्रित किया गया है?
**SSC CGL Tier-1 27.07.2023 (Shift-I)**
(a) कुचिपुड़ी (b) कथक
(c) भरतनाट्यम (d) ओडिसी

**उत्तर (d)**
- पुरी का प्रसिद्ध जगन्नाथ मन्दिर **ओडिशा** में स्थित है, इस मन्दिर में भारतीय शास्त्रीय नृत्य ओडिसी की नृत्य शैली को चित्रित किया गया है।
- **13वीं शताब्दी** में यह मन्दिर ओडिशा की धार्मिक परम्परा का प्रतीक बन गया।
- इस मन्दिर में 10वीं से 14वीं शताब्दी की **मूर्तिकला** तथा **भित्तिकला** में ओडिसी नर्तकों को दर्शाया गया है।

> इस मन्दिर निर्माण में **कलिंग शैली** का प्रयोग किया गया है।
> इसका निर्माण वर्मन वंश के **अनन्तवर्मन चोडगंग देव** द्वारा आरम्भ करवाया गया था।

**124.** 'माटी–अखोरा' भारत के निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य से सम्बन्धित है?
**SSC CGL Tier-1 27.07.2023 (Shift-II)**
(a) सत्रीया (b) कथकली
(c) कथक (d) ओडिसी

**उत्तर (a)**
- माटी–अखोरा बुनियादी व्यायाम करने की कला है, जो सत्रीया नृत्य से सम्बन्धित हैं।
- यह नृत्य असम का शास्त्रीय नृत्य है। इस नृत्य के संस्थापक **महान सन्त श्रीमानता शंकरदेव** हैं।

**125.** 'नलचरितम्' नाटक किस भारतीय नृत्य शैली से सम्बन्धित है?
**SSC CGL Tier-1 27.07.2023 (Shift-III)**
(a) ओडिसी (b) कथक
(c) सत्रीया (d) कथकली

**उत्तर (d)**
- नलचरितम् नाटक भारतीय नृत्य शैली **कथकली** से सम्बन्धित है।
- इस नृत्य कला शैली का जन्म 300 वर्ष पूर्व केरल के तटों पर हुआ था।
- कथकली की उत्पत्ति **कूटियाट्टम**, **कृष्णनाट्टम** और **कलरिप्पट्टू** जैसे अन्य कला रूपों से मानी जाती है।
- केरल कलामण्डलम को पारम्परिक रूप से **कथकली के प्रशिक्षण के अग्रणी** केन्द्रों में गिना जाता है।

**126.** पण्डित रामनारायण निम्नलिखित में से किस वाद्ययन्त्र से सम्बन्धित थे?
**SSC CGL Tier-1 27.07.2023 (Shift-III)**
**SSC MTS 13.07.2022 (Shift-I)**
(a) बाँसुरी (b) सारंगी (c) तबला (d) घटम

**उत्तर (b)**
- **सारंगी** वाद्ययन्त्र से सम्बद्ध पण्डित राम नारायण का जन्म 12 अप्रैल, 1927 को उत्तर-पश्चिमी भारत के उदयपुर के निकट अम्बेर में हुआ।
- वर्ष **2005** में भारत सरकार ने उन्हें द्वितीय सर्वोच्च नागरिक सम्मान **पद्म विभूषण** से सम्मानित किया।

**127.** कथक के बनारस घराने के संस्थापक कौन थे?
**SSC CGL Tier-1 27.07.2023 (Shift-III)**
(a) शम्भू महाराज (b) ईश्वरी प्रसाद
(c) राजा चक्रधर सिंह (d) जानकी प्रसाद

**उत्तर (d)**
- **जानकी प्रसाद** मूल रूप से **बीकानेर** के रहने वाले थे, इन्होंने **बनारस घराने** की स्थापना की थी।
- बनारस घराना भारतीय तबला वादन के छः प्रसिद्ध घरानों में से एक है।
- बनारस घराना अपनी सुन्दर और तरल गतिविधियों और अभिव्यक्तियों के लिए जाना जाता है।

## SSC CGL 2022 (Tier 1 & 2)

**128.** निम्नलिखित में से किसे भारतीय शास्त्रीय संगीत में 'सरोद सम्राट' के नाम से जाना जाता है?
**SSC CGL Tier-1 01.12.2022 (Shift-I)**
**SSC CHSL Tier-1 14.08.2023 (Shift-IV)**
(a) किशन महाराज (b) आमिर अली खान
(c) अमजद अली खान
(d) पण्डित रविशंकर प्रसाद

**उत्तर (c)**
- अमजद अली खान को 'सरोद सम्राट' के रूप में जाना जाता है, इनका जन्म अक्टूबर, 1945 में **मध्य प्रदेश** के ग्वालियर में हुआ था।
- ये अपने स्पष्ट एवं तेज **एखरा तान** के लिए प्रसिद्ध हैं।
- इन्हें वर्ष 2001 में भारत का दूसरे **सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण** से सम्मानित किया गया था।

**129.** निम्नलिखित संगीतकारों में से किसने दक्षिण अफ्रीका के **बाँसुरी वादक वूंटर केलरमैन** (Wouter Kellerman) के साथ मिलकर बनाए गए अपने एल्बम 'विण्ड्स ऑफ संसार' के लिए वर्ष 2015 में 57वाँ ग्रैमी पुरस्कार जीता?
**SSC CGL Tier-1 01.12.2022 (Shift-I)**
(a) मनो मूर्ति (b) रिकी केज
(c) रघु दीक्षित (d) सुभाशीष घोष

**उत्तर (b)**
- रिकी केज बाँसुरी वादक वूंटर केलरमैन (Wouter Kellerman) के साथ मिलकर बनाए गए अपने एल्बम 'विण्ड्स ऑफ संसार' के लिए वर्ष 2015 में **57वाँ ग्रैमी पुरस्कार** जीता।
- भारतीय संगीतकार रिकी केज को अपने एल्बम **बेस्ट न्यू एज एल्बम** के लिए 67वें ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है।
- तबला वादक **जाकिर हुसैन** व **गायक शंकर**, **महादेवन** के फ्यूजन संगीत समूह **शक्ति** ने 'दिस मोमेण्ट' (This moment) के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम का 66वाँ ग्रैमी पुरस्कार (2024) जीता।

**130.** अब्दुल करीम खान हिन्दुस्तानी संगीत के किस स्कूल के प्रतिपादक थे?
**SSC CGL Tier-1 01.12.2022 (Shift-II)**
(a) किराना घराना
(b) जयपुर घराना
(c) दिल्ली घराना
(d) ग्वालियर घराना

**उत्तर (a)**
- **किराना घराना** वर्तमान में उत्तर प्रदेश के शामली जिले के कैराना/किराना में है।
- यह घराना प्रमुख भारतीय शास्त्रीय संगीत ख्याल घरानों में से एक है और इसे आधुनिक भारतीय शास्त्रीय संगीत में एक महत्त्वपूर्ण शैली के रूप में 19वीं शताब्दी के अन्त तथा 20वीं शताब्दी के शुरू में संगीतकार **अब्दुल करीम खान एवं अब्दुल वाहिद खान** द्वारा स्थापित किया गया था।

**131.** निम्नलिखित में से कौन-सी लोकनृत्य शैली गुजरात राज्य से सम्बन्धित नहीं है?
**SSC CGL Tier-1 01.12.2022 (Shift-II)**
(a) डाण्डिया (b) गरबा
(c) बिदेसिया (d) बिछुड़ो

**उत्तर (c)**
- **बिदेसिया** लोकनृत्य शैली गुजरात राज्य से सम्बन्धित नहीं है।
- **बिदेसिया** नृत्य का सम्बन्ध **बिहार** राज्य से है, जबकि **डाण्डिया रास**, **गरबा** एवं **बिछुड़ो लोकनृत्य** गुजरात से सम्बन्धित हैं।
- गुजरात के लोकनृत्य विशिष्ट गुजराती संस्कृति एवं परम्परा की पहचान हैं।

**132.** निम्नलिखित शास्त्रीय नर्तकियों में से किसे वर्ष 2003 में पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
**SSC CGL Tier-1 01.12.2022 (Shift-II)**
(a) सोनल मानसिंह (b) सुनयना हजारीलाल
(c) शोवना नारायण (d) कुमुदिनी लाखिया

**उत्तर (a)**
• वर्ष 2003 में सोनल मानसिंह को पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
• पद्म विभूषण पुरस्कार प्राप्त करने वाली सोनल मानसिंह **पहली भारतीय महिला नर्तकी** बनीं।
• सोनल मानसिंह को वर्ष 1992 में सबसे कम आयु की प्राप्तकर्ता के रूप में **पद्म भूषण** पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**133.** लोकनृत्य तरंगमेल निम्नलिखित में से किस राज्य से सम्बन्धित है?
**SSC CGL Tier-1 01.12.2022 (Shift-III)**
(a) केरल (b) मध्य प्रदेश
(c) तमिलनाडु (d) गोवा

**उत्तर (d)**
• **गोवा** का लोकनृत्य तरंगमेल दशहरा एवं होली के दौरान किया जाता है।
• यह नृत्य गाँवों की खुशहाली और सुख-समृद्धि के लिए किया जाता है।
• तरंगमेल में नर्तक रंग-बिरंगे परिधान पहनते हैं, जो इसे आकर्षक नृत्य बनाते हैं। इसमें **ढोल** और **रोमुट** जैसे वाद्ययन्त्र प्रयोग किए जाते हैं।

**134.** निम्नलिखित में से कौन पण्डित रविशंकर के गुरु थे? **SSC CGL Tier-1 01.12.2022 (Shift-III)**
(a) बिस्मिल्लाह खान (b) अली अकबर खान
(c) अमजद अली खान (d) अलाउद्दीन खान

**उत्तर (d)**
• **सितारवादक** और **संगीतज्ञ अलाउद्दीन खान** पण्डित रविशंकर के गुरु थे।
• पण्डित रविशंकर को वर्ष 1992 में **'भारत रत्न'** पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
• उस्ताद अलाउद्दीन खान व पण्डित रविशंकर का सम्बन्ध 'सरोद' वाद्ययन्त्र से है।

**135.** निम्नलिखित में से कौन-सा लोकनृत्य मध्य प्रदेश राज्य से सम्बन्धित नहीं है?
**SSC CGL Tier-1 01.12.2022 (Shift-IV)**
(a) फूलपति (b) लाहो
(c) मटकी (d) जवारा

**उत्तर (b)**
• लाहो लोकनृत्य का सम्बन्ध मध्य प्रदेश राज्य से नहीं है। **'लाहो'** लोकनृत्य मूलरूप से भारतीय राज्य मेघालय में **जनिता जनजाति** द्वारा किया जाता है।
• फूलपति, मटकी एवं जवारा मध्य प्रदेश से सम्बन्धित लोकनृत्य हैं।

**136.** निम्नलिखित में से कौन-सी नृत्य शैली अरुणाचल प्रदेश राज्य से सम्बन्धित है?
**SSC CGL Tier-1 02.12.2022 (Shift-I)**
(a) धमान (b) बुइया (c) पंवरिया (d) गरबा

**उत्तर (b)**
• बुइया नृत्य शैली, अरुणाचल प्रदेश राज्य से सम्बन्धित है।
• महत्त्वपूर्ण आदिवासी अवसरों पर बुइया नृत्य प्रस्तुत किया जाता है। इसे **दिगारू मिश्मिस** नृत्य भी कहते हैं।
• बुइया नृत्य प्रायः **ढोल** और **गोंग** की ताल के साथ किया जाता है। इस नृत्य में कलाकार पारम्परिक पोशाक पहनते हैं।

**137.** संगीतकारों और उनके वाद्ययन्त्रों का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत है?
**SSC CGL Tier-1 02.12.2022 (Shift-I)**
(a) के. वैद्यनाथन – सितार
(b) उस्ताद विलायत खान – सितार
(c) पं. रामनारायण – सारंगी
(d) बिस्मिल्लाह खान – शहनाई

**उत्तर (a)**
• सही उत्तर विकल्प (a) है। के. वैद्यनाथन **वायलिन वादक** हैं। ये कर्नाटक संगीत शैली से सम्बद्ध हैं।
• भारत सरकार द्वारा इन्हें **पद्मश्री** व **संगीत नाटक अकादमी** (1993) से सम्मानित किया गया।
• वर्ष 1996 में इन्हें **इण्डियन फाइन आर्ट्स सोसाइटी** द्वारा संगीत कला शिक्षामनी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**138.** बिम्बावती देवी किस भारतीय नृत्य शैली की प्रतिपादक हैं? **SSC CGL Tier-1 02.12.2022 (Shift-I)**
(a) छऊ (b) कथकली
(c) ओडिसी (d) मणिपुरी

**उत्तर (d)**
• बिम्बावती देवी **मणिपुरी** नृत्य शैली की प्रतिपादक हैं व इन्होंने इसके अतिरिक्त **पुंग** (मणिपुरी मृदंग) में भी प्रशिक्षण लिया है।
• वर्ष 2004 में इन्हें **संस्कृति पुरस्कार** से भी सम्मानित किया गया था।
• मणिपुर नर्तक व कलाकार **गुरु बिपिन सिंह** व गुरु कलावती देवी, बिम्बावती देवी के माता-पिता हैं।
• वह मणिपुर नृत्यालय की एकल प्रदर्शनकारी और एकल कलाकार हैं।

**139.** कुचिपुड़ी शास्त्रीय नृत्य किस प्रकार के संगीत से सम्बन्धित है?
**SSC CGL Tier-1 02.12.2022 (Shift-II)**
(a) कर्नाटक संगीत (b) कजरी
(c) हिन्दुस्तानी संगीत (d) चैती

**उत्तर (a)**
• कुचिपुड़ी आन्ध्र प्रदेश की प्रसिद्ध नृत्य शैली है, जो कर्नाटक संगीत से सम्बन्धित है।
• कुचिपुड़ी, एक नृत्य **नाटिका प्रदर्शन** है, जो प्राचीनकाल में पुरुषों तक ही सीमित था। हिन्दू पौराणिक कथाओं की कहानियाँ और लोगों के बीच अपना सन्देश लाता है।
• कुचिपुड़ी, भारत के 9 शास्त्रीय नृत्यों में से एक है।

**140.** रोशन कुमारी किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली की प्रतिपादक हैं?
**SSC CGL Tier-1 02.12.2022 (Shift-IV)**
(a) भरतनाट्यम (b) कथक
(c) कथकली (d) ओडिसी

**उत्तर (b)**
• रोशन कुमारी कथक की प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय **नृत्यांगना**, **अभिनेत्री** एवं **कोरियोग्राफर** हैं।
• यह **जयपुर घराने** की प्रमुख कथक नृत्यांगना हैं, जिन्हें वर्ष 1984 में **पद्मश्री** पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
• ये मुम्बई के नृत्यकला केन्द्र की संस्थापक हैं, जो कथक के विकास हेतु समर्पित एक संस्था है।

**141.** वर्ष 2012 में बिरजू महाराज को निम्नलिखित में से किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
**SSC CGL Tier-1 02.12.2022 (Shift-IV)**
(a) संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार
(b) राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार
(c) फिल्मफेयर पुरस्कार
(d) संगम कला पुरस्कार

**उत्तर (b)**
• वर्ष 2012 में **राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्तकर्ता** पण्डित बिरजू महाराज प्रसिद्ध भारतीय नर्तक, संगीतकार, गायक तथा भारत के कथक नृत्य के लखनऊ, कालका तथा बिन्दादीन घराने के प्रतिपादक थे।
• इन्हें वर्ष 2012 में उन्नैकानाथु (विश्वरूपम) के लिए सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी के लिए **राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार** से सम्मानित किया गया था।
• वर्ष 2022 में इनका निधन हो गया।

**142.** मैहर दरबार किस राज्य में है, जहाँ बाबा अलाउद्दीन खान संगीतकार थे?
**SSC CGL Tier-1 02.12.2022 (Shift-III)**
(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) त्रिपुरा (d) छत्तीसगढ़

**उत्तर (b)**
• **मध्य प्रदेश** के बाबा अलाउद्दीन खान **सरोद वादक** थे और उन्होंने भारतीय संगीत के सबसे बड़े घरानों में से एक मैहर घराने की भी नींव रखी थी।
• यह मैहर दरबार के प्रमुख **संगीतकार** थे। ये **पण्डित रविशंकर** एवं **अल्ला रक्खा खाँ** के संगीत गुरु थे।

**143.** निम्नलिखित में से कौन एक अग्रणी नृत्य शिक्षाविद् और एक प्रमुख मोहिनीअट्टम प्रतिपादक के रूप में जाने जाते/जानी जाती हैं?
**SSC CGL Tier-1 02.12.2022 (Shift-III)**
(a) माधवी मुद्गल
(b) शगुन भूटानी
(c) मोहनराव कलियांपुरकार
(d) डॉ. कनक रेले

**उत्तर (d)**
• मराठी नृत्यांगना डॉ. कनक रेले **मोहिनीअट्टम नृत्य शैली** के प्रतिपादक के रूप में जानी जाती हैं।
• इन्होंने वर्ष 1966 में **नालन्दा नृत्य उत्सव अनुसन्धान केन्द्र** तथा **नालन्दा नृत्य कला महाविद्यालय** की स्थापना की।
• मोहिनीअट्टम एक भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली है, जिसका विकास केरल राज्य में हुआ था। यह नृत्य नाट्यशास्त्र में वर्णित शैली का अनुसरण करता है।

**144.** निम्नलिखित में से किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य रूप में पात्रों को प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करने के लिए उनके चेहरों पर विभिन्न रंगों का उपयोग किया जाता है?
**SSC CGL Tier-1 02.12.2022 (Shift-III)**
(a) भरतनाट्यम (b) ओडिसी
(c) मोहिनीअट्टम (d) कथकली

**उत्तर (d)**
• भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथकली में पात्रों को प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करने के लिए उनके चेहरों पर विभिन्न रंगों का उपयोग किया जाता है।
• शास्त्रीय नृत्य कथकली की उत्पत्ति केरल राज्य से मानी जाती है। इस नृत्य की **वेशभूषा, रंगीन** एवं **विविधतापूर्ण** होती है।

**145.** हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की एक प्रतिपादक गंगूबाई हंगल एक प्रख्यात ख्याल गायिका थीं, जो हिन्दुस्तानी संगीत के ……… घराने से सम्बन्धित थीं। **SSC CGL Tier-1 03.12.2022 (Shift-I)**
(a) आगरा (b) पटियाला
(c) ग्वालियर (d) किराना

**उत्तर (d)**
• हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की प्रतिपादक गंगूबाई हंगल का सम्बन्ध किराना घराना से है।
• इन्हें वर्ष 1962 में **कर्नाटक संगीत नृत्य अकादमी पुरस्कार,** 1971 में **पद्म भूषण** और 2002 में **पद्म विभूषण** से सम्मानित किया गया।
• गंगूबाई ने स्वतन्त्र भारत में ख्याल गायिकी की पहचान बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
• इनकी आत्मकथा 'नन्ना बदुकिना हादु' (मेरे जीवन का संगीत) शीर्षक से प्रकाशित हुई।

**146.** जट-जटिनी किस भारतीय राज्य का लोकनृत्य है? **SSC CGL Tier-1 01.12.2022 (Shift-III)**
(a) ओडिशा (b) पश्चिम बंगाल
(c) मणिपुर (d) बिहार

**उत्तर (d)**
• जट-जटिनी नृत्य बिहार के उत्तरी भागों और विशेषत: मिथिलांचल में लोकप्रिय है।
• यह नृत्य विधा एक विवाहित दम्पति के बीच में कोमल प्रेम तथा मीठी नोंक-झोंक को अनोखे ढंग से प्रस्तुत करती है।

**147.** निम्नलिखित में से कौन-सा लोकनृत्य मुख्य रूप से भारतीय राज्य बिहार में किया जाता है?
**SSC CGL Tier-1 03.12.2022 (Shift-III)**
(a) घूमर (b) बिदेसिया
(c) कलबेलिया (d) कुम्मट्टी

**उत्तर (b)**
• **बिदेसिया** नृत्य विधा में, विदेश जाते या चले गए पति के साथ पत्नी की वार्ता का करुण दृश्य प्रस्तुत किया जाता है। यह लोकनृत्य मुख्य रूप से बिहार राज्य में किया जाता है।

**148.** मोहिनीअट्टम नृत्य शैली की उत्पत्ति किस राज्य से हुई है? **SSC CGL Tier-1 03.12.2022 (Shift-IV)**
**SSC CPO 04.11.2023 (Shift-II)**
**SSC MTS 12.07.2022 (Shift-I)**
(a) महाराष्ट्र (b) तमिलनाडु
(c) कर्नाटक (d) केरल

**उत्तर (d)**
• मोहिनीअट्टम नृत्य शैली की उत्पत्ति केरल राज्य में हुई है।
मोहिनीअट्टम नाम **मोहिनी** शब्द से लिया गया है, जो भगवान विष्णु का स्त्री रूप है, जिसका अर्थ है, **मोहिनी का नृत्य।**
• मोहिनीअट्टम, केरल में प्रचलित नाट्यशास्त्र की **लास्य शैली** पर आधारित है।

**149.** सिक्किम में प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला एक प्रथागत नृत्य उत्सव काग्येद नृत्य किस महीने में होता है? **SSC CGL Tier-1 03.12.2022 (Shift-IV)**
(a) अगस्त (b) अक्टूबर
(c) मई (d) दिसम्बर

**उत्तर (d)**
• काग्येद नृत्य सिक्किम के **बौद्धों द्वारा** दिसम्बर में मनाया जाने वाला एक वार्षिक नृत्य उत्सव है।
• इस त्योहार में भिक्षु पारम्परिक पोशाक पहनते हैं और तलवारों व मुखौटों के साथ गूँजते ड्रम और तुरही की लय के साथ नर्तक झूमते हैं।

**150.** एक भारतीय संगीतकार के सम्मान में, अमेरिकी राज्य मैसाचुसेट्स ने वर्ष 1984 में 20 अप्रैल को ……… के रूप में घोषित किया था।
**SSC CGL Tier-1 05.12.2022 (Shift-I)**
**SSC MTS 11.09.2023 (Shift-II)**
(a) अमजद अली खान दिवस
(b) शरण रानी बैकलीवाल दिवस
(c) अलाउद्दीन खान दिवस
(d) सखावत हुसैन दिवस

**उत्तर (a)**
• **अमजद अली खान** के सम्मान में मैसाचुसेट्स ने 1984 में 20 अप्रैल को 'अमजद अली खान' दिवस के रूप में घोषित किया था।
• वे प्रसिद्ध **सरोद वादक** हैं, उनका जन्म 9 अक्टूबर, 1945 को ग्वालियर के संगीत घराना **सोनिया बंगश** में हुआ था।
• वर्ष 1971 में उन्होंने एशियाई अन्तर्राष्ट्रीय संगीत सम्मेलन में **रोस्टम पुरस्कार** प्राप्त किया था।
• भारत सरकार द्वारा उन्हें वर्ष 1991 में पद्म भूषण, वर्ष 2001 में पद्म विभूषण व वर्ष 1989 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**151.** रुक्मिणी देवी अरुण्डेल निम्नलिखित में से किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली की एक प्रतिपादक हैं? **SSC CGL Tier-1 05.12.2022 (Shift-I)**
**SSC GD 22.02.2024 (Shift-I)**
**SSC CGL Tier-1 06.12.2022 (Shift-IV)**
**SSC MTS 08.09.2023 (Shift-II)**
(a) भरतनाट्यम (b) सत्रीया
(c) मणिपुरी (d) ओडिसी

**उत्तर (a)**
• रुक्मिणी देवी अरुण्डेल **भरतनाट्यम** नृत्य शैली की प्रतिपादक हैं।
• उनका जन्म 29 फरवरी, वर्ष 1904 को तमिलनाडु के मदुरै जिले में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था।
• भारत सरकार द्वारा उन्हें वर्ष **1956** में पद्म भूषण, वर्ष 1957 में संगीत नाटक अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

**152.** निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली का उल्लेख 'व्यवहारमाला' नामक प्राचीन ग्रन्थ में मिलता है?
(a) ओडिसी (b) मोहिनीअट्टम
(c) सत्रीया (d) मणिपुरी

**उत्तर (b)**
• मोहिनीअट्टम नृत्य शैली का उल्लेख 'व्यवहारमाला' नामक प्राचीन ग्रन्थ में मिलता है।
• **मझुमगलम नारायण नंपुतिरि** द्वारा **1709** को रचना **व्यवहार माला** और कवि कुंजन नाम्बियर द्वारा बाद की कविता घोषणा-पत्र इन दोनों में ही 'मोहिनीअट्टम' का सन्दर्भ है।
• मोहिनीअट्टम भारत के **केरल** राज्य का शास्त्रीय नृत्य है।
• यह परम्परागत रूप से व्यापक प्रशिक्षण के बाद महिलाओं द्वारा किया जाने वाला एक एकल नृत्य है।

**153.** जागोई और चोलोम किस शास्त्रीय नृत्य के दो मुख्य भाग हैं?
**SSC CGL Tier-1 05.12.2022 (Shift-III)**
(a) मणिपुरी (b) भरतनाटयम्
(c) ओडिसी (d) मोहिनीअट्टम

**उत्तर (a)**
• जागोई और चोलोम मणिपुरी शास्त्रीय नृत्य के दो मुख्य भाग हैं।
• मणिपुरी नृत्य मुख्यत: हिन्दू वैष्णव प्रसंगों पर आधारित होता है, जिसमें **राधा और कृष्ण** के **प्रेम प्रसंग** प्रमुख हैं।
• यह नृत्य 18वीं शताब्दी में **वैष्णव सम्प्रदाय** के साथ विकसित हुआ।
• जागोई तथा चोलोम के दो भागों में एक सौम्य और दूसरा ओजपूर्ण है, जो संस्कृत साहित्य में वर्णित **लास्य** और **ताण्डव** तत्त्वों के अनुरूप है।

**154.** निम्नलिखित भारतीय शास्त्रीय संगीतकारों में से किसके नाम पर तेहरान, ईरान में एक सभागार है? **SSC CGL Tier-1 05.12.2022 (Shift-III)**
(a) उस्ताद सुल्तान खान
(b) उस्ताद जाकिर हुसैन
(c) उस्ताद बिस्मिल्लाह खान
(d) उस्ताद विलायत खान

**उत्तर (c)**
• **उस्ताद बिस्मिल्लाह** के नाम पर तेहरान, ईरान में एक सभागार है। वे हिन्दुस्तान के प्रख्यात शहनाई वादक थे,
• वर्ष 2001 में उन्हें भारत के सर्वोच्च सम्मान **भारत रत्न** से सम्मानित किया गया।
• वर्ष 1956 में इन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला।

**155.** निम्नलिखित में से कौन-सा ओडिशा का एक प्रसिद्ध लोकनृत्य है?
**SSC CGL Tier-1 05.12.2022 (Shift-IV)**
(a) कलबेलिया (b) बिरहा
(c) रंगबती (d) घूमर

**उत्तर (c)**
• रंगबती, ओडिशा का एक प्रसिद्ध लोकनृत्य है। ओडिशा के अन्य नृत्य, सवारी, घूमर, पैंरास मुनारी, छऊ हैं।

• **कलबेलिया**, **घूमर** राजस्थान और **बिरहा** उत्तर प्रदेश से सम्बन्धित लोकनृत्य हैं।
• सामान्यत: लोकनृत्य क्षेत्र विशेष से सम्बन्धित होता है और यह उस क्षेत्र की भाषा, संस्कृति और संस्कार को समावेशित कर लेता है।

**156.** सुनन्दा नायर निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली के प्रदर्शन के लिए प्रसिद्ध हैं?
**SSC CGL Tier-1 06.12.2022 (Shift-I)**
(a) कथक (b) ओडिसी
(c) यक्षगान (d) मोहिनीअट्टम

**उत्तर (d)**
• **सुनन्दा नायर मोहिनीअट्टम** नृत्य शैली से सम्बन्धित हैं, यह मुम्बई विश्वविद्यालय से सम्बद्ध नालन्दा नृत्य कला महाविद्यालय से मोहिनीअट्टम में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने वाली भारत की पहली छात्रा हैं।
• वे मोहिनीअट्टम की प्रसिद्ध पद्म भूषण **डॉ. कनक रेले** की शिष्या हैं।
• इन्हें ग्लोबर मन्नम पुरस्कार, नृत्य सेवामणि पुरस्कार तथा कई अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

**157.** निम्नलिखित में किसे हिन्दुस्तानी संगीत के कई राग और धुनें तैयार करने का श्रेय दिया जाता है? **SSC CGL Tier-1 06.12.2022 (Shift-I)**
(a) राजा मानसिंह (b) राजा बीरबल
(c) तानसेन (d) टोडरमल

**उत्तर (c)**
• तानसेन को हिन्दुस्तानी संगीत के कई राग और धुनें तैयार करने का श्रेय जाता है।
• **तानसेन** या **रामतनु हिन्दुस्तानी** शास्त्रीय संगीत के एक महान ज्ञाता थे। वे सम्राट अकबर के नवरत्नों में से एक थे।
• तानसेन ने **मियाँ की मल्हार, दरबारी कान्हड़ा, गूजरी टोडी** या **मियाँ की टोड़ी** रागों का सृजन किया।

**158.** रानी कर्ण नायक, जिन्हें वर्ष 2014 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था, एक ......... नर्तकी थीं। **SSC CGL Tier-1 06.12.2022 (Shift-I)**
(a) ओडिसी (b) कथक
(c) मोहिनीअट्टम (d) कथकली

**उत्तर (b)**
• रानी कर्ण नायक, जिन्हें वर्ष 2014 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। एक कथक नर्तकी थी।
• इनको उप-राष्ट्रपति द्वारा **स्वर्ण पदक, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार** से भी सम्मानित किया गया।

**159.** सुन्दरम बालाचन्दर निम्नलिखित में से किस वाद्ययन्त्र के मुख्य वादक रहे हैं?
**SSC CGL Tier-1 06.12.2022 (Shift-II)**
(a) मृदंगम (b) सन्तूर (c) वीणा (d) बाँसुरी

**उत्तर (c)**
• सुन्दरम बालाचन्दर वाद्ययन्त्र वीणा के मुख्य वादक हैं।
• इन्होंने वर्ष 1934 में तमिल फिल्म सीता कल्याणम में एक बाल कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी।
• इन्हें वर्ष 1982 में **पद्म भूषण** से सम्मानित किया गया था।

**160.** निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली की उत्पत्ति दक्षिण भारत में नहीं हुई थी?
**SSC CGL Tier-1 06.12.2022 (Shift-III)**
(a) भरतनाट्यम (b) कुचिपुड़ी
(c) कथकली (d) सत्रीया

**उत्तर (d)**
• सत्रीया नृत्य, 9 भारतीय शास्त्रीय नृत्य परम्पराओं में से एक है। इसकी उत्पत्ति असम राज्य में हुई है।
• यह नृत्य नाटक प्रदर्शन है, जिसकी उत्पत्ति असम के कृष्ण केन्द्रित वैष्णव मठों में हुई और इसका श्रेय 15वीं शताब्दी के भक्ति आन्दोलन के **विद्वान व सन्त श्रीमन्त शंकरदेव** को दिया जाता है।

**161.** निम्नलिखित में से कौन-सी लोकनृत्य शैली गुजरात राज्य से सम्बन्धित नहीं है?
**SSC CGL Tier-1 06.12.2022 (Shift-IV)**
(a) होजागिरी (b) गरबा
(c) डाण्डिया (d) भवाई

**उत्तर (a)**
• होजागिरी नृत्य गुजरात राज्य से सम्बन्धित नहीं है, यह नृत्य त्रिपुरा राज्य से सम्बन्धित है।
• **गरबा, डाण्डिया** एवं **भवाई** गुजरात राज्य के लोकनृत्य हैं।
• होजागिरी लोकनृत्य **रियांग समुदाय** में लड़कियों द्वारा किया जाता है।

**162.** निम्नलिखित में से कौन कथकली शास्त्रीय नृत्य का प्रसिद्ध कलाकार है?
**SSC CGL Tier-1 07.12.2022 (Shift-II)**
(a) सुनन्दा नायर (b) पंकज चरण दास
(c) गोपीनाथ (d) राजा रेड्डी

**उत्तर (c)**
• **पेरुमानून गोपीनाथन पिल्लई** कथकली शास्त्रीय नृत्य के प्रसिद्ध कलाकार हैं, जिन्हें गुरु गोपीनाथ भी कहा जाता है।
• इन्होंने केरल के **कथकली शास्त्रीय नृत्य** को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचाने में अग्रणी भूमिका निभाई।

**163.** लोकनृत्य लेजिम निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य से सम्बन्धित है?
**SSC CGL Tier-1 07.12.2022 (Shift-II)**
**SSC CGL Tier-1 18.08.2021 (Shift-I)**
(a) अरुणाचल प्रदेश (b) केरल
(c) महाराष्ट्र (d) झारखण्ड

**उत्तर (c)**
• **महाराष्ट्र** में लेजिम को **लेजियम** भी कहा जाता है, जिसमें नर्तकियाँ लेजिम या लेजियम नामक छोटे-छोटे उपकरणों को ले जाती हैं।
• लेजिम में कम-से कम **20 नर्तक** होते हैं। ये नर्तक रंग-बिरगें परिधानों को धारण करते हैं।
• महाराष्ट्र के अन्य महत्त्वपूर्ण नृत्य **लावणी, नकटा, कोली** तथा **गफा दहिकला** हैं।

**164.** 'नूपा' नृत्य किस भारतीय राज्य से सम्बन्धित है?
**SSC CGL Tier-1 07.12.2022 (Shift-II)**
(a) मणिपुर (b) तमिलनाडु
(c) कर्नाटक (d) झारखण्ड

**उत्तर (a)**
• **मणिपुर** में नूपा नृत्य को पाला, करतल बोलोम या सिम्बल नृत्य के रूप में भी जाना जाता है, जो एक समूह में पुरुषों के द्वारा किया जाता है।
• यह नृत्य और संगीत की अनूठी मणिपुरी शैली का प्रतिनिधित्व करता है।
• मणिपुर राज्य से सम्बन्धित अन्य नृत्य शैली, **थांग टा, लाई हरोवा, पुंग चोलोम, राखल** आदि हैं।

**165.** यामिनी कृष्णमूर्ति किस नृत्य शैली के लिए प्रसिद्ध हैं? **SSC CGL Tier-1 07.12.2022 (Shift-II)**
(a) मणिपुरी (b) भरतनाट्यम
(c) ओडिसी (d) यक्षगान

**उत्तर (b)**
• यामिनी कृष्णमूर्ति का **भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी के प्रतिपादक** के रूप में अग्रणी स्थान है।
• ये एक भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना थीं, जिनका जन्म वर्ष 1940, कुड्डालोर (तमिलनाडु) में हुआ था।
• इन्हें वर्ष 2001 में भारत सरकार ने **कला क्षेत्र** में **पद्म भूषण** से सम्मानित किया था।

**166.** संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली ने उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ युवा पुरस्कार की शुरुआत किस वर्ष से की थी?
**SSC CGL Tier-1 07.12.2022 (Shift-III)**
(a) वर्ष 2006 (b) वर्ष 2005
(c) वर्ष 2001 (d) वर्ष 2004

**उत्तर (a)**
• संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली ने उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ युवा पुरस्कार पुरस्कार वर्ष 2006 में शुरू किया गया था। यह पुरस्कार **40 वर्ष से कम आयु** के उत्कृष्ट कलाकारों को दिया जाता है।
• इस पुरस्कार के अन्तर्गत **पाँच कार्यक्षेत्रों** को शामिल किया गया है
1. संगीत
2. नृत्य
3. थिएटर
4. प्रदर्शन कला में योगदान/छात्रवृत्ति
5. अन्य पारम्परिक/लोक/आदिवासी/नृत्य/संगीत /रंगमंच व कठपुतली।

**167.** निम्नलिखित में से कौन भारत में कथक नृत्य की प्रतिपादक हैं?
**SSC CGL Tier-1 08.12.2022 (Shift-I)**
(a) सुमन कल्याणपुर
(b) प्रेरणा श्रीमाली
(c) मोनाली ठाकुर
(d) उषा उत्थुप

**उत्तर (b)**
• प्रेरणा श्रीमाली भारत में कथक नृत्य की प्रतिपादक हैं। ये कथक के **जयपुर घराने** की वरिष्ठ नृत्यांगना हैं। इन्होंने **गुरु श्री कुन्दनलाल गंगानी** से नृत्य में प्रशिक्षण प्राप्त किया था।
• उन्हें वर्ष 2009 में **संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार** से सम्मानित किया गया।
• उन्हें राजस्थान संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1993) से सम्मानित किया गया।

**168.** पद्म भूषण किशोरी अमोनकर निम्नलिखित में से किस घराने से सम्बन्धित हैं?
**SSC CGL Tier-1 08.12.2022 (Shift-I)**
(a) जयपुर-अतरौली (b) ग्वालियर
(c) किराना (d) पटियाला

**उत्तर (a)**
• पद्म भूषण किशोरी अमोनकर, **जयपुर-अतरौली** घराने के हिन्दुस्तानी संगीत की विख्यात **गायिका** थीं। वह शास्त्रीय शैली **ख्याल** और **ठुमरी**, **भजन** की कलाकार थीं।
• उन्हें वर्ष 1985 में **संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार** और 2002 में **पद्म विभूषण** पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

**169.** गुरु नीलेश्वर मुखर्जी निम्नलिखित में से किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली के प्रतिपादक थे?
**SSC CGL Tier-1 08.12.2022 (Shift-II)**
(a) कथक (b) मणिपुरी (c) ओडिसी (d) सत्रीया

**उत्तर (b)**
• गुरु नीलेश्वर मुखर्जी मणिपुरी शास्त्रीय नृत्य शैली के प्रतिपादक थे।
• यह नृत्य मुख्यत: हिन्दू वैष्णव प्रसंगों पर आधारित होता है, जिसमें राधा और कृष्ण के प्रेम प्रसंग प्रमुख हैं।
• इन्होंने मणिपुरी शास्त्रीय नृत्य को **अन्तर्राष्ट्रीय स्तर** पर पहचान दिलाई।

**170.** ललिता और नन्दिनी बहनें किस वाद्ययन्त्र को बजाने के लिए जानी जाती हैं?
**SSC CGL Tier-1 08.12.2022 (Shift-II)**
(a) वायलिन (b) सरोद
(c) मैण्डोलिन (d) बाँसुरी

**उत्तर (a)**
• ललिता और नन्दिनी **वायलिन सिस्टर्स** के नाम से प्रसिद्ध हैं।
• उन्होंने विश्व भर के संगीत थिएटरों/हॉल में प्रतिष्ठित संगीत समारोहों के लिए व्यापक रूप से प्रदर्शन किया है।
• उन्होंने सन्त **त्यागराज मुथुस्वामी दीक्षितार** व **श्यामा शास्त्री** की रचनाओं पर विशेष संगीत कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए हैं।

**171.** निम्नलिखित में से कौन मोहिनीअट्टम शास्त्रीय नृत्य शैली का/की प्रतिपादक नहीं हैं?
**SSC CGL Tier-1 08.12.2022 (Shift-III)**
(a) प्रतीक्षा काशी (b) जयप्रभा मेनन
(c) स्मिता राजन (d) राधा दत्ता

**उत्तर (a)**
• स्मिता राजन, जयप्रभा मेनन व राधा दत्ता मोहिनीअट्टम शास्त्रीय नृत्य शैली से सम्बन्धित हैं।
• प्रतीक्षा काशी का सम्बन्ध **कुचिपुड़ी नृत्य** से है, जो आन्ध्र प्रदेश का शास्त्रीय नृत्य है।
• **मोहिनीअट्टम** भारत के **केरल राज्य** के दो शास्त्रीय नृत्यों में से एक है।
• केरल का दूसरा शास्त्रीय नृत्य **कथकली** है।

**172.** सुरेखा पुनेकर भारतीय राज्य महाराष्ट्र की एक .......... नृत्यांगना हैं।
**SSC CGL Tier-1 08.12.2022 (Shift-III)**
(a) लावणी (b) कोली (c) पोवदा (d) तमाशा

**उत्तर (a)**
• सुरेखा पुनेकर एक **भारतीय अभिनेत्री**, **नृत्यांगना** और **लोक कलाकार** हैं।
• उन्होंने प्रसिद्ध कवि वशीर मोमीन कवाथेकर द्वारा लिखित **लावणियों** पर विभिन्न तमाशा मण्डलियों में प्रदर्शन किया।
• लावणी नृत्य की शुरुआत 18वीं-19वीं शताब्दी में **महाराष्ट्र** में हुई थी।

**173.** किस भारतीय नृत्य शैली में एकल कलाकार द्वारा विभिन्न भूमिकाओं का निर्वाह किया जाता है, जिसे 'एकाहार्य' कहते हैं?
**SSC CGL Tier-1 08.12.2022 (Shift-IV)**
(a) भरतनाट्यम (b) कथक
(c) कुचिपुड़ी (d) मोहिनीअट्टम

**उत्तर (a)**
• **भरतनाट्यम नृत्य शैली** में एकल कलाकार द्वारा विभिन्न भूमिकाओं का निर्वाह किया जाता है, जिसे 'एकाहार्य' कहते हैं।
• भरतनाट्यम का सम्बन्ध भारत के **तमिलनाडु** राज्य से है। यह नृत्य मूलत: **भरतमुनि द्वारा** रचित 'नाट्यशास्त्र' पर आधारित है।
• वर्तमान में इस नृत्य शैली का अभ्यास मुख्य रूप से **महिलाओं** द्वारा किया जाता है।

**174.** निम्नलिखित में से कौन-सी नृत्य शैली हिमाचल प्रदेश राज्य से सम्बन्धित है?
**SSC CGL Tier-1 09.12.2022 (Shift-I)**
(a) कोलि (b) फागुआ
(c) रउफ (d) धमान

**उत्तर (d)**
• **धमान नृत्य** हिमाचल प्रदेश राज्य से सम्बन्धित है।
• यह नाटी-नृत्य हिमाचल प्रदेश के सिरमौर, कुल्लू और शिमला क्षेत्रों के लिए अद्वितीय है।
• **कोली नृत्य** भारत के महाराष्ट्र राज्य का लोकप्रिय नृत्य है।
• **फाग नृत्य** होली के समय रंगों आदि से खेलकर किया जाता है।
• **रउफ नृत्य** जम्मू-कश्मीर का प्रसिद्ध लोकनृत्य है।

**175.** पुणे में नृत्य भारती कथक नृत्य अकादमी की स्थापना निम्नलिखित में से किस संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार के विजेता ने की थी?
**SSC CGL Tier-1 09.12.2022 (Shift-I)**
(a) रोशन कुमारी
(b) सितारा देवी
(c) कुमुदिनी लाखिया
(d) रोहिणी भाटे

**उत्तर (d)**
• पुणे में नृत्य भारती कथक नृत्य अकादमी की स्थापना संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार के विजेता रोहिणी भाटे ने की थी।
• ये भारत की सबसे वरिष्ठ कथक नृत्य प्रतिपादिका थीं।
• उन्हें महाराष्ट्र राज्य पुरस्कार (1977), महाराष्ट्र गौरव सम्मान (1990) और कालिदास सम्मान (2001) से सम्मानित किया जा चुका है।

**176.** पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित गुलाबो सपेरा राजस्थान की एक ··· नृत्यांगना हैं।
**SSC CGL Tier-1 09.12.2022 (Shift-III)**
(a) घूमर (b) कलबेलिया
(c) तेरह ताली (d) भवाई

**उत्तर (b)**
• पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित गुलाबो सपेरा **राजस्थान** की एक कलबेलिया नृत्यांगना हैं।
• कलबेलिया **सपेरों की एक जनजाति** है, जो राजस्थान के थार रेगिस्तान में रहती है।
• कलबेलिया नृत्य को **सपेरा नृत्य** के नाम से भी जाना जाता है।
• कलबेलिया नृत्य में महिलाएँ नृत्य करती हैं तथा पुरुष विभिन्न प्रकार के पारम्परिक वाद्ययन्त्र बजाते हैं।

**177.** शारोदी सैकिया किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली की प्रतिपादक हैं?
**SSC CGL Tier-1 09.12.2022 (Shift-II)**
(a) कुचिपुड़ी (b) भरतनाट्यम
(c) कथक (d) सत्रीया

**उत्तर (d)**
• शारोदी सैकिया **सत्रीया** भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली की प्रतिपादक हैं।
• इन्हें वर्ष 2015 में **संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार** से सम्मानित किया गया था।
• वर्ष 2022 में असम सरकार के सांस्कृतिक मामलों के विभाग ने इन्हें **विष्णु रामा पुरस्कार** से सम्मानित किया है।

**178.** एक ओडिसी नर्तकी कुमकुम मोहन्ती को वर्ष 2005 में निम्नलिखित में से कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ? **SSC CGL Tier-1 09.12.2022 (Shift-II)**
(a) पद्म विभूषण
(b) कालिदास सम्मान
(c) पद्म भूषण
(d) पद्मश्री

**उत्तर (d)**
• आडिसी नर्तकी कुमकम मोहन्ती को वर्ष 2005 में पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त हुआ। इनका जन्म कटक (ओडिसा) में हुआ था।
• इन्होंने कला **विकास केन्द्र में गुरु केलुचरण महापात्र** से प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने ओडिशा सरकार में विशेष सचिव (संस्कृति) के रूप में भी कार्य किया है।

**179.** निम्नलिखित में से कौन-सा नृत्य कर्नाटक संगीत के लिए किया जाता है?
**SSC CGL Tier-1 09.12.2022 (Shift-III)**
(a) कथक (b) कुचिपुड़ी (c) सत्रीया (d) ओडिसी

**उत्तर (b)**
• कुचिपुड़ी नृत्य कर्नाटक संगीत के लिए किया जाता है। यह भारत के प्रमुख नृत्यों में से एक है।
• परम्परा के अनुसार, कुचिपुड़ी नृत्य केवल **ब्राह्मण समुदाय** के पुरुषों द्वारा किया जाता है।
• ये ब्राह्मण परिवार कुचिपुड़ी के **भागवत** कहलाते हैं।
• कुचिपुड़ी एक **नृत्य नाट्य प्रस्तुति** है, जिसका आधार प्राचीन हिन्दू संस्कृत ग्रन्थ नाट्यशास्त्र है।

**180.** बोरगीत, एक संगीत रचना का प्रयोग भारत के निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य में किया जाता है? **SSC CGL Tier-1 09.12.2022 (Shift-III)**

(a) भरतनाट्यम (b) सत्रीया
(c) कथक (d) मणिपुरी

**उत्तर (b)**

• बोरगीत, एक संगीत रचना का प्रयोग भारत में सत्रीया शास्त्रीय नृत्य में किया जाता है।
• सत्रीया नृत्य, नौ मुख्य भारतीय शास्त्रीय नृत्य परम्पराओं में से एक है।
• इस नृत्य को लयबद्ध गति की भावपूर्ण धुनों के साथ संयोजित किया गया है, जिससे भक्ति की सामंजस्यपूर्ण अभिव्यक्ति उत्पन्न होती है।

**181.** चकरी नामक पारम्परिक लोकनृत्य किस जनजाति की महिलाएँ करती हैं? **SSC CGL Tier-1 09.12.2022 (Shift-IV)**

(a) गोण्ड (b) भारिया (c) कंजर (d) कौल

**उत्तर (c)**

• **चकरी** लोकनृत्य राजस्थान का एक लोकप्रिय एवं पारम्परिक लोकनृत्य है, जो राज्य के कोटा बाराँ, हाड़ोती, अंचल क्षेत्र की कंजर जनजाति की **महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा** किया जाता है।
• चकरी शब्द का आशय **वृत्ताकार घुमाव** से है।
• चकरी नृत्य सभी त्योहारों और विवाह के अवसर पर किया जाता है।

**182.** उस्ताद सुल्तान खान का सम्बन्ध किस वाद्ययन्त्र से है? **SSC CGL Tier-1 09.12.2022 (Shift-IV)**

(a) सारंगी (b) सरोद (c) सितार (d) तबला

**उत्तर (a)**

• उस्ताद सुल्तान खान **सीकर घराने** के भारतीय **सारंगी वादक** और **शास्त्रीय गायक** थे।
• इन्हें वर्ष 2010 में भारत के तीसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान **पद्म विभूषण** से सम्मानित किया गया था।

**183.** देखनी किस भारतीय राज्य से सम्बन्धित एक लोकनृत्य है? **SSC CGL Tier-1 12.12.2022 (Shift-I)**

(a) बिहार (b) गोवा
(c) मध्य प्रदेश (d) पश्चिम बंगाल

**उत्तर (b)**

• देखनी, भारतीय राज्य गोवा से सम्बधित एक लोकनृत्य है।
• यह नृत्य भारतीय पोशाक में **क्रिश्चियन महिलाओं** द्वारा किया जाता है।
• **कोंकणी भाषा** में देखनी का अर्थ है—मोहक या सुन्दरता।
• इस नृत्य में संयुक्त रूप से उपयोग होने वाला मुख्य **वाद्य गानढोक** है।

**184.** निम्नलिखित में से किसने बाँसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया और गिटार वादक बृजभूषण काबरा के साथ मिलकर एक कॉन्सेप्ट एल्बम, 'कॉल ऑफ द बैली' (1967) का निर्माण किया था? **SSC CGL Tier-1 12.12.2022 (Shift-I)**

(a) सतीश व्यास (b) तरुण भट्टाचार्य
(c) शिवकुमार शर्मा (d) भजन सोपोरी

**उत्तर (c)**

• **शिवकुमार शर्मा** ने बाँसुरी वादक **हरिप्रसाद चौरसिया** और गिटार वादक **बृजभूषण काबरा**, के साथ मिलकर एक कॉन्सेप्ट एल्बम, 'कॉल ऑफ द बैली' का निर्माण किया।
• यह एल्बम भारतीय संगीत को पश्चिम तक पहुँचाने व **अन्तर्राष्ट्रीय स्तर** पर सबसे ज्यादा बिकने वाला भारतीय संगीत रिकॉर्ड था।

**185.** सत्रीया नृत्य शैली असम के महान वैष्णव सन्त और सुधारक ...... द्वारा 15वीं शताब्दी ईसवी में पेश की गई थी।
**SSC CGL Tier-1 09.12.2022 (Shift-II)**
**SSC CHSL (10+2) 02.06.2022 (Shift-I)**

(a) वल्लभाचार्य (b) सन्त नामदेव
(c) चैतन्य महाप्रभु (d) महापुरुष शंकरदेव

**उत्तर (d)**

• सत्रीया नृत्य शैली असम के महान वैष्णव सन्त और सुधारक **महापुरुष शंकरदेव** द्वारा 15वीं शताब्दी ईसवी में पेश की गई थी।
• शंकरदेव का जन्म 1449 ई. में आलिपुखुरी (असम) में हुआ था।
• वर्ष 2000 में **संगीत नाटक अकादमी** द्वारा सत्रीया को **शास्त्रीय नृत्य का दर्जा** दिया गया।

**186.** टी. बालासरस्वती, एक ........ नृत्यांगना के साथ-साथ एक अभिनेत्री भी थीं।
**SSC CGL Tier-1 12.12.2022 (Shift-II)**
**SSC MTS 15.07.2022 (Shift-I)**

(a) कथकली (b) भरतनाट्यम
(c) मणिपुरी (d) कुचिपुड़ी

**उत्तर (b)**

• टी. बालासरस्वती एक भरतनाट्यम नृत्यांगना के साथ-साथ एक अभिनेत्री भी थीं।
• **भरतनाट्यम** दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु में उत्पन्न एक शास्त्रीय नृत्य शैली है।
• उन्हें वर्ष 1957 में **पद्म भूषण** और वर्ष 1977 में **पद्म विभूषण** से सम्मानित किया गया है और वर्ष 1981 में **द इण्डियन फाइन आर्ट्स सोसाइटी**, चेन्नई के संगीत कला शिखामणि पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

**187.** बड़े गुलाम अली खान ...... घराने के एक प्रमुख गायक थे। **SSC CGL Tier-1 12.12.2022 (Shift-III)**

(a) बनारस (b) भिण्डी बाजार
(c) रामपुर सहसवान (d) पटियाला

**उत्तर (d)**

• बड़े गुलाम अली खान पटियाला घराने के प्रमुख गायक थे।
• उस्ताद बड़े गुलाम अली खान का जन्म वर्ष 1902 में ब्रिटिश भारत के तत्कालीन पंजाब प्रान्त के कसूर में हुआ था।
• उन्हें वर्ष 1962 में **संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार**, पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**188.** छोलिया नृत्य ...... में किया जाता है। **SSC CGL Tier-1 12.12.2022 (Shift-IV)**

(a) मेघालय (b) लद्दाख
(c) तमिलनाडु (d) उत्तराखण्ड

**उत्तर (d)**

• छोलिया नृत्य **उत्तराखण्ड** का एक पारम्परिक लोकनृत्य है, जिसकी उत्पत्ति सुदूर प्रान्त में भारतीय राज्य उत्तराखण्ड के कुमाऊँ मण्डल एवं नेपाल के पश्चिम प्रान्त में हुई है।
• यह एक प्रकार का **तलवार नृत्य** है, जिसमें सामान्यत: **22 कलाकार** होते हैं, इनमें 8 नर्तक एवं 14 संगीतकार होते हैं।
• इस नृत्य में नर्तक युद्ध जैसे संगीत की धुन पर क्रमबद्ध तरीके से तलवार व ढाल-चलाते हैं।

**189.** कुचिपुड़ी नृत्य शैली की उत्पत्ति भारत के किस राज्य में हुई? **SSC CGL Tier-1 13.12.2022 (Shift-I)**

(a) केरल (b) आन्ध्र प्रदेश
(c) उत्तर प्रदेश (d) असम

**उत्तर (b)**

• कुचिपुड़ी **नृत्य शैली** की उत्पत्ति **आन्ध्र प्रदेश के कृष्णा** जिले में स्थित कुचिपुड़ी गाँव के नाम पर हुई।
• प्रारम्भ में यह नृत्य केवल ब्राह्मण समुदाय के पुरुषों द्वारा ही किया जाता था, बाद में इस नृत्य को स्त्रियों द्वारा भी किया जाने लगा।
• इस नृत्य में कर्नाटक संगीत का प्रयोग किया जाता है व इसमें **ताण्डव** व **लास्य** की प्रमुख भूमिका होती है।

**190.** लोकनृत्य होजागिरी की उत्पत्ति और इसका सम्बन्ध भारत के किस भाग से है? **SSC CGL Tier-1 13.12.2022 (Shift-II)**

(a) दक्षिण (b) पश्चिम (c) उत्तर (d) उत्तर-पूर्व

**उत्तर (d)**

• उत्तर-पूर्व का लोकनृत्य होजागिरी की उत्पत्ति भारत के उत्तर-पूर्व राज्य त्रिपुरा में हुई थी।
• यह नृत्य रियांग समुदाय द्वारा **लक्ष्मी पूजा के दिन** प्रदर्शित किया जाता है।
• पूर्वोत्तर के अन्य लोकनृत्य **गरिया, झूम, मैमिला, बिझु, चेराव** व **स्वागत नृत्य** आदि।

**191.** निम्नलिखित में से कौन 'कथकली की ऑस्ट्रेलियाई जननी' के रूप में प्रसिद्ध हैं? **SSC CGL Tier-1 13.12.2022 (Shift-II)**

(a) अन्ना पावलोवा (b) मार्गोट फॉण्टेन
(c) लुईस लाइटफुट (d) येलेना आन्द्रेयानोवा

**उत्तर (c)**

• **लुईस लाइटफुट** 'कथकली की ऑस्ट्रेलियाई जननी' के रूप में प्रसिद्ध हैं। ये एक ऑस्ट्रेलियाई वास्तुकार, कोरियोग्राफर व डांसर थीं।
• उन्होंने भारतीय नृत्य **कथकली** व **भरतनाट्यम** को बढ़ावा दिया तथा ब्रिटिश क्षेत्र में नृत्य मण्डलियों के लिए पर्यटन का आयोजन भी किया।

**192.** निम्नलिखित में से कौन-सा लोकनृत्य मिजोरम राज्य से सम्बन्धित नहीं है? **SSC CGL Tier-1 13.12.2022 (Shift-II)**

(a) मुनारी (b) चेराव (c) जंगतालम (d) चैलम

**उत्तर (a)**

• मुनारी लोकनृत्य मिजोरम से सम्बन्धित नहीं है।
• मुनारी लोकनृत्य **ओडिशा** व **झारखण्ड** के आदिवासियों (मुण्डा जनजाति) का प्रसिद्ध नृत्य है।

• इस नृत्य में गायन, वादन तथा नृत्य सभी प्रकार की गतिविधियाँ शामिल होती हैं।

• चेराव, जगतालम और चैलम मिजोरम से सम्बन्धित नृत्य है।

**193.** कुनबी नृत्य ……… के जनजातीय समुदाय द्वारा किया जाता है।
**SSC CGL Tier-1 13.12.2022 (Shift-III)**

(a) सिक्किम (b) गोवा
(c) उत्तर प्रदेश (d) तमिलनाडु

**उत्तर (b)**

• **गोवा** में कुनबी नृत्य जनजाति समुदायों में **महिलाओं द्वारा** किया जाता है। यह नृत्य **सामाजिक अवसरों** पर ही किया जाता है।

• **कुनबी**, एक सामान्य शब्द है, जो पश्चिमी भारत में पारम्परिक रूप से गैर-कुलीन कृषकों की जातियों के लिए प्रयोग किया जाता है।

**194.** अब्दुल करीम खान और अब्दुल वाहिद खान ……… घराने के संस्थापक थे।
**SSC CGL Tier-1 13.12.2022 (Shift-III)**

(a) जयपुर-अतरौली (b) ग्वालियर
(c) किराना (d) आगरा

**उत्तर (c)**

• अब्दुल करीम खान और अब्दुल वाहिद खान **किराना घराने के संस्थापक** थे। यह घराना हिन्दुस्तान संगीत की एक परम्परा है।

• किराना घराना का नामकरण उत्तर प्रदेश के **कैराना तहसील** (मुजफ्फरनगर) के नाम पर हुआ।

• अब्दुल करीम खान कर्नाटक संगीत शैली में भी पारंगत थे। इनका मैसूर दरबार से गहरा सम्बन्ध था।

**195.** पद्मा सुब्रह्मण्यम निम्नलिखित में से किस भारतीय नृत्य शैली की प्रतिपादक हैं?
**SSC CGL Tier-1 13.12.2022 (Shift-IV)**

(a) कथक (b) मोहिनीअट्टम
(c) कथकली (d) भरतनाट्यम

**उत्तर (d)**

• पद्मा सुब्रह्मण्यम एक कुशल **भरतनाट्यम** भारतीय नृत्य शैली की प्रतिपादक हैं।

• ये रिसर्च स्कॉलर, म्यूजिक कम्पोजर, गायिका व शिक्षिका हैं। वे भारत के साथ-साथ विदेशों में भी प्रसिद्ध हैं।

• नृत्य कला क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 1981 में **पद्मश्री**, वर्ष 1983 में **संगीत नाटक अकादमी** व वर्ष 2003 में **पद्मभूषण** से सम्मानित किया गया।

## SSC CGL 2021 (Tier 1 & 2)

**196.** 'थुल्लाल' (Thullal) ……… राज्य की एक एकल व्यंग्य-प्रधान नृत्य शैली है।
**SSC CGL Tier-1 24.08.2021 (Shift-I)**

(a) केरल (b) हरियाणा
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) गोवा

**उत्तर (a)**

• थुल्लाल केरल राज्य की एक एकल व्यंग्य-प्रधान नृत्य शैली है।

• इस नृत्य के उद्भव का श्रेय **प्रसिद्ध कवि कंचन नाम्बियार** को जाता है।

• इस नृत्य के गीत सरल **मलयालम भाषा** में होते हैं।

• इस नृत्य के प्रमुख वाद्ययन्त्र **मद्दलम** एवं **झाँझ** हैं।

• केरल के प्रसिद्ध थुल्लाह कलाकार श्री मालबार रमन नायर के निर्देशन में कलामण्डल में **थुल्लाह विभाग** (1956) की स्थापना की गई थी।

**197.** 'घूमर' ……… राज्य की एक लोकनृत्य शैली है।
**SSC CGL Tier-1 24.08.2021 (Shift-I)**
**SSC CHSL Tier-1 14.03.2023 (Shift-I)**

(a) बिहार (b) झारखण्ड
(c) त्रिपुरा (d) राजस्थान

**उत्तर (d)**

• 'घूमर' नृत्य में **राजस्थान** की महिलाएँ एक बड़ा घेरा बनाकर नृत्य करती हैं।

• यह नृत्य विशेष अवसरों; जैसे—विवाह समारोह, उत्सव, तीज-त्योहार एवं धार्मिक आयोजनों के समय किया जाता है।

• घूमर लोकनृत्य के संरक्षण के लिए वर्ष 1986 में सन्तरामपुर की महारानी राजमाता गोवर्धन कुमारी द्वारा **गणगौर घूमर नृत्य अकादमी** की स्थापना की गई थी।

**198.** चिंकारा मध्य प्रदेश राज्य में लोकप्रिय एक ……… संगीत वाद्ययन्त्र है।
**SSC CGL Pre 2020, 24.08.2021 (Shift-II)**

(a) प्लेट (b) अवनद्ध (मैंब्रेन)
(c) सुषिर (विण्ड) (d) तारीय (स्ट्रिंग्ड)

**उत्तर (d)**

• चिंकारा मध्य प्रदेश राज्य में लोकप्रिय एक तारीय (स्ट्रिंग्ड) संगीत वाद्ययन्त्र है।

• तारीय (स्ट्रिंग्ड) चर्मपत्र, लकड़ी एवं इस्पात से निर्मित **एक-तारीय वाद्ययन्त्र** है, जो मध्य प्रदेश के 'प्रधान' समुदाय द्वारा गायन एवं नृत्य के अवसर पर विशेष रूप से बजाया जाता है।

• मध्य प्रदेश के अतिरिक्त **राजस्थान**, **उत्तर प्रदेश** के जनजातीय लोग भी इसका प्रयोग करते हैं।

**199.** 'पंचा', …………… राज्य में पुरुषों द्वारा पहना जाने वाला एक पारम्परिक सारोंग (लुंगी या धोती जैसा अधोवस्त्र) है।
**SSC CGL Tier-1 2020, 23.08.2021 (Shift-I)**

(a) केरल (b) सिक्किम
(c) कर्नाटक (d) असम

**उत्तर (c)**

• पंजा कर्नाटक राज्य में पुरुषों द्वारा पहना जाने वाला एक पारम्परिक सारोग है, जिसे पैरों के चारों ओर लपेटा जाता है।

• पंचा को कर्नाटक के **पुरुषों द्वारा सौन्दर्य की दृष्टि** से पहना जाता है। इसका दूसरा नाम धोती है।

**200.** सिद्धेन्द्र योगी ……… नृत्य शैली के अगुआ थे, जो आदि गुरु के रूप में जाने जाते थे।
**SSC CGL Tier-1 2020, 18.08.2021 (Shift-I)**

(a) कथकली (b) कथक
(c) भरतनाट्यम (d) कुचिपुड़ी

**उत्तर (d)**

• सिद्धेन्द्र योगी कुचिपुड़ी नृत्य शैली के अगुआ थे, जिन्हें आदि गुरु के रूप में जाना जाता हैं। यह दक्षिण भारत की प्रसिद्ध नृत्य शैली है।

• लस्या (नरम तत्त्व) और ताण्डव (कठोर तत्त्व) कुचिपुड़ी नृत्य में महत्त्वपूर्ण हैं।

**201.** जनवरी, 2021 तक की स्थिति के अनुसार, केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष कौन थे?
**SSC CGL Tier-1 2020, 17.08.2021 (Shift-III)**

(a) प्रसून जोशी (b) शेखर कपूर
(c) आशा पारेख (d) रेखा

**उत्तर (a)**

• जनवरी, 2021 तक की स्थिति के अनुसार केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष **प्रसून जोशी** थे।

• **केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड** की स्थापना सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952 के तहत भारत के सूचना एवं प्रसारण मन्त्रालय के अधीन की गई थी।

• यह भारत में फिल्म उद्योग, टीवी विज्ञापन एवं अन्य दृश्य-श्रव्य सामग्रियों की समीक्षा से सम्बन्धित **विनियामक निकाय** है।

**202.** 'जादोपटिया' झारखण्ड राज्य की ……… की एक लोकप्रिय शैली/कला है।
**SSC CGL Tier-1 2020, 16.08.2021 (Shift-III)**

(a) मूर्तिकला (b) चित्रकला (c) नृत्य (d) संगीत

**उत्तर (b)**

• जादोपटिया झारखण्ड राज्य की सन्थाल जनजाति की **लोक चित्रकला** है, जो इस जनजातीय समाज के विकास, रहन-सहन एवं धार्मिक आस्था को व्यक्त करती है।

• यह चित्रकला पश्चिम बंगाल के **मुर्शिदाबाद, बीरभूम, बाँकुड़ा, हुगली** आदि जिलों में भी लोकप्रिय है।

• इस चित्रकला के कलाकार को **जादोपटिया** या **पटुवा** कहा जाता है।

**203.** 'बोलाक-आर्ट', कर्नाटक राज्य की एक ……… शैली है।
**SSC CGL Tier-1 16.08.2021 (Shift-I)**

(a) नृत्य कला (b) मूर्तिकला
(c) संगीत कला (d) चित्रकला

**उत्तर (a)**

• बोलाक-आर्ट कर्नाटक राज्य की एक नृत्य शैली है। ये नृत्य की एक **आध्यात्मिक प्रस्तुति** है, जिसे नाटक एवं संवादों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है।

• कर्नाटक की इस नृत्य शैली का विषय **कोडवा देवी-देवताओं की वीर गतिविधियों/गाथाओं** पर आधारित है।

**204.** 'आलूयट्टू', ……… राज्य का एक लोकनृत्य है।
**SSC CGL Tier-1 13.08.2021 (Shift-III)**

(a) हरियाणा (b) नागालैण्ड
(c) गोवा (d) केरल

**उत्तर (b)**

• नागालैण्ड का आलूयट्टू लोकनृत्य अपनी प्राचीन सुन्दरता के लिए प्रसिद्ध है।

• इस राज्य के अन्य प्रमुख लोकनृत्य मोडसे, आगुर्शिकुकुला, तितलीनृत्य, सवल केकई, चांगई नृत्य, कुकी नृत्य, लेशालप्टु, त्वम्बा लिम, मयूर नृत्य इत्यादि हैं।
• आलूयट्टू नृत्य नागालैण्ड के **कोन्याक जनजाति** द्वारा किया जाता है।

## SSC CPO 2024

**205.** नेशनल आर्केस्ट्रा ऑफ इण्डिया के संस्थापक पण्डित रविशंकर एक ········ वादक थे।
SSC CPO 27.01.2024 (Shift-III)
(a) सरोद (b) सारंगी
(c) सितार (d) बाँसुरी
**उत्तर (c)**
• नेशनल आर्केस्ट्रा ऑफ इण्डिया के संस्थापक, पण्डित रविशंकर एक प्रसिद्ध सितार वादक थे।

**206.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही ढंग से सुमेलित है? SSC CPO 27.07.2024 (Shift-I)
(a) सुल्तान खान-सारंगी
(b) हरिप्रसाद चौरसिया-सरोद
(c) जाकिर हुसैन-सितार
(d) बिस्मिल्ला खाँ-तबला
**उत्तर (a)**
• **सुल्तान खान** एक प्रमुख **सारंगी** वादक थे, जिनका महानतम योगदान संगीत की दुनिया में था।
• **हरिप्रसाद चौरसिया** को बाँसुरी वादन में महारत हासिल है, जिन्हें 'बाँसुरी का जादूगर' कहा जाता है।
• **जाकिर हुसैन** को तबला वादन के लिए जाना जाता है, जिन्हें 'तबले का सम्राट' के रूप में जाना जाता है।
• **बिस्मिल्लाह खाँ** को शहनाई वादन में महारत हासिल थी, जिन्हें 'शहनाई वादक' के रूप में जाना जाता है।

**207.** छः पीढ़ियों से 'कथकली' से जुड़े प्रसिद्ध कवंगल परिवार के प्रतिष्ठित और अनुभवी वंशज निम्नलिखित में से कौन हैं?
SSC CPO 27.07.2024 (Shift-III)
(a) चतुन्नी पणिक्कर
(b) मीनाक्षी सुन्दरम पिल्लई
(c) पद्मा सुब्रमण्यम
(d) अम्मानूर माधव चक्यार
**उत्तर (a)**
• चतुन्नी पणिक्कर छह पीढ़ियों से कथकली से जुड़े प्रसिद्ध कवंगल परिवार के प्रतिष्ठित और अनुभवी वशंजों में से एक हैं।
• उन्होंने कथकली कला में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है और उनका नाम **कावंगल परिकर** में विशिष्ट रूप से उल्लिखित है।
• इन्हें वर्ष 1973 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला था।
• वर्ष 2006 में **पद्मश्री** से सम्मानित किया गया था।

**208.** कथकली नृत्य के कलाकारों के लिए कितने प्रकार के शृंगार (वेषम) का उपयोग किया जाता है? SSC CPO 27.07.2024 (Shift-III)
(a) 5 (b) 7 (c) 11 (d) 9
**उत्तर (a)**
• कथकली नृत्य में पाँच मुख्य प्रकार के शृंगार (वेषम) का उपयोग किया जाता है
– **पच्चा** यह हरा शृंगार सदाचारियों, देवताओं और राजाओं का प्रतिनिधित्व करता है।
– **कत्ती** यह काला और सफेद शृंगार दुष्ट चरित्रों का प्रतिनिधित्व करता है।
– **ताड़ी** यह वाला शृंगार वनवासियों, ऋषियों और राक्षसों का प्रतिनिधित्व करता है।
– **मिनुक्क** यह स्त्री शृंगार स्त्रियों और देवियों का प्रतिनिधित्व करता है।
– **करी** यह काला शृंगार शिकारी, दानव और राक्षसों का प्रतिनिधित्व करता है।

**209.** गोबिन्द चन्द्र पाल को वर्ष 2022 के लिए संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने निम्नलिखित में किस क्षेत्र में योगदान दिया है?
SSC CPO 27.07.2024 (Shift-III)
(a) रंगमंच (अभिनय)
(b) कठपुतली
(c) ओडिसी नृत्य (गोटीपुआ)
(d) नृत्य (कथक)
**उत्तर (c)**
• **गोविन्द चन्द्र पाल** को वर्ष 2022 के लिए संगीत नाटक अकादमी **अमृत पुरस्कार** से ओडिसी नृत्य (गोटीपुआ) के लिए सम्मानित किया गया।
• गोटीपुआ ओडिसी नृत्य की एक पारम्परिक शैली है, जिसमें युवा लड़के महिलाओं के वेश में नृत्य प्रस्तुत करते हैं।

**210.** उस्ताद असद अली खान ······· के उस्तादों में से एक थे। SSC CPO 27.07.2024 (Shift-I)
(a) तानपुरा (b) मृदंगम
(c) सारंगी (d) रुद्र वीणा
**उत्तर (d)**
• उस्ताद असद अली खान **रुद्र वीणा** के उस्तादों में से एक थे, इन्हें वर्ष 2001 में भारत का दूसरा सबसे बडा नागरिक पुरस्कार **पदम् विभूषण** दिया गया।
• **सारंगी** के वादक उस्ताद बिन्दु खाँ है।
• मृदंग के वादक टी. वी. गोपालकृष्णन है।
• तानपुरा या तम्बूरा के वादक सोमन पिल्लई हैं।

**211.** चित्रा विश्वेश्वरन निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली की प्रसिद्ध नृत्यांगना है?
SSC CPO 27.06.2024 (Shift-I)
(a) सत्रीया (b) भरतनाट्यम
(c) कथकली (d) कुचिपुड़ी
**उत्तर (b)**
• चित्रा विश्वेश्वरन **भरतनाट्यम नृत्य** शैली की प्रसिद्ध नृत्यांगना है।
• भरतनाट्यम के प्रमुख कलाकार हैं- यामिनी कृष्णमूर्ति, लक्ष्मी विश्वनाथन, पद्मा सुब्रह्मणयम, मृणाल साराभाई, मल्लिका साराभाई, अलमेंल वल्ली इत्यादि।
• इस नृत्य कला को वैश्विक पहचान दिखाने का श्रेय **रुक्मिणी देवी अरुण्डेल** को है।
• इसे प्राय: **अग्नि नृत्य** के नाम से भी जाना जाता है।

**212.** निम्नलिखित में से कौन-सा नृत्य उड़िया संस्कृति का हिस्सा नहीं है?
SSC CPO 27.06.2024 (Shift-I)
(a) पाइका (b) दलखाई
(c) कथकली (d) गोटीपुआ
**उत्तर (c)**
• कथकली नृत्य उड़िया संस्कृति का हिस्सा नहीं है।
• ओडिशा नृत्य एक **शास्त्रीय नृत्य शैली** है।
• यह नृत्य शैली सम्भवत: नाट्यशास्त्र में वर्णित **ओड्र नृत्य** पर आधारित है।
• इस नृत्य को **जैन राजा खारवेल का संरक्षण** प्राप्त था।
• यह नृत्य रूप जल तत्त्व को प्रतीकबद्ध करता है।

**213.** मणिपुरी नृत्य में लास्य और ताण्डव तत्त्वों के अनुरूप दो मुख्य भाग कौन-से हैं?
SSC CPO 27.06.2024 (Shift-I)
(a) जागोई और चोलोम (b) भंगी और स्त्री
(c) वीरा और टोडा (d) वर्णम और परण
**उत्तर (a)**
• मणिपुरी नृत्य में लास्य और ताण्डव तत्त्वों के अनुरूप दो मुख्य भाग **जागोई** और **चोलोम** है।
• मणिपुरी नृत्य का नाम उसकी उत्पत्ति स्थल के नाम पर पड़ा है। यह नृत्य **राधा-कृष्ण की प्रेम कहानी** (रास-लीला) पर आधारित है।
• इसमें जयदेव एवं चण्डीदास की रचनाओं का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

**214.** निम्नलिखित भारतीय संगीतकारों में से कौन हिन्दुस्तानी संगीत के क्षेत्र में रागों को दस थाटों में वर्गीकृत करने के लिए उनके योगदान के लिए जाना जाता है?
SSC CPO 27.06.2024 (Shift-II)
(a) अलाउद्दीन खान
(b) पण्डित विष्णु नारायण भातखण्डे
(c) अब्दुल करीम खान
(d) पण्डित विष्णु दिगम्बर पलुस्कर
**उत्तर (b)**
• **पण्डित विष्णु नारायण भातखण्डे** को हिन्दुस्तानी संगीत के क्षेत्र में रागों की दस थाटों में वर्गीकृत करने के लिए उनके योगदान के लिए जाना जाता है।
• उन्हें **हिन्दुस्तानी संगीत के जनक** के रूप में भी जाना जाता है।

**215.** विजय किचलू ······· से सम्बन्धित हैं।
SSC CPO 27.06.2024 (Shift-II)
(a) पटियाला घराना (b) ग्वालियर घराना
(c) आगरा घराना (d) भिण्डी बाजार घराना
**उत्तर (c)**
• पण्डित विजय कुमार किचलू **आगरा घराने** से सम्बन्धित है। यह आगरा घराना हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की एक प्रमुख शैली है।
• उन्होंने अपने **गुरु पण्डित विनायक राव चान्देकर** से शास्त्रीय संगीत की शिक्षा प्राप्त की।
• उन्हें पद्मश्री (2018) और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था।

**216.** पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित भजन सोपोरी एक ····· वादक हैं। SSC CPO 27.06.2024 (Shift-II)
(a) तबला (b) सन्तूर (c) वायलिन (d) सितार

**उत्तर (b)**
• पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित पण्डित भजन सोपोरी एक प्रसिद्ध **सन्तूर वादक** थे।
• पण्डित भजन सोपोरी का जन्म वर्ष 1948 में श्रीनगर, (कश्मीर) में हुआ था।
• उन्होंने अपने पिता, शंभू नाथ सोपोरी और दादा, एससी सोपोरी से सन्तूर वादन सीखा।
• वे सूफी घराने के थे, जो सन्तूर वादन की एक प्रसिद्ध शैली है।
• उन्हें वर्ष 2004 में भारत सरकार द्वारा संगीत (शास्त्रीय) के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

**217.** निम्नलिखित में से कौन-सा लोकनृत्य गोवा से सम्बन्धित नहीं है? SSC CPO 27.06.2024 (Shift-II)
(a) धनगर (b) घुमुरा (c) दशावतार (d) देखनी

**उत्तर (b)**
• **घुमुरा नृत्य** भारतीय राज्य ओडिशा के कालाहाण्डी जिले का एक लोकनृत्य है।
• धनगर गोवा के कुर्मावी समुदाय का एक जीवंत नृत्य है, जो भगवान कृष्ण के जीवन से प्रेरित है।
• **दशावतार** यह भगवान विष्णु के दस अवतारों का चित्रण करने वाला एक नाट्य नृत्य है।
• **देखनी** यह रंगीन पोशाक और मुखौटों वाला नृत्य, गोवा के लोकनृत्यों का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।

**218.** दलखाई निम्नलिखित में से किस राज्य का प्रसिद्ध लोकनृत्य है? SSC CPO 28.06.2024 (Shift-II)
(a) बिहार (b) ओडिशा
(c) पंजाब (d) उत्तर प्रदेश

**उत्तर (b)**
• दलखाई **ओडिशा राज्य** का प्रसिद्ध लोकनृत्य है।
• ये नृत्य **सम्बलपुर** के आदिवासियों का पारम्परिक लोकनृत्य है। ये दशहरा, फागुनपुनी के त्योहारों पर मनाया जाता है।
• इस नृत्य रूप का मुख्य विषय राधा कृष्ण, रामायण व महाभारत है।

**219.** भारतीय शास्त्रीय नृत्य एक व्यापक विषय है, जिसके नीचे उन विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया जाता है, जिनके सिद्धान्त और अभ्यास को ········ द्वारा रचित मूलभूत संस्कृति ग्रन्थ नाट्यशास्त्र में खोजा जा सकता है। SSC CPO 28.06.2024 (Shift-III)
(a) पाणिनि (b) भरतमुनि (c) भास (d) पतंजलि

**उत्तर (b)**
• भारतीय शास्त्रीय नृत्य एक व्यापक विषय है, जिसके नीचे उन विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया जाता है, जिनके सिद्धान्त और अभ्यास को भरत मुनि द्वारा रचित मूलभूत संस्कृति ग्रन्थ **नाट्यशास्त्र** में खोजा जा सकता है।
• यह संगीत और नाटक का पहला साहित्य है। इसे 500 ईसा पूर्व के आस-पास लिखा गया इस नाट्यशास्त्र में 6000 दोहे हैं।

**220.** निम्नलिखित में से कौन मुख्य रूप से भरतनाट्यम नृत्य के/की प्रतिपादक थे/थीं? SSC CPO 28.06.2024 (Shift-I)
(a) गुरु बिपिन सिंह
(b) पण्डित बिरजू महाराज
(c) रुक्मिणी देवी अरुण्डेल
(d) केलुचरण महापात्र

**उत्तर (c)**
• **रुक्मिणी देवी अरूण्डेल** एक भारतीय ब्रह्मविद्यावादी है, ये भारतीय शास्त्रीय नृत्य **भरतनाट्यम** की नर्तकी, कोरियोग्राफर और पशु कल्याण के लिए एक कार्यकर्ता भी थीं।
• वह भारतीय इतिहास में पहली महिला थीं, जिन्हें भारतीय संसद के ऊपरी सदन (राज्यसभा के सदस्य के रूप) में मनोनीत किया गया था।
• उन्होंने पारम्परिक भारतीय कला और शिल्प की पुनर्स्थापना के लिए भी काम किया।
• इन्हें वर्ष 1956 में **पद्म विभूषण** से सम्मानित किया गया।

**221.** निम्नलिखित में से कौन ओडिसी नृत्यांगना नहीं हैं? SSC CPO 28.06.2024 (Shift-I)
(a) अनीता रत्नम (b) कुमकुम मोहंती
(c) प्रोतिमा बेदी (d) सोनल मानसिंह

**उत्तर (a)** अनीता रत्नम **ओडिसी नृत्यांगना** नहीं हैं। वह भरतनाट्यम और कथकली जैसे अन्य भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों के लिए प्रसिद्ध हैं।
• अनीता रत्नम ने अपना शुरुआती नृत्य प्रशिक्षण भरतनाट्यम गुरु अडयार लाकृष्ण लक्ष्मण के तहत लिया। बाद में उन्नत प्रशिक्षण के लिए **रुक्मिणी देवी अरूण्डेल के कलाक्षेत्र** चली गई और नृत्य में स्नातकोत्तर डिप्लोमा अर्जित किया।

**222.** सियाराम तिवारी निम्नलिखित में से किस संगीत घराने से सम्बन्धित है? SSC CPO 28.06.2024 (Shift-I)
(a) किराना (b) डगरी (c) बेतिया (d) दरभंगा

**उत्तर (d)**
• सियाराम तिवारी सम्बन्ध **दरभंगा संगीत घराने** से है।
• दरभंगा घटाने में ध्रुपद खण्डार वाणी और गौहर वाणी में गायन होता है।
• इस घराने के प्रसिद्ध गायक **राम चतुर मलिक** और **प्रेम कुमार मलिक** है।

**223.** पण्डित अच्छन महाराज निम्नलिखित में से किस घराने के कथक दिग्गज थे? SSC CPO 28.06.2024 (Shift-II)
(a) लखनऊ (b) बनारस (c) रायगढ़ (d) जयपुर

**उत्तर (a)** पण्डित अच्छन महाराज **लखनऊ घराने** के कथन नर्तक थे। इनका मूल नाम **जगन्नाथ महाराज** था।
• वे पण्डित बिरजू महाराज के पिता और गुरु थे। उन्हें नृत्य के माध्यम से अभिव्यक्तिवाद के अपने ज्ञान के लिए याद किया जाता है।

**224.** निम्नलिखित में से कौन हिन्दुस्तानी संगीत के किराना घराने के पथप्रदर्शक और संस्थापक हैं? SSC CPO 28.06.2024 (Shift-II)
(a) भीमसेन जोशी (b) फिरोज दस्तूर
(c) सवाई गन्धर्व (d) अब्दुल करीम खान

**उत्तर (d)**
• **अब्दुल करीम खान** हिन्दुस्तानी संगीत के किराना घराने के पथ प्रदर्शक और संस्थापक थे।
• **किराना घराना** सबसे प्रमुख भारतीय शास्त्रीय ख्याल घरानों में से एक है और ज्यादातर नोटों के सही स्वर के साथ जुड़ा हुआ है।
• घराना शब्द की उत्पत्ति उर्दू/हिन्दी शब्द 'घर' से हुई है, जिसका अर्थ है, **घर या परिवार**।

**225.** मल्लिका साराभाई निम्नलिखित में से किस नृत्य के लिए प्रसिद्ध हैं? SSC CPO 28.06.2024 (Shift-II)
(a) सत्रीया (b) कथक
(c) कुचिपुड़ी (d) ओडिसी

**उत्तर (c)**
• मल्लिका साराभाई **कुचिपुड़ी नृत्य** के लिए प्रसिद्ध है। वह **गुजरात** राज्य की एक भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना हैं।
• वह एक कुशल भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी नर्तकी हैं।
• वह अन्तरिक्ष वैज्ञानिक **विक्रम साराभाई** और शास्त्रीय नृत्यांगना मृणालिनी साराभाई की बेटी है।

**226.** निम्नलिखित में से कौन पटियाला घराने से सम्बन्धित है? SSC CPO 28.06.2024 (Shift-II)
(a) अब्दुल वाहिद खान (b) नाथू खान
(c) अली बक्श खान (d) छाजू खान

**उत्तर (c)**
• अली बक्श खान **पटियाला घराने** से सम्बन्धित है।
• पटियाला घराना **मिया कल्लू** द्वारा स्थापित किया गया था। अली बक्श खान और फतेह अली खान थे। पटियाला परम्परा को लोकप्रिय बनाया था।
• पटियाला घराना को दिल्ली घराने की एक शाखा के रूप में जाना जाता है।
• पटियाला घराना के अन्य प्रमुख कलाकार गुलाम अली, काले खाँ आदि थे।

**227.** दीपा करथा ········ नृत्य से सम्बन्धित है। SSC CPO 29.06.2024 (Shift-III)
(a) मणिपुरी (b) कथक
(c) ओडिसी (d) सत्रिया

**उत्तर (b)**
• दीपा करथा **कथक नृत्य** से सम्बन्धित हैं।
• दीपा करथा का जन्म वर्ष 1969 में **दिल्ली** में हुआ था।
• उन्होंने अपनी माँ शान्ता करथा से कत्थक नृत्य सीखा, जो स्वयं एक प्रसिद्ध **कत्थक नृत्यांगना** थीं।
• दीपा करथा को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें **पद्म श्री**, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और **कला रत्न पुरस्कार** शामिल हैं।

**228.** द फोर्टी मिनट्स रागा ········ द्वारा रचित एक एल्बम है। SSC CPO 29.06.2024 (Shift-III)
(a) अली अकबर खान
(b) हरिप्रसाद चौरसिया
(c) भीमसेन जोशी
(d) अमजद अली खान

उत्तर (a)

- **द फोर्टी मिनट्स रागा** सितार वादक **अली अकबर खान** द्वारा रचित है।
- यह वर्ष 1962 में रिलीज हुआ था और इसे कॉम्पैक्ट डिस्क और डिजिटल डाउनलोड सहित विभिन्न प्रारूपों में उपलब्ध कराया गया है।
- इन्हें वर्ष 1988 में **पद्म विभूषण** से सम्मानित किया गया।
- इन्हें वर्ष 1977 में संयुक्त राज्य अमेरिका के कला के क्षेत्र में सबसे ऊँचा सम्मान **नेशनल हैरिटेज फैलोशिप** से सम्मानित किया गया था।

**229.** भारत की प्रसिद्ध गायिका बेगम अख्तर निम्नलिखित में से किस विधा के लिए जानी जाती हैं? **SSC CPO 29.06.2024 (Shift-III)**

(a) सूफी संगीत (b) लोक संगीत
(c) कर्नाटक संगीत (d) गजल संगीत

उत्तर (d)

- भारत की प्रसिद्ध गायिका बेगम अख्तर गजल संगीत के लिए जानी जाती है।
- इन्हें 'गजल की मल्लिका' भी कहा जाता है।
- बेगम अख्तर ने गजल को शास्त्रीय संगीत से लोकप्रिय संगीत में बदलने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन्होंने कई भाषाओं में गजलें गाईं, जिनमें हिन्दी, उर्दू, पंजाबी और फारसी शामिल हैं।
- उनकी कुछ प्रसिद्ध गजलों में **मेरे महबूब क्या हु, आज मेरे dil में**, **कजरा मोहब्बत वाला** और **दिल-ए-नादान तुझे हुआ क्या है** शामिल हैं।
- इन्हें पद्मश्री और पद्मभूषण से सम्मानित किया जा चुका है।

**230.** निम्नलिखित में से कौन-सा शास्त्रीय नृत्य रूप सामान्यत: तरंगम के साथ सम्पन्न होता है? **SSC CPO 29.06.2024 (Shift-I)**

(a) कथकली (b) ओडिसी
(c) कुचिपुड़ी (d) सत्रीया

उत्तर (c)

- **तरंगम**, कुचिपुड़ी नृत्य का एक विशेष और महत्वपूर्ण हिस्सा है।
- तरंगम शब्द का अर्थ **लहरें** होता है जो समुद्र या नदी की लहरों की गतिविधियों को प्रतिबिंबित करता है।
- तरंगम नृत्य भक्ति, शक्ति और नृत्यांगना की कौशल का प्रतीक है। इसमें नर्तक **पीतल की थाली** के किनारे पर नृत्य करते हुए लयबद्ध दृष्य प्रस्तुत करता है, साथ ही अपने सिर पर पानी का एक बर्तन (पीतल) को भी संतुलित रखता है।

**231.** वर्ष 2021 में पद्मश्री के प्राप्तकर्ता राधेश्याम बारले निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली के प्रतिपादक हैं? **SSC CPO 29.06.2024 (Shift-I)**

(a) पन्थी (b) पाली (c) दिवारी (d) कर्मा

उत्तर (a)

- वर्ष 2021 में पद्मश्री से सम्मानित डॉ. राधेश्याम बारले छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध **पन्थी** नृत्य शैली के प्रतिपादक हैं।
- यह नृत्य **बाबा गुरु घासीदास** के जीवन और शिक्षाओं पर आधारित है, जो 18वीं शताब्दी के सन्त थे।
- उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य कलाकार सम्मान और सन्त गुरु घासीदास राष्ट्रीय सम्मान से भी सम्मानित किया गया है।

**232.** केलुचरण महापात्रा निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली से सम्बन्धित हैं? **SSC CPO 29.06.2024 (Shift-I)**

(a) भरतनाट्यम (b) ओडिसी
(c) मणिपुरी (d) कथक

उत्तर (b)

- केलुचरण महापात्रा (8 जनवरी, 1926–7 अप्रैल, 2004) एक प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय नर्तक, गुरु और **ओडिसी नृत्य के प्रतिपादक** थे।
- पद्म विभूषण (2000) सहित कई राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए।
- वे ओडिशा से पद्म विभूषण पाने वाले पहले व्यक्ति हैं।

**233.** बुन्दू खान दिल्ली घराने के एक ...... वादक थे। **SSC CPO 29.06.2024 (Shift-I)**

(a) बाँसुरी (b) सारंगी
(c) सन्तूर (d) सरोद

उत्तर (b)

- उस्ताद बुन्दू खान दिल्ली घराने के एक **सारंगी वादक** थे।
- इन्हें वर्ष 1985 में पाकिस्तान के राष्ट्रपति द्वारा **प्राइड ऑफ परफॉरमेन्स अवॉर्ड** (मरणोपरान्त) से सम्मानित किया गया था।
- इनकी संगीत पर प्रमुख पुस्तक **जौहर-ए-मौसिकी** है।

**234.** निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य की शुरुआत वैष्णव सन्त श्रीमन्त शंकरदेव ने की थी? **SSC CPO 29.06.2024 (Shift-I)**

(a) ओडिसी (b) मणिपुरी
(c) सत्रीया (d) कथक

उत्तर (c)

- **सत्रीया शास्त्रीय नृत्य** की शुरुआत वैष्णव सन्त **श्रीमन्त शंकरदेव** ने की थी।
- **15वीं शताब्दी ईसवी** में असम के महान वैष्णव सन्त और सुधारक **श्रीमन्त शंकरदेव द्वारा सत्रीया नृत्य को वैष्णव धर्म के प्रचार हेतु** एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में परिचित कराया गया।
- सत्रीया नृत्य भारत के **9 शास्त्रीय नृत्य रूपों** में से एक है।
- इसे वर्ष **2000 में संगीत नाटक अकादमी** द्वारा **शास्त्रीय नृत्य** के रूप में **मान्यता दी** गई थी।

**235.** रस के सम्बन्ध में दिए गए कथनों के आधार पर सही विकल्प का चयन करें।

**कथन** I यह एक कलात्मक प्रस्तुति का आनन्द लेने के दौरान प्राप्त होने वाता सौन्दर्यपरक अनुभव है।
**कथन** II यह दर्शक या सौन्दर्यप्रेमी में मानवीय भावनाओं के निर्माण से सम्बन्धित है।
**SSC CPO 29.06.2024 (Shift-I)**

(a) न तो कथन I और न ही कथन II सत्य है।
(b) केवल कथन I सत्य है।
(c) कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं।
(d) केवल कथन II सत्य है।

उत्तर (c)

- रस का शाब्दिक अर्थ **आनन्द** होता है। यह एक कलात्मक प्रस्तुति का आनन्द लेने के दौरान प्राप्त होने वाला सौन्दर्यपरक अनुभव होता है तथा साथ ही यह दर्शक या सौन्दर्यप्रेमी में मानवीय भाषाओं के निर्माण से सम्बन्धित होता है। इस प्रकार कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।
- काव्य में रस का वही स्थान है, जो शरीर में आत्मा का है। जिस प्रकार आत्मा के अभाव में प्राणी का अस्तित्व सम्भव नहीं है, उसी प्रकार **रसहीन कथन को काव्य नहीं कहा** जा सकता है।
- **रस, छन्द और अलंकार काव्य रचना** के आवश्यक अवयव हैं।

## SSC CPO 2023, 2022

**236.** भूटिया नृत्य (Bhutia dance) निम्नलिखित में से किस राज्य में किया जाता है? **SSC CPO 03.10.2023 (Shift-I)**

(a) नागालैण्ड (b) ओडिशा
(c) सिक्किम (d) पश्चिम बंगाल

उत्तर (c)

- **भूटिया नृत्य सिक्किम** का **लोकनृत्य** है। इसमें नर्तक यार्खा, ड्रम, बाँसुरी और यांगजे जैसे संगीत वाद्ययन्त्रों की मधुर धुनों पर नृत्य करते हैं।
- सिक्किम के अन्य महत्त्वपूर्ण लोकनृत्य–**मुखौटा नृत्य, लूखंगटामो, रेचुंगमा, मारुनी** और **लिम्बो या सुब्बा** आदि हैं।
- इस लोकनृत्य में नृत्य, गीत और लोककलाओं की समृद्ध परम्परा है।

**237.** मणिपुरी शास्त्रीय नृत्य के मर्दाना पहलू (masculine aspect) को किसके रूप में जाना जाता है? **SSC CPO 05.10.2023 (Shift-III)**

(a) परेंग (b) रास
(c) चोलोम (d) माईबा

उत्तर (c)

- मणिपुरी शास्त्रीय नृत्य के मर्दाना पहलू को **चोलोम** के रूप मे जाना जाता है जिसमें नृत्य के प्रदर्शन के दौरान **पुंग और करताल** बजाया जाता है।
- इसकी शुरुआत मणिपुर के **राजा खुयोई टोपोंग** ने की थी।
- इस नृत्य की प्रस्तुति सभी सामाजिक और धार्मिक त्योहारों पर की जाती है।
- मणिपुर के अन्य नृत्यों में **जागोई**, **थांग-ता** और **रासलीला** हैं।

**238.** नीरूस्वामी पिल्लई और राजारतनम पिल्लई किस वाद्ययन्त्र के प्रतिपादक (exponents) हैं? **SSC CPO 05.10.2023 (Shift-III)**

(a) सारंगी (b) मृदंगम
(c) मैण्डोलिन (d) नादस्वरम

उत्तर (d)

- नीरूस्वामी पिल्लई और राजारतनम पिल्लई नादस्वरम यन्त्र के प्रतिपादक हैं।
- **नादस्वरम् यन्त्र** का प्रयोग **तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक** और **केरल** में पारम्परिक **शास्त्रीय वाद्ययन्त्र** के रूप में किया जाता है।

**239.** लावणी निम्नलिखित में से किस राज्य का पारम्परिक नृत्य है? **SSC CPO 05.10.2023 (Shift-III)**
**SSC CHSL Tier-1 21.03.2023 (Shift-IV)**
**SSC GD 21.02.2024 (Shift-I)**

(a) महाराष्ट्र
(b) उत्तर प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश
(d) हिमाचल प्रदेश

**उत्तर (a)**

- लावणी लोकनाट्य शैली का एक अंग है, जिसे **महाराष्ट्र** की महिलाओं द्वारा ढोलकी की थाप पर प्रस्तुत किया जाता है।
- लावणी नृत्य, गीत और अभिनय का **त्रिवेणी संगम** है।
- इसकी शुरुआत 18वीं और 19वीं शताब्दी में हुई थी।

**240.** वडाली ब्रदर्स ........ गायक हैं। **SSC CPO 04.10.2023 (Shift-II)**

(a) पाण्डवानी (b) भाटियाली
(c) लावणी (d) सूफी

**उत्तर (d)**

- पूरनचन्द वडाली और प्यारेलाल वडाली (वडाली ब्रदर्स) पंजाब के अमृतसर जिले के **सूफी गायक** और **संगीतकार** हैं।
- **वडाली ब्रदर्स** संगीत की गुरबानी, काफी, गजल और भजन शैलियों में गायन के लिए जाने जाते हैं।
- इन्हें वर्ष 1991 में **संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार**, वर्ष 1988 में **तुलसी पुरस्कार** और वर्ष 2005 में पूरनचन्द वडाली को **पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया** जा चुका है।

**241.** नवम्बर, 2020 में .......... ने विश्व का अब तक का सबसे तेज पियानो वादक होने का रिकॉर्ड बनाया। **SSC CPO 03.10.2023 (Shift-I)**

(a) गौरी मिश्रा
(b) अनिल श्रीनिवासन
(c) लिडियन नादस्वरम
(d) शिखा चौरसिया

**उत्तर (c)**

- नवम्बर, 2020 में **अमेरिका** में आयोजित **द वल्र्ड्स बेस्ट** शो के दौरान लिडियन नादस्वरम् ने सबसे तेज पियानो वादक होने का रिकार्ड बनाया।
- उन्होंने इसमें 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि जीती।
- लिडियन नादस्वरम् का जन्म 5 सितम्बर, 2005 को **चेन्नई** (तमिलनाडु) में हुआ था।

**242.** ठुमरी संगीत निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली से सम्बन्धित है? **SSC CPO 05.10.2023 (Shift-III)**

(a) सत्रीया (b) कथक
(c) भरतनाट्यम (d) कथकली

**उत्तर (b)**

- ठुमरी संगीत का सम्बन्ध **कथक नृत्य** से है, जो कि **उत्तर प्रदेश** का लोक नृत्य है।
- बेगम अख्तर, ठुमरी शैली की सबसे लोकप्रिय गायिकाओं में से एक थी।
- कथक शास्त्रीय नृत्य का एकमात्र रूप है, जो हिन्दुस्तानी या उत्तर भारतीय संगीत से सम्बन्धित है।
- ठुमरी, इसमें **रस**, **रंग** और **भाव** की प्रधानता होती है।

**243.** निम्नलिखित में से कौन-सा मुख्य ताल वाद्ययन्त्र है, जिसका उपयोग मोहिनीअट्टम नृत्य के प्रदर्शन में किया जाता है? **SSC CPO 10.11.2022 (Shift-I)**

(a) एडक्का (b) धुमसा (c) नगाड़ा (d) सितार

**उत्तर (a)**

- एडक्का का उपयोग मोहिनीअट्टम नृत्य के प्रदर्शन करने में किया जाता है। यह घण्टे के आकार का डमरू के समान वाद्ययन्त्र है, जिसे छड़ी से बजाया जाता है। इसका उपयोग **मोहिनीअट्टम** नृत्य के प्रदर्शन में किया जाता है।
- मोहिनीअट्टम नृत्य के प्रदर्शन के दौरान उपयोग किए जाने वाले अन्य वाद्ययन्त्र मृदंगम या **मधलम**, **बाँसुरी**, **वीणा** और **कुजहिलात** (झाँझ) हैं।

**244.** निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य को 'कथावाचकों का नृत्य' कहा जाता है? **SSC CPO 10.11.2022**

(a) कथक (b) कुचिपुड़ी
(c) कथकली (d) ओडिसी

**उत्तर (a)**

- **कथक** को **कथावाचकों का नृत्य** भी कहा जाता है।
- यह **उत्तर प्रदेश** का एकमात्र भारतीय शास्त्रीय नृत्य है, जो **फारसी तत्त्वों** को प्रदर्शित करता है।
- कथक नृत्य के कुछ प्रमुख नर्तकों में बिरजु महाराज और सितारा देवी शामिल हैं।

**245.** मणिपुरी नृत्य के लोकप्रिय रूप रास, संकीर्तन और थांग-ता हैं। तद्नुसार मणिपुरी नृत्य में कितने प्रमुख रास नृत्य हैं? **SSC CPO 10.11.2022**

(a) कथात्मक नृत्य
(b) गैर-कथात्मक नृत्य और सार नृत्य
(c) व्याख्यात्मक नृत्य
(d) सार कथात्मक नृत्य

**उत्तर (b)** मणिपुरी नृत्य में **गैर-कथात्मक नृत्य और सार नृत्य** रास हैं।

- ये रास नृत्य हिन्दू वैष्णव वाद विषयों पर आधारित हैं और रासलीला में **राधा-कृष्ण के प्रेम प्रेरित नृत्य नाटकों** का उत्कृष्ट प्रदर्शन है।
- मणिपुरी रासलीला का सम्बन्ध प्राचीन **नाट्यशास्त्र** से है।

**246.** निम्नलिखित में से कौन प्रसिद्ध सितारवादक थे? **SSC CPO 11.11.2022**

(a) निखिल बनर्जी (b) हरिप्रसाद चौरसिया
(c) ज़ाकिर हुसैन (d) राजा खान

**उत्तर (a)**

- निखिल बनर्जी एक प्रसिद्ध सितारवादक थे जो **मैहर** घराने से सम्बन्धित थे।
- निखिल बनर्जी (1931-1986) **अलाउद्दीन खान** से सितार वादन की शिक्षा ली थी।
- कला के क्षेत्र में योगदान के लिए इन्हें वर्ष 1974 में **संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार**, वर्ष 1968 में **पद्मश्री पुरस्कार** तथा वर्ष 1987 में **पद्म भूषण पुरस्कार** से सम्मानित किया गया है।

**247.** फुगड़ी, कोंकण क्षेत्र में किया जाने वाला गोवा का एक लोकनृत्य है। यह आमतौर पर निम्नलिखित में से किस हिन्दू धार्मिक त्योहार के दौरान किया जाता है? **SSC CPO 11.11.2022**

(a) दुर्गा पूजा (b) होली
(c) गणेश चतुर्थी (d) दिवाली

**उत्तर (c)**

- फुगड़ी, **गोवा का** प्रमुख लोकनृत्य है, जिसे कोंकण क्षेत्र में किया जाता है।
- यह नृत्य सामान्यत: हिन्दू धार्मिक त्योहार **गणेश चतुर्थी** के अवसर पर किया जाता है।
- गोवा के अन्य लोकप्रिय लोकनृत्यों में **डेक्नी, ढालों खोल, मुसोल** आदि हैं।

**248.** नवरात्रि के दौरान किए जाने वाले गुजरात के दो लोकप्रिय लोकनृत्य निम्नलिखित में से कौन-से हैं? **SSC CPO 11.11.2022**

(a) तलवार और आलेनी-हलेनी नृत्य
(b) आग्वा और काकड़ा नृत्य
(c) गरबा और डाण्डिया नृत्य
(d) घेरिया और मदारी नृत्य

**उत्तर (c)**

- गरबा और डाण्डिया नृत्य गुजरात के प्रमुख लोकनृत्य हैं, **जो नवरात्रि** के दौरान किए जाते हैं।
- **गरबा** शब्द गर्भ में शिशु के जीवन से निकला है।
- गरबा के दौरान लोग गोल चक्र बनाकर नृत्य करते हुए **जीवन चक्र** को दर्शाते हैं।
- डाण्डिया नृत्य माँ दुर्गा और महिषासुर के बीच हुए युद्ध का प्रतीक है।
- इसमें लोग लकड़ी के डण्डे को टकराकर नृत्य करते हैं।
- इसे **डांडिया रास** या **रास** के नाम से भी जाना जाता है।

**249.** अन्नपूर्णा देवी, जिन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था, निम्नलिखित में से किस वाद्ययन्त्र की प्रसिद्ध वादक थीं? **SSC CPO 11.11.2022**

(a) सुरबहार (b) सन्तूर
(c) सरोद (d) वीणा

**उत्तर (a)**

- अन्नपूर्णा देवी का सम्बन्ध **मैहर घराने** से था। ये 'सुरबहार' वाद्ययन्त्र की प्रसिद्ध वादक थीं। इनका जन्म 23 अप्रैल, 1927 को मध्य प्रदेश के मैहर शहर में हुआ था।
- ये प्रख्यात संगीतकार अलाउद्दीन खान की बेटी और शिष्या हैं।
- वर्ष 2004 में इन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**250.** साबरी ब्रदर्स, अजीज वारसी और नुसरत फतेह अली खान किस गायन शैली से सम्बन्धित हैं? **SSC CPO 11.11.2022**

(a) भटियाली (b) कव्वाली
(c) भजन (d) शबद

**उत्तर (b)**

- साबरी ब्रदर्स, अजीज वारसी और नुसरत फतेह अली खान **कव्वाली** से सम्बन्धित है।
- इसको वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध करने का श्रेय **नुसरत फतेह अली खान** को जाता है, जिसे **साबरी ब्रदर्स** के द्वारा आगे बढ़ाया गया।
- कव्वाली एक सूफी रहस्यवाद से सम्बन्धित आध्यात्मिक गायन है, जिसमें गायक अपने इष्ट, प्रेमिका या प्रकृति से सामंजस्य स्थापित करने की कोशिश करता है।

## SSC CHSL 2024 (Tier 1 & 2)

**251.** नटराज किस हिन्दू देवता की नृत्य आकृति का प्रतिनिधित्व करते हैं? SSC CHSL Tier-2 11.11.2024
(a) विष्णु (b) गणेश
(c) कार्तिकेय (d) शिव

**उत्तर (d)**
• नटराज शिव हिन्दू देवता की नृत्य की आकृति को प्रतिनिधित्व करते हैं।
• चोल कालिन नटराज शिव की मूर्ति एक काँस्य प्रतिमा है। इस कलाकृति और मुद्रा का वर्णन हिन्दू ग्रन्थों में किया गया है।

**252.** दलेर मेहंदी मुख्य रूप से किस भारतीय भाषा के पॉप गीतों के एक प्रसिद्ध गायक हैं?
SSC CHSL 01.07.2024 (Shift-I)
(a) हिन्दी (b) अंग्रेजी (c) पंजाबी (d) बंगाली

**उत्तर (c)**
• दलेर मेहंदी मुख्य रूप से **पंजाबी भारतीय** भाषा के पॉप गीतों के एक **प्रसिद्ध गायक** हैं।
• दलेर मेहंदी द्वारा **भाँगड़ा** की वैश्विक लोकप्रियता में योगदान दिया है।
• पंजाबी भाषा के पॉप संगीतकारों के अंतर्गत हनी सिंह, दिलजीत दोसांझ, गुरदास मान आदि नाम शामिल हैं।

**253.** लंगवीर नृत्य ........ राज्य का एक लोकनृत्य है।
SSC CHSL 01.04.2024 (Shift-I)
(a) हरियाणा (b) गुजरात
(c) उत्तराखण्ड (d) उत्तर प्रदेश

**उत्तर (c)**
• लंगवीर नृत्य उत्तराखण्ड राज्य का एक लोकनृत्य है।
• यह नृत्य टिहरी-गढ़वाल क्षेत्र में एक प्रसिद्ध नृत्य है, जिसे स्थानीय लोग अद्भुत तरीके से करते हैं।
• इस नृत्य को पुरुषों द्वारा किया जाता है और इस नृत्य में खम्भे पर कई तरह के करतब दिखाए जाते हैं।

**254.** भटियाली लोक संगीत, जो अधिकतर मछुआरों द्वारा गाया जाता है, निम्नलिखित में से किस राज्य से सम्बन्धित है? SSC CHSL 01.02.2024 (Shift-I)
(a) ओडिशा (b) केरल
(c) आन्ध्र प्रदेश (d) पश्चिम बंगाल

**उत्तर (d)**
• भटियाली लोक संगीत, जो अधिकतर मछुआरों द्वारा गाया जाता है, **पश्चिम बंगाल** राज्य से सम्बन्धित है।
• भटियाली एक नदी गीत है, जिसे ज्यादातर नाविक नदी की धाराओं में उतरते समय गाते हैं।
• भटियाली शब्द भाटा से आया है, जिसका अर्थ है— भाटा या बहाव।

**255.** निम्नलिखित में से कौन-सा तार वाला एक वाद्ययन्त्र नहीं है?
SSC CHSL Tier-1 01.07.2024 (Shift-II)
(a) बाँसुरी (b) वायलिन
(c) गिटार (d) सारंगी

**उत्तर (a)**
• बाँसुरी एक तार वाद्ययन्त्र नहीं है।
• बाँसुरी को मुँह से बजाया जाता है।
• तार वाले यन्त्र या कॉर्डोफोन ऐसे संगीत वाद्ययन्त्र हैं, जो कम्पन करने वाले तारों से ध्वनि उत्पन्न करते हैं।
• तार वाले वाद्ययन्त्र बेंजो, वायलिन, रवाब, सारंगी, सितार हैं।

**256.** 'तेरी मिट्टी' गीत निम्नलिखित में से किस फिल्म का है? SSC CHSL Tier-1 01.07.2024 (Shift-I)
(a) जय हो (b) केसरी
(c) राजनीति (d) सत्यमेव जयते

**उत्तर (b)**
• 'तेरी मिट्टी' गीत, केसरी फिल्म का है।
• यह फिल्म 1897 ई. में हुए सारागढ़ी के युद्ध पर आधारित है, जो वर्ष 2019 में रिलीज हुई।
• इस गीत के बोल मनोज मुंतशिर के हैं, जिसे अर्को प्रावो मुखर्जी ने संगीतबद्ध किया है तथा गायक बी. प्राक् ने इसे गाया है।

**257.** निम्नलिखित में से कौन-सा नृत्य असम के मठों (monasteries) में विकसित हुआ?
SSC CHSL Tier-1 01.07.2024 (Shift-II)
(a) कुचिपुड़ी (b) कथक
(c) सत्रीया (d) भरतनाट्यम

**उत्तर (c)**
• सत्रीया नृत्य, असम के मठों में विकसित हुआ।
• सत्रीया नृत्य, असम का शास्त्रीय नृत्य है, जो 9 भारतीय मुख्य शास्त्रीय नृत्य परम्पराओं में से एक है।
• इस नृत्य के संस्थापक **महान् सन्त श्रीमन्त शंकरदेव** हैं।
• असम राज्य के अन्य नृत्य निम्न हैं—बागुरुम्बा नृत्य, देवदासी नृत्य, अंकिया नृत्य, बिहू नृत्य।

**258.** कर्नाटक संगीत का जनक किसे कहा जाता है?
SSC CHSL Tier-1 01.07.2024 (Shift-III)
(a) विद्यारण्य (b) पुरन्दरदास
(c) विश्वनाथ अय्यर (d) तिरुनालराम वर्मा

**उत्तर (b)**
• **पुरन्दरदास** को कर्नाटक संगीत का जनक कहा जाता है।
• वह 16वीं शताब्दी के प्रमुख सन्त, कवि और संगीतकार थे।
• उनकी रचनाएँ 'दास गीत' के रूप में प्रसिद्ध हैं।

**259.** कौन-सा लोक संगीत महाभारत पर आधारित है, जिसमें भीम को नायक के रूप में चित्रित किया गया है?
SSC CHSL Tier-1 01.07.2024 (Shift-II)
(a) माण्डो (b) आल्हा
(c) पण्डवानी (d) डाण्डिया

**उत्तर (c)**
• पण्डवानी लोक संगीत महाभारत पर आधारित है, जिसमें भीम को नायक के रूप में चित्रित किया गया है।
• यह पारम्परिक लोक संगीत और नाट्य शैली है, जोकि **छत्तीसगढ़** और **मध्य प्रदेश** के क्षेत्रों में प्रचलित है।
• प्रसिद्ध पण्डवानी कलाकार **तीजनबाई** और **उमादेवी** हैं।

**260.** मायाधर राउत भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली ......... के व्याख्याता हैं।
SSC CHSL Tier-1 01.07.2024 (Shift-II)
(a) कुचिपुड़ी (b) कथक
(c) भरतनाट्यम (d) ओडिसी

**उत्तर (d)**
• **मायाधर राउत** भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली ओडिसी के व्याख्याता हैं।
• ओडिसी नृत्य भारतीय नृत्य की एक प्रमुख शैली है, जो ओडिशा राज्य की सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है।
• यह प्राचीन मन्दिरों की मूर्तियों और शिल्पकला से प्रेरित है।

**261.** ........ में लोकगीतों को 'रागिनी' कहा जाता है।
SSC CHSL Tier-1 01.07.2024 (Shift-I)
(a) उत्तर प्रदेश (b) हरियाणा
(c) मध्य प्रदेश (d) बिहार

**उत्तर (b)**
• हरियाणा में लोकगीतों को 'रागिनी' कहा जाता है।
• इसे कई कलाकार एकसाथ मिलकर पात्रों की भावनाओं को प्रदर्शित करने के लिए गीत गाते और नृत्य करते हैं।
• हरियाणा के प्रमुख लोकगीत गरबा गायन, झूलाना, पटाका, रसिया आदि हैं।

**262.** निम्नलिखित संगीत वाद्ययन्त्रों का मिलान उन्हें बजाने वाले उस्तादों के साथ करें।
SSC CHSL Tier-1 02.07.2024 (Shift-II)

| सूची I (वाद्ययन्त्र) | | सूची II (उस्ताद) | |
|---|---|---|---|
| A. | सन्तूर | 1. | पण्डित शिव कुमार शर्मा |
| B. | सितार | 2. | अनुष्का शंकर |
| C. | शहनाई | 3. | बिस्मिल्लाह खान |
| D. | सारंगी | 4. | उस्ताद बिन्दा खान |

**कूट**
A B C D    A B C D
(a) 2 3 1 4 (b) 3 4 1 2
(c) 1 2 3 4 (d) 4 3 2 1

**उत्तर (c)**
• सही सुमेलन A-1, B-2, C-3, D-4 है।
• पण्डित शिव कुमार शर्मा **सन्तूर** वादक हैं, इन्हें वर्ष 1991 में पद्मश्री तथा वर्ष 2001 में पद्म विभूषण प्राप्त हुआ है।
• अनुष्का शंकर **सितार** वादक थे, इन्हें वर्ष 1998 में ब्रिटिश कॉमन हाउस पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है।
• बिस्मिल्लाह खान **शहनाई** वादक हैं, इन्हें वर्ष 2001 में भारत के सर्वोच्च सम्मान **भारत रत्न** से सम्मानित किया गया था।
• उस्ताद बिन्दा खान **सारंगी** वादक हैं, इन्हें वर्ष 1985 में पाकिस्तान के राष्ट्रपति द्वारा **प्राइड ऑफ परफॉर्मेन्स** अवॉर्ड प्राप्त हुआ।

**263.** निम्नलिखित में से कौन एक प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना हैं? SSC CHSL Tier-1 02.07.2024 (Shift-I)
(a) सोनल मानसिंह (b) प्रतिभा राय
(c) एस. जानकी (d) आशा भोंसले

**उत्तर (a)**

- सोनल मानसिंह एक प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना हैं।
- इनके द्वारा भरतनाट्यम और ओडिसी नृत्य किया जाता है।
- यह वर्ष 2003 में पद्म विभूषण से सम्मानित होने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।
- सोनल मानसिंह वर्ष 1992 में पद्म भूषण पाने वाली सबसे कम आयु की महिला थीं।

**264.** इनमें से कौन-सा लोक संगीत नागालैण्ड से सम्बन्धित नहीं है?
**SSC CHSL Tier-1 06.07.2024 (Shift-II)**
(a) नेउलिय (b) निओगा
(c) हेरेइलिय (d) हेलियमलियू

**उत्तर (b)**

- **निओगा** लोक संगीत नागालैण्ड से सम्बन्धित नहीं है।
- निओगा अरुणाचल प्रदेश का लोकगीत है। यह तब गाया जाता है, जब विवाह समारोह समाप्त हो जाता है और वधू पक्ष दुल्हन को उनके घर में छोड़कर लौट जाता है।
- नेउलियू, हेरेइलियू, हेलियमलियू (लोकसंगीत) का सम्बन्ध नागालैण्ड राज्य से है।

**265.** 'छऊ' निम्नलिखित में से किस राज्य का एक लोकप्रिय नृत्य है?
**SSC CHSL Tier-1 02.07.2024 (Shift-II)**
(a) झारखण्ड (b) हरियाणा
(c) केरल (d) गुजरात

**उत्तर (a)**

- छऊ नृत्य झारखण्ड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा राज्य का एक लोकप्रिय नृत्य है।
- वर्ष 2024 में छऊ नृत्य को भारतीय शास्त्रीय नृत्य का दर्जा दिया गया। भारत में वर्तमान में शास्त्रीय नृत्यों की संख्या 9 है।
- छऊ नृत्य भारत में जनजातीय नृत्य का एक लोकप्रिय रूप है, जो मार्शल आर्ट के तत्त्वों को शामिल करता है।

**266.** ......राज्य का खूबकेशी एक ऐसा गीत है, जो तालियाँ बजाकर गाया जाता है।
**SSC CHSL Tier-1 02.07.2024 (Shift-III)**
(a) मणिपुर (b) कर्नाटक
(c) ओडिशा (d) बिहार

**उत्तर (a)**

- मणिपुर राज्य का खूबकेशी एक ऐसा गीत है, जो तालियाँ बजाकर गाया जाता है।
- यह गीत सामान्यत: सामुदायिक आयोजनों, त्योहारों और महत्त्वपूर्ण पर्व पर गाया जाता है।
- गीत में पारम्परिक मणिपुरी वाद्ययन्त्रों का उपयोग होता है।

**267.** प्रसिद्ध लोक संगीत 'हेकियालु' का उद्गम किस राज्य में हुआ है?
**SSC CHSL Tier-1 02.07.2024 (Shift-II)**
(a) असम (b) तमिलनाडु
(c) नागालैण्ड (d) गोवा

**उत्तर (c)**

- प्रसिद्ध लोक संगीत 'हेकियालु' का उद्गम नागालैण्ड राज्य से हुआ है।
- हेकियालु गीत को **नागालैण्ड के युद्ध** गीत के रूप में जाना जाता है।
- नागालैण्ड के कुछ लोकप्रिय जेलियांग लोकगीत हेरेइलियू, हिरेलीउ, न्यूल्यूआंड हैं।

**268.** गुग्गा .........का एक प्रसिद्ध कर्मकाण्डीय नृत्य है, जो गुग्गा पीर की याद में निकाले गए जुलूस में किया जाता है।
**SSC CHSL Tier-1 02.07.2024 (Shift-III)**
(a) उत्तर प्रदेश (b) जम्मू और कश्मीर
(c) हरियाणा (d) पुदुचेरी

**उत्तर (c)**

- गुग्गा **हरियाणा** का एक प्रसिद्ध नृत्य है, जो गुग्गा पीर के जन्म दिन, गुग्गा नौमी के अवसर पर भादो (अगस्त-सितम्बर) के महीने में निकाले गए जुलूस में किया जाता है।
- इस प्रदर्शन में, भक्त गुग्गा पीर की समाधि के चारों ओर उनके सम्मान और प्रशंसा में विभिन्न प्रकार के गीत गाते हुए नृत्य करते हैं।
- यह केवल **पुरुषों** द्वारा किया जाता है।

**269.** ............एक भारतीय नृत्य कलाकार और कोरियोग्राफर थे/थीं, जिन्हें भारतीय शास्त्रीय और लोकनृत्य शैलियों के लिए यूरोपीय नाट्य तकनीक अपनाकर नृत्य की एक मिश्रित शैली (Fusion style) का सृजन करने के लिए जाना जाता था। **SSC CHSL Tier-1 02.07.2024 (Shift-IV)**
(a) रवि शंकर (b) उदय शंकर
(c) स्मिता नागदेव (d) शोवना नारायण

**उत्तर (b)**

- उदय शंकर को भारतीय शास्त्रीय और लोकनृत्य शैलियों के लिए यूरोपीय नाट्य तकनीक की एक **मिश्रित शैली** का सृजन करने के लिए जाना जाता है।
- इन्होंने शास्त्रीय और लोकनृत्य रूपों के साथ यूरोपीय नाट्य तकनीकों को मिलाकर डांस-डांस शैली बनाई तथा बाद में इसका नाम **रचनात्मक** (क्रिएटिव) नृत्य रखा गया।

**270.** कर्नाटक शास्त्रीय संगीत में निम्नलिखित में से कौन-सी शैली राग की सबसे सरल रचना है?
**SSC CHSL Tier-1 02.07.2024 (Shift-IV)**
(a) कीर्तनम (b) वर्णम (c) गीतम (d) पाड़ा

**उत्तर (c)**

- कर्नाटक शास्त्रीय संगीत में **गीतम** शैली राग की सबसे सरल रचना है।
- गीतम में स्थाई (मुख्य धुन) और कभी-कभी अन्तरा (दूसरी धुन) होती है।
- कर्नाटक संगीत में प्रसिद्ध गीतम उदाहरणों में पिल्लरी गीतम (बच्चों के लिए गीत), संस्कृत गीतम और तमिल गीतम शामिल हैं।

**271.** निम्नलिखित में से किसने लोकप्रिय तेलुगू देशभक्ति गीत 'देसामुनु प्रेमिंचुमन्ना, मंची अन्नादी पंचुमन्ना' लिखा है, जिसका अर्थ है 'राष्ट्र से प्रेम करो, अच्छाई को विकसित करो (Love the nation, grow the goodness)'?
**SSC CHSL Tier-1 02.07.2024 (Shift-IV)**
(a) गुरजादा अप्पाराव
(b) श्री कृष्णदेवराय
(c) गोपाराजू रामचन्द्र राव
(d) बम्मेरा पोताना

**उत्तर (a)**

- गुरजादा अप्पाराव ने लोकप्रिय तेलुगू देशभक्ति गीत 'देसामुनु प्रेमिंचुमन्ना, मंची अन्नादी पंचुमन्ना' लिखा है।
- ये एक भारतीय **नाटककार**, **कवि** और **लेखक** थे।
- राव ने 1892 ई. में कन्यासुलकम नाटक लिखा था, जिसे तेलुगू भाषा का सबसे बड़ा नाटक माना जाता है।

**272.** निम्नलिखित में से किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य की उत्पत्ति आन्ध्र प्रदेश से हुई है?
**SSC CHSL Tier-1 03.07.2024 (Shift-IV)**
(a) ओडिसी (b) मोहिनीअट्टम
(c) कथकली (d) कुचिपुड़ी

**उत्तर (d)**

- कुचिपुड़ी शास्त्रीय नृत्य की उत्पत्ति आन्ध्र प्रदेश से हुई है।
- कुचिपुड़ी एक नृत्य-नाटक प्रदर्शन है, यह प्राचीन काल में पुरुषों तक सीमित था।
- यह नृत्य हिन्दू **पौराणिक कथाओं** की कहानियाँ दर्शाता है।

**273.** जम्मू-कश्मीर का कौन-सा लोक संगीत, विवाह समारोहों में गाया जाता है?
**SSC CHSL Tier-1 03.07.2024 (Shift-IV)**
(a) आल्हा (b) पनिहारी (c) बाउल (d) वानावुन

**उत्तर (d)**

- जम्मू-कश्मीर का लोकगीत **वानावुन**, विवाह समारोहों में गाया जाता है।
- यह नृत्य जम्मू-कश्मीर की वट्टल जनजाति द्वारा किया जाता है।
- जम्मू-कश्मीर राज्य से सम्बन्धित अन्य नृत्य रउफ, हिकत, मंदजस, कुण्ड डण्डी नाच, दमाली हैं।

**274.** यक्षगान मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस राज्य से जुड़ा नृत्य-नाटक है?
**SSC CHSL Tier-1 03.07.2024 (Shift-I)**
(a) बिहार (b) ओडिशा
(c) कर्नाटक (d) हिमाचल प्रदेश

**उत्तर (c)**

- यक्षगान मुख्य रूप से कर्नाटक राज्य से जुड़ा **नृत्य-नाटक** है।
- यक्षगान शब्द का अर्थ देवताओं या आत्माओं (यक्ष) का गीत (गण) है।
- यक्षगान नृत्य की उत्पत्ति **वैष्णव भक्ति** आन्दोलन से हुई है।
- यह नृत्य गीत, संगीत, नृत्य, विद्वतापूर्ण संवाद व जीवन्त वेशभूषा का अद्भुत मिश्रण है।

**275.** गुरु वेम्पति चिन्ना सत्यम भारत के ......... नृत्य रूप के प्रसिद्ध नर्तक हैं।
**SSC CHSL Tier-1 03.07.2024 (Shift-II)**
(a) कुचिपुड़ी (b) मणिपुरी
(c) ओडिसी (d) भरतनाट्यम

**उत्तर (a)**

• गुरु वेम्पति चिन्ना सत्यम भारत के कुचिपुड़ी नृत्य रूप के प्रसिद्ध नर्तक हैं।
• वे प्रसिद्ध कुचिपुड़ी गुरु ताडेपल्ली के शिष्य थे और उन्होंने चेन्नई में कुचिपुड़ी कला अकादमी की स्थापना की।

**276.** ख्याल और ध्रुपद-धमार शैलियों के मिश्रण की रचनाएँ किस घराने के अन्तर्गत आती हैं?
SSC CHSL Tier-1 03.07.2024 (Shift-II)
(a) पटियाला घराना (b) ग्वालियर घराना
(c) आगरा घराना (d) इन्दौर घराना

**उत्तर (c)**
• 'ख्याल' और 'ध्रुपद-धमार' शैलियों के मिश्रण की रचनाएँ आगरा घराना के अन्तर्गत आती हैं।
• आगरा घराना भारतीय शास्त्रीय संगीत के तीन प्रमुख घरानों में से एक है, जो उत्तर भारत में लोकप्रिय है।
• इस घराने की स्थापना **हुसैन अली खान** और **हैदर अली खान** ने 19वीं शताब्दी में की थी।
• इस घराने के प्रमुख संगीतकारों में फैयाज खान, विलायत हुसैन खान, लतीफ खान और रमेश नारायण शामिल हैं।

**277.** भारत में वाद्ययन्त्र 'फ्लूट' को ......... के नाम से भी जाना जाता है।
SSC CHSL Tier-1 03.07.2024 (Shift-IV)
(a) मंजिरा (b) तबला (c) बाँसुरी (d) वीणा

**उत्तर (c)**
• भारत में वाद्ययन्त्र 'फ्लूट' को बाँसुरी के नाम से भी जाना जाता है।
• बाँसुरी बाँस से बनाई जाती है, जिसमें कई छेद होते हैं।
• बाँसुरी का उपयोग शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत व भक्ति संगीत में भी किया जाता है।

**278.** छन्नूलाल मिश्र किस संगीत घराने से सम्बन्धित हैं? SSC CHSL Tier-1 03.07.2024 (Shift-IV)
(a) किराना (b) दिल्ली (c) जयपुर (d) आगरा

**उत्तर (a)**
• छन्नूलाल मिश्र **किराना** संगीत घराना से सम्बन्धित हैं।
• इन्हें मुख्यत: पूर्वी गायन शैली के लिए जाना जाता है, जिसमें ठुमरी, दादरा, चैती, कजरी से पूर्वी राग प्रस्तुत किए जाते हैं।
• इन्हें पद्म भूषण व संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**279.** 'चांग नृत्य' किस राज्य में लोकप्रिय है?
SSC CHSL Tier-1 03.07.2024 (Shift-IV)
(a) त्रिपुरा (b) राजस्थान (c) बिहार (d) गोवा

**उत्तर (b)**
• 'चांग नृत्य' राजस्थान राज्य का लोकप्रिय नृत्य है।
• राजस्थान के शेखावटी क्षेत्र व बीकानेर जिला इसके प्रमुख क्षेत्र हैं।
• यह पुरुषों का सामूहिक लोकनृत्य है।
• इस नृत्य का आयोजन होली पर्व पर होता है।

**280.** आईटीसी संगीत अनुसन्धान अकादमी (ITC Sangeet Research Academy) कहाँ स्थित है?
SSC CHSL Tier-1 04.07.2024 (Shift-I)
(a) दिल्ली (b) बेंगलुरु (c) कोलकाता (d) इन्दौर

**उत्तर (c)**
• आईटीसी संगीत अनुसन्धान अकादमी, कोलकाता में स्थित है।
• इसका गठन वर्ष 1978 में हुआ था।

**281.** गिद्दा नृत्य निम्नलिखित में से किस राज्य का लोकनृत्य है? SSC CHSL Tier-1 04.07.2024 (Shift-I)
(a) मणिपुर (b) पंजाब
(c) नागालैण्ड (d) ओडिशा

**उत्तर (b)**
• गिद्दा नृत्य का सम्बन्ध पंजाब राज्य से है।
• यह एक महिला प्रधान नृत्य है, जिसे प्राचीन काल में रिंग नृत्य के रूप में जाना जाता था।
• पंजाब के अन्य लोकनृत्यों में भाँगड़ा, डफ, धमान आदि प्रमुख हैं।

**282.** बीटल्स ने किसके आश्रम में शास्त्रीय संगीत से प्रभावित होकर वर्ष 1968 में रॉक संगीत की रचना की थी?
SSC CHSL Tier-1 04.07.2024 (Shift-II)
(a) महर्षि अरबिन्दो आश्रम
(b) ओशो रजनीश आश्रम
(c) महर्षि महेश योगी आश्रम
(d) पण्डित रविशंकर आश्रम

**उत्तर (c)**
• बीटल्स ने **महर्षि महेश योगी आश्रम** में शास्त्रीय संगीत से प्रभावित होकर वर्ष 1968 में रॉक संगीत की रचना की थी।
• द बीटल्स एक अंग्रेजी **रॉक बैण्ड** था, जिसका निर्माण लिवरपूल में किया गया था।
• यह ग्रुप महर्षि महेश योगी आश्रम में व्हाइट एल्बम के मशहूर हिट नेबर 'ओब-ला-दा' और 'बैक इन द यूएसएसआर' ने तैयार किया।

**283.** असम के महान वैष्णव सन्त और सुधारक द्वारा किस शास्त्रीय नृत्य की शुरुआत की गई थी?
SSC CHSL Tier-1 04.07.2024 (Shift-II)
(a) कथक (b) कुचिपुड़ी
(c) ओडिसी (d) सत्रीया

**उत्तर (d)**
• असम के महान वैष्णव सन्त और सुधारक द्वारा सत्रीया शास्त्रीय नृत्य की शुरुआत की गई थी।
• इस नृत्य की उत्पत्ति असम के सत्रों या **वैष्णव मठों** में हुई थी।
• यह नृत्य भारत के नौ शास्त्रीय नृत्यों में से एक है। इस नृत्य को वर्ष 2000 में शास्त्रीय नृत्य का दर्जा प्रदान किया गया है।
• इस नृत्य के संस्थापक **महान सन्त श्रीमन्त शंकरदेव** हैं।

**284.** शास्त्रीय कर्नाटक संगीत में ताल को ............ कहा जाता है।
SSC CHSL Tier-1 04.07.2024 (Shift-II)
(a) अचल (b) पदम (c) गीता (d) लय

**उत्तर (d)**
• शास्त्रीय कर्नाटक संगीत में ताल को **लय** कहा जाता है।
• कर्नाटक संगीत शास्त्रीय संगीत की दक्षिण भारतीय शैली है।
• यह संगीत अधिकांशत: भक्ति संगीत के रूप में होता है, जिसके अन्तर्गत अधिकतर रचनाएँ देवी-देवताओं के सम्बोधन में होती हैं।

**285.** जगोई और चोलोम भारतीय शास्त्रीय नृत्य.........की दो शैलियाँ हैं।
SSC CHSL Tier-1 04.07.2024 (Shift-II)
(a) मणिपुरी (b) कथकली
(c) कथक (d) भरतनाट्यम

**उत्तर (a)**
• जगोई व चोलोम भारतीय शास्त्रीय नृत्य मणिपुरी की दो शैलियाँ हैं।
• जगोई व चोलोम नृत्य में एक शैली सौम्य व दूसरी ओजपूर्ण है, जो संस्कृत साहित्य में वर्णित लास्य व ताण्डव तत्त्वों के अनुरूप है।
• जगोई, **रासलीला** (सौम्य) का प्रतिनिधित्व करती है।
• चोलोम, शास्त्रीय नृत्य का **ताण्डव** रूप है।

**286.** हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के विष्णु नारायण भातखण्डे के अनुसार रागों की उत्पत्ति कितने थाटों से हुई है?
SSC CHSL Tier-1 04.07.2024 (Shift-III)
(a) 20 (b) 72 (c) 10 (d) 52

**उत्तर (c)**
• हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में विष्णु नारायण भातखण्डे के अनुसार, रागों की उत्पत्ति 10 थाटों में हुई है।
• इन्होंने संगीत शिक्षण विधि को सरल बनाने के लिए **थाट पद्धति विकसित** की।
• इन्होंने वर्ष 1926 में राय उमानाथ बली के सहयोग से लखनऊ में तत्कालीन गवर्नर के नाम से **मैरिस म्यूजिक कॉलेज** (वर्तमान में भातखण्डे संगीत संस्थान अभिमत विश्वविद्यालय) की स्थापना की।

**287.** ए. आर. रहमान ने माइकल जैक्सन के साथ निम्नलिखित में से कौन-सा संगीत एल्बम रिकॉर्ड किया था? SSC CHSL Tier-1 04.07.2024 (Shift-III)
(a) एकम् सत्यम् (b) इन्फीनिटी लव
(c) यू आर माई डेस्टिनी (d) द ऑरेकल

**उत्तर (a)**
• ए. आर. रहमान ने माइकल जैक्सन के साथ **एकम् सत्यम्** संगीत एल्बम रिकॉर्ड की थी।
• ए. आर. रहमान भारतीय फिल्मों के प्रसिद्ध संगीतकार हैं, जिन्होंने हिन्दी और तमिल फिल्मों में संगीत दिया है।
• ये ऐसे पहले भारतीय हैं, जिन्हें ब्रिटिश भारतीय फिल्म **स्लम डॉग मिलेनियर** में उनके संगीत के लिए वर्ष 2009 में ऑस्कर पुरस्कार प्राप्त हुआ।
• माइकल जैक्सन एक अमेरिकी गायक और नर्तक थे। इन्हें **किंग ऑफ पॉप** के नाम से जाना जाता था।

**288.** देशभक्ति गीत 'माँ तुझे सलाम' के संगीत की रचना किसने की थी?
SSC CHSL Tier-1 04.07.2024 (Shift-IV)
(a) ए. आर. रहमान
(b) अनु मलिक
(c) हिमेश रेशमिया
(d) शंकर महादेवन

**उत्तर (a)**

- 'माँ तुझे सलाम' (गीत), **ए. आर. रहमान** की वर्ष **1997** की एल्बम वन्दे मातरम् का देशभक्ति गीत है।
- ए. आर. रहमान एकमात्र संगीतकार हैं, जिन्हें बर्कली कॉलेज ऑफ म्यूजिक (अमेरिका) द्वारा संगीत के क्षेत्र में मानद उपाधि से सम्मानित किया गया था।
- इन्होंने अकादमी पुरस्कार (2009), पद्मश्री (2000) और ग्रैमी (2010) पुरस्कार जीते हैं।

**289.** निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य और लोकनृत्य का युग्म सही सुमेलित है?
**SSC CHSL Tier-1 04.07.2024 (Shift-IV)**
(a) पंजाब-भाँगड़ा नृत्य
(b) केरल-घूमर नृत्य
(c) हरियाणा-गरिया या गोरिया नृत्य
(d) गुजरात-बिहू नृत्य

**उत्तर (a)**

- विकल्प (a) राज्य और लोकनृत्य का युग्म सही सुमेलित है।
- भाँगड़ा, पंजाब का एक पारम्परिक लोकनृत्य है।
- घूमर, राजस्थान का एक पारम्परिक लोकनृत्य है।
- गारिया नृत्य पश्चिम बंगाल से सम्बन्धित है।
- बिहू नृत्य असम राज्य का प्रचलित लोकनृत्य है।

**290.** प्रसिद्ध नृत्यांगना संजुक्ता पाणिग्रही का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली से है?
**SSC CHSL Tier-1 05.07.2024 (Shift-I)**
(a) बिहू (b) कुचिपुड़ी (c) ओडिसी (d) लाहो

**उत्तर (c)**

- प्रसिद्ध नृत्यांगना संजुक्ता पाणिग्रही का सम्बन्ध **ओडिसी** नृत्य शैली से है।
- संजुक्ता पाणिग्रही को वर्ष 1975 में पद्मश्री तथा वर्ष 1976 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- ओडिसी नृत्य भारत के शास्त्रीय नृत्यों में से एक है।
- यह नृत्य मुख्यत: राधा और कृष्ण के प्रेम-विषय पर आधारित है।

**291.** निम्नलिखित में से किस राज्य में वर्षा के त्योहारों के दौरान पाई गीत सरिया नृत्य के साथ गाए जाते हैं?
**SSC CHSL Tier-1 05.07.2024 (Shift-I)**
(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) त्रिपुरा (d) सिक्किम

**उत्तर (b)**

- मध्य प्रदेश राज्य में वर्षा के त्योहार के दौरान पाई गीत सरिया नृत्य के साथ गाए जाते हैं।
- पाई गीत और सरिया नृत्य मध्य प्रदेश में स्थानीय समुदायों की पारम्परिक सांस्कृतिक अभिव्यक्तियाँ हैं।

**292.** निम्नलिखित में कौन हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की एक गायिका हैं?
**SSC CHSL Tier-1 05.07.2024 (Shift-I)**
(a) एस. सौम्या (b) सुधा रघुनाथन
(c) अरुणा साईराम (d) शुभा मुद्‌गल

**उत्तर (d)**

- **शुभा मुद्‌गल** हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की एक गायिका हैं।
- ये भारतीय पॉप और तमिल सिनेमा में अपने काम के लिए जानी जाती हैं।
- इन्हें वर्ष 2000 में भारत के चौथ सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया गया।
- 34वें शिकागो अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (1998) में फिल्म **डांस ऑफ द विंड** में उनके संगीत के लिए गोल्ड प्लेक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**293.** रउफ़ निम्नलिखित में से किस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का एक लोकनृत्य है?
**SSC CHSL Tier-1 05.07.2024 (Shift-III)**
(a) जम्मू और कश्मीर (b) लक्षद्वीप
(c) कर्नाटक (d) केरल

**उत्तर (a)**

- **रउफ** जम्मू-कश्मीर (केन्द्रशासित प्रदेश) का एक लोकनृत्य है।
- यह नृत्य रउफ जनजाति द्वारा किया जाता है।
- कश्मीर के लोग इस प्रसिद्ध लोक नृत्य को **डमहल** कहते हैं।

**294.** सामुदायिक परम्परा निम्नलिखित में से किन संगीत धाराओं (music streams) से सम्बन्धित है?
**SSC CHSL Tier-1 05.07.2024 (Shift-III)**
(a) कर्नाटक लोकगीत
(b) हिन्दुस्तानी लोकगीत
(c) कर्नाटक शास्त्रीय संगीत
(d) हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत

**उत्तर (d)**

- सामुदायिक परम्परा **हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत** धाराओं से सम्बन्धित है।
- हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी क्षेत्रों का शास्त्रीय संगीत है।
- भारतीय संगीत को सामान्यत: 3 भागों में बाँटा गया है—शास्त्रीय संगीत, उपशास्त्रीय संगीत और सुगम संगीत।
- इस संगीत का मूल स्रोत सामवेद को माना जाता है।

**295.** तेरहताली नृत्य का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस राज्य से है?
**SSC CHSL Tier-1 05.07.2024 (Shift-III)**
(a) उत्तर प्रदेश (b) केरल
(c) राजस्थान (d) उत्तराखण्ड

**उत्तर (c)**

- तेरहताली नृत्य का सम्बन्ध राजस्थान राज्य से है।
- यह नृत्य राजस्थान में कामड़ जाति द्वारा किया जाता है।
- कामड़ जाति की स्त्रियाँ शरीर पर तेरह मंजीरे बाँधकर इस नृत्य को करती हैं।
- इसमें नर्तकी अपने मुँह में नंगी तलवार या कटार दबाकर नृत्य करती है, जो हिंगलाज माता का प्रतीक है।
- **मांगीबाई** इस नृत्य की प्रसिद्ध नृत्यांगना थीं।

**296.** देशभक्ति गीत 'सन्देशे आते हैं' किसने लिखा है? **SSC CHSL Tier-1 05.07.2024 (Shift-IV)**
(a) गुलजार (b) जावेद अख्तर
(c) समीर अंजन (d) इरशाद कामिल

**उत्तर (b)**

- देशभक्ति गीत 'सन्देशे आते हैं' जावेद अख्तर ने लिखा है।
- यह **बॉर्डर** फिल्म का एक देशभक्ति गीत है।
- इस फिल्म में भारत-पाकिस्तान युद्ध 1971 को दर्शाया गया है।
- इस गीत को रूप कुमार राठौर और सोनू निगम ने गाया है।
- जावेद अख्तर ने वर्ष 1997 फिल्मफेयर पुरस्कार और वर्ष 1998 में स्क्रीन पुरस्कार जीता।

**297.** कौन-सा लोक संगीत, भारतीय और पश्चिम संगीत का मिश्रण है और गोवा में लोकप्रिय है? **SSC CHSL Tier-1 08.07.2024 (Shift-I)**
(a) माण्डो (b) माण्ड
(c) पवाड़ा (d) पाई गीत

**उत्तर (a)**

- माण्डो लोक संगीत भारतीय और पश्चिमी संगीत का मिश्रण है और गोवा में लोकप्रिय है।
- माण्डो एक संगीत शैली है, जो 19वीं और 20वीं शताब्दी के दौरान गोवा के कैथोलिकों के बीच विकसित हुई।
- माण्डो संगीत में प्रयुक्त होने वाले वाद्ययन्त्र हैं—गिटार, वायलिन और घुमोट ड्रम।

**298.** भवई निम्नलिखित में से किस राज्य से सम्बन्धित एक नृत्य शैली है?
**SSC CHSL Tier-1 08.07.2024 (Shift-I)**
(a) बिहार (b) मध्य प्रदेश
(c) ओडिशा (d) राजस्थान

**उत्तर (d)**

- भवई **राजस्थान** की एक लोकनृत्य शैली है।
- यह पश्चिमी राजस्थान में किया जाने वाला एक स्टण्ट नृत्य है। यह नृत्य अपनी चमत्कारिता के लिए प्रसिद्ध है।
- यह नृत्य भवई जाति की स्त्रियों द्वारा किया जाता है।
- पुष्पा व्यास भवई नृत्य की पहली महिला कलाकार थीं, इन्होंने भवई नृत्य को राजस्थान से बाहर प्रसारित किया है।

**299.** भारत में मैरिस कॉलेज ऑफ म्यूजिक की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
**SSC CHSL Tier-1 08.07.2024 (Shift-I)**
(a) वर्ष 1901 (b) वर्ष 1919
(c) वर्ष 1926 (d) वर्ष 1922

**उत्तर (c)**

- भारत में मैरिस कॉलेज ऑफ म्यूजिक की स्थापना वर्ष 1926 में **लखनऊ** में हुई थी।
- मूल रूप से इसे ऑल इण्डिया कॉलेज ऑफ हिन्दुस्तानी म्यूजिक के नाम से जाना जाता था।

**300.** निम्नलिखित में से कौन-सा कर्नाटक संगीत का हिस्सा नहीं है?
**SSC CHSL Tier-1 08.07.2024 (Shift-I)**
(a) पल्लवी (b) चरण
(c) वर्णम (d) ध्रुपद

**उत्तर (d)**

- ध्रुपद कर्नाटक संगीत का हिस्सा नहीं है। ध्रुपद संगीत की उत्पत्ति 'ब्रजभूमि' से हुई थी।

• यह एक पारम्परिक भारतीय शास्त्रीय संगीत शैली है, जो **उत्तर भारत में विकसित** हुई है। यह हिन्दुस्तानी संगीत की सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित शैलियों में से एक है।

**301.** 'पंखिड़ा' गीत ········ के किसानों द्वारा खेतों में काम करते समय गाए जाते हैं।
**SSC CHSL Tier-1 08.07.2024 (Shift-II)**
(a) राजस्थान (b) ओडिशा
(c) उत्तर प्रदेश (d) बिहार

**उत्तर (a)**
• 'पंखिड़ा' गीत राजस्थान के किसानों द्वारा खेतों में काम करते समय गाए जाते हैं।
• किसान इन गीतों को गाते समय अलगोजा और मंजीरा बजाते हैं।
• राजस्थान के अन्य लोकगीतों में काजलियों, कागा, गोरबन्द, कांगसिया, हिचकी, कुराजा, इण्डोनी, लूर आदि प्रमुख हैं।

**302.** ········ एक संगीत रचना है, जो मधुर भक्ति के माध्यम से भक्ति को व्यक्त करती है।
**SSC CHSL Tier-1 08.07.2024 (Shift-II)**
(a) गीता (b) पदम (c) कृति (d) तिलाना

**उत्तर (b)**
• पदम एक संगीत रचना है, जो मधुर संगीत के माध्यम से भक्ति को व्यक्त करती है।
• संगीत रचना संगीत के किसी मूल टुकड़े या कार्य को सन्दर्भित करती है।
• पारम्परिक रूप से भक्ति संगीत हिन्दू संगीत, यहूदी संगीत, बौद्ध संगीत, इस्लामी संगीत और ईसाई संगीत का एक हिस्सा रहा है।

**303.** पण्डित बिरजू महाराज ······· नृत्य से सम्बन्धित थे।
**SSC CHSL Tier-1 08.07.2024 (Shift-II)**
(a) कथक (b) ओडिसी
(c) पण्डवानी (d) भाँगड़ा

**उत्तर (a)**
• पण्डित बिरजू महाराज **कथक** नृत्य से सम्बन्धित थे।
• उनका सम्बन्ध लखनऊ के कालका-बिंदादीन घराने से था।
• इन्होंने कथक के लिए 'कलाश्रम' की स्थापना की थी।
• इन्हें वर्ष 1986 में पद्म विभूषण संगीत नाटक अकादमी और कालिदास सम्मान से सम्मानित किया गया था।

**304.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक तार वाला वाद्ययन्त्र (String instrument) है, जो सामान्यत: गुजरात के लोक संगीत में प्रयोग किया जाता है?
**SSC CHSL Tier-1 08.07.2024 (Shift-III)**
(a) जन्तर (b) तुरी
(c) बुंगल (d) पावा

**उत्तर (a)**
• दिए गए विकल्पों में जन्तर एक तार वाला वाद्ययन्त्र है, जो सामान्यत: गुजरात के लोक संगीत में प्रयोग किया जाता है।
• यह लकड़ी, स्टील और घोड़े के बाल से बना एक वाद्ययन्त्र है, जिसे वीणा का प्रारम्भिक रूप कहा जा सकता है।
• यह वाद्ययन्त्र मेवाड़ में अधिक प्रचलित है।
• राजस्थान के अन्य प्रमुख वाद्ययन्त्र सारंगी, मपंग रावणहत्था, कामायचा, मोरचंग इत्यादि हैं।

**305.** निम्नलिखित में से कौन-सा संगीत कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल राज्यों तक सीमित है? **SSC CHSL Tier-1 08.07.2024 (Shift-III)**
(a) शास्त्रीय (b) क्षेत्रीय
(c) हिन्दुस्तानी (d) कर्नाटक

**उत्तर (d)**
• दिए गए विकल्पों में **कर्नाटक संगीत** कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल राज्यों तक सीमित है।
• कर्नाटक संगीत भारत के शास्त्रीय संगीत की दक्षिण भारतीय शैली का नाम है।
• पुरन्दर दास को संगीत की कर्नाटक शैली का पिता कहा जाता है।
• त्यागराज, मुथुस्वामी दीक्षितार और श्यामा शास्त्री को कर्नाटक शैली की त्रिमूर्ति कहा जाता है।

**306.** 'एकहार्य' किसे कहा जाता है, जहाँ यह नर्तक एक ही प्रदर्शन में कई भूमिकाएँ निभाता है?
**SSC CHSL Tier-1 08.07.2024 (Shift-IV)**
(a) कथक (b) भरतनाट्यम
(c) कुचिपुड़ी (d) कथकली

**उत्तर (b)**
• 'एकहार्य' **भरतनाट्यम** नृत्य की एक कला शैली है, जिसमें एक नर्तक एक ही प्रदर्शन में कई भूमिकाएँ निभाता है।
• भरतनाट्यम नृत्य में सात प्राथमिक खण्ड होते हैं, जो अलारिप्पु, जातिस्वरम्, शबदा, वर्ना पाड़ा, थिलाना और स्लोका में विभाजित होते हैं।
• चिदम्बरम मन्दिर के गोपुरम में भरतनाट्यम मुद्राएँ अंकित हैं।

**307.** शास्त्रीय कर्नाटक संगीत के बारे में कौन-सा कथन सही है? **SSC CHSL Tier-1 08.07.2024 (Shift-IV)**
(a) रचनाएँ या तो तेलुगू, कन्नड़, तमिल या संस्कृत में हैं।
(b) रचनाएँ या तो मराठी, ओडिया, कोंकणी या बंगाली में हैं।
(c) रचनाएँ या तो तेलुगू, मलयालम, हिन्दी या संस्कृत में हैं।
(d) रचनाएँ या तो मलयालम, मराठी, तमिल या बंगाली में हैं।

**उत्तर (a)**
• शास्त्रीय कर्नाटक संगीत से सम्बन्धित कथन (a) सही है। इसकी रचनाएँ या तो तेलुगू, कन्नड़, तमिल या संस्कृत में हैं।
• कर्नाटक संगीत दुनिया का सबसे पुराना और समृद्ध संगीत है, जिसका वर्तमान स्वरूप 15वीं-16वीं शताब्दी में विकसित हुआ।
• कर्नाटक शैली के विषयों में पूजा-अर्चना, मन्दिरों का वर्णन, दार्शनिक चिन्तन, नायक-नायिका का वर्णन आदि शामिल है।

**308.** निम्नलिखित में से कौन, 'कर्नाटक संगीत की त्रिमूर्ति' से सम्बन्धित नहीं हैं?
**SSC CHSL Tier-1 08.07.2024 (Shift-IV)**
(a) त्यागराज (b) मुथुस्वामी दीक्षितार
(c) श्यामा शास्त्री (d) पुरन्दर दास

**उत्तर (d)**
• **पुरन्दर दास** 'कर्नाटक संगीत की त्रिमूर्ति' से सम्बन्धित नहीं हैं।

**309.** निम्नलिखित में से कौन-सा नृत्य वर्ष 2010 से भारत की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की यूनेस्को सूची में सूचीबद्ध है?
**SSC CHSL Tier-1 09.07.2024 (Shift-I)**
(a) घूमर (b) गरबा
(c) कलबेलिया (d) मटकी

**उत्तर (c)**
• **कलबेलिया** नृत्य वर्ष 2010 से भारत की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की यूनेस्को सूची में सूचीबद्ध है।
• भारत में 13 अमूर्त सांस्कृतिक विरासतों को यूनेस्को (UNESCO) ने मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता दी है।

**310.** भारत में आधुनिक नृत्य के जनक के रूप में किसे जाना जाता है?
(a) उदयशंकर (b) अतोम्बापु शर्मा
(c) केलुचरण महापात्र (d) पण्डित बिरजू महाराज

**उत्तर (a)**
• **उदयशंकर** को भारत में आधुनिक नृत्य के जनक के रूप में जाना जाता है।
• इन्होंने नृत्य की, एक नई शैली रचनात्मक-नृत्य विकसित की, जो भारतीय शास्त्रीय नृत्य व पश्चिम बैले का सम्मिश्रण था।

**311.** निम्नलिखित में से किसे हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में समय इकाइयों की चक्रीय व्यवस्था (cyclic arrangement) कहा जाता है?
**SSC CHSL Tier-1 09.07.2024 (Shift-I)**
(a) ताल (b) अलाप (c) राग (d) जति

**उत्तर (a)**
• ताल को हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में समय इकाइयों की **चक्रीय व्यवस्था** कहा जाता है।
• हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत मुख्यत: गायन केन्द्रित है। इसमें शुद्ध स्वर के पूर्ण होने के पश्चात् ही विकृत स्वर प्रारम्भ होते हैं।
• शुद्ध स्वरों का थाट बिलावल है।
• हिन्दुस्तानी संगीत में ध्रुपद, धमार, ख्याल, तराना आदि प्रमुख गायन शैलियाँ हैं।

**312.** निम्नलिखित में से कौन-सी कर्नाटक संगीत की एक शैली है?
**SSC CHSL Tier-1 09.07.2024 (Shift-I)**
(a) ध्रुपद (b) धामर
(c) चतुरंग (d) स्वरजाति

**उत्तर (d)**
• स्वरजाति, कर्नाटक संगीत की एक शैली है।
• इसे गीतम् में पाठ्यक्रम के बाद सीखा जाता है।
• गीतों से अधिक जटिल वर्णमों के अध्ययन के लिए स्वरजाति मार्ग प्रशस्त करता है।
• इसके अन्तर्गत तीन खण्ड सम्मिलित होते हैं
(i) पल्लवी (ii) अनुपल्लवी
(iii) चरनम्
• इसका विषय भक्ति, साहस अथवा प्रेम से सम्बन्धित होता है।